Page 11 | खेल

हिंदी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

देश | Page 10



**दो बार ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधु शादी के बंधन में बंधने को तैयार**

**सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए : फारूक अब्दुल्ला**



मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पूर्वाषाढ़ा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • बुधवार • 04 दिसम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 353 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹77,780 | ₹91,000 |

## आज का इतिहास

- **1829 :** सती प्रथा, विधवाओं की हिंदू अंतिम संस्कार की प्रथा, ब्रिटिश भारत के हिस्से में, मोहन रॉय द्वारा चुनाव प्रचार के वर्षों के बाद निषिद्ध कर दी गई थी।
- **1919 :** भारत के बारहवें प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल का जन्म हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### 15 दिसंबर तक चीनी मिल शुरू होने के आसार

**शिवहर (नि.सं.)।** चार साल से बंद पड़ी शिवहर-सीतामढ़ी सहित उत्तर बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाली रीगा चीनी मिल के दोबारा संचालन होने में अभी पेच बरकरार है। मिल का अधिग्रहण करने के बाद पहली दिसंबर से इसके संचालन की बात कही गई थी, लेकिन कुछ कागजी प्रक्रिया के लंबित रहने, तकनीकी कारण और स्थानीय परेशानियों से जूझ रही निरानी शुगर्स ने अब चीनी मिल संचालन के लिए 15 दिसंबर की तिथि तय की है। इसके पहले दस दिसंबर को मिल में रोलर की पूजा की जाएगी। मिल प्रबंधन द्वारा अब भी मशीनों को दुरुस्त करने की प्रक्रिया जारी है। हालांकि, कोलकाता ट्रिब्यूनल कोर्ट के दो-दो नोटिस के बाद भी मिल के आवासीय भवनों पर कुछ कर्मियों का कब्जा बरकरार है। क्वार्टर नहीं खाली हो इसके लिए इन लोगों द्वारा तरह-तरह के तिकरम अपनाए जा रहे है। पैरवी लगाए जा रहे और मिल अधिकारियों को धमकी भी दे रहे हैं। क्वार्टर खाली करने का दवाब बनाने पर मिल के अधिकारियों को धमकाने की भी बात सामने आई है।

### उत्तर बिहार में तीन बिजली योजनाओं को मिली कैबिनेट की मंजूरी

**पटना (नि.सं.)।** उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए बिहार सरकार ने तीन महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन योजनाओं के तहत 42 नए शक्ति उपकेंद्रों का निर्माण, 74 फीडरों के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण, तथा 295.60 किलोमीटर नई लाइन का निर्माण किया जाएगा। इन योजनाओं को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब उत्तर बिहार में बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

### पटना समेत चार शहरों के सीवरेज नेटवर्क में तेजी लाएं : नितिन

**पटना (नि.सं.)।** नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने पटना समेत चार शहरों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट परियोजनाओं के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही घरों से कनेक्शन के लक्ष्य को भी पूरा करने को कहा है। पटना, हाजीपुर, मुंगेर और बेगूसराय में कुल 2 लाख 52 हजार 626 घरों में कनेक्शन करने के लिए करीब 100 करोड़ से अधिक की लागत आ रही है। नगर विकास मंत्री ने मंगलवार को इन शहरों में एसटीपी परियोजनाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गंगा किनारे बसे शहरों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। इनमें एक नमामि गंगे भी है। इस परियोजना के तहत पटना समेत कई जिलों में सीवरेज नेटवर्क का काम किया जा रहा है। समय-समय पर इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजनाओं के तहत पटना में 1 लाख 96 हजार 726 घरों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ना है, जिनमें 87 हजार 798 घरों में कनेक्शन का काम पूरा हो गया है। मुंगेर में 15 हजार 200 में से 13 हजार 750 घरों को कनेक्शन दे दिया गया है। बेगूसराय में भी 15 हजार घरों में से 13 हजार घरों में कनेक्शन का कार्य पूरा हो चुका है।

नीतीश सरकार ने 33 एजेंडों पर लगायी मुहर

# भूमि सर्वे की संशोधित नियमावली एवं शिक्षकों के नए पदों की मंजूरी

» मत्स्यगंधा और करमचट टूरिस्ट बनेंगे हब » दो पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए करोड़ों का बजट मंजूर

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में 33 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। गृह, विभाग, जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग समेत अन्य कई विभागों से जुड़े मामले को हरी झंडी मिली है। मंडल कारा, अरवल के निर्माण के लिए 38 करोड़ से अधिक की राशि को स्वीकृति दी गयी।

राज्य सरकार ने भूमि सर्वे की संशोधित नियमावली को मंजूरी दे दी है। साथ ही विभिन्न यूनिवर्सिटी एवं कॉलेजों में शिक्षकों के नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा सहरसा में मत्स्यगंधा झील एवं कैमूर के करमचट बांध को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। सुपौल में भारत-नेपाल सीमा पर सड़क निर्माण के लिए 34 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। उत्तर बिहार



में 454 करोड़ रुपये की लागत से नए पावर सब स्टेशन बनाए जाएंगे।

राज्य कैबिनेट की बैठक के बाद जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार बिहार में विभिन्न सेवाओं में नई भर्तियों को भी मंजूरी दी गई है। छपरा, गोपालगंज, भागलपुर समेत अन्य जिलों में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के 72 नए पदों का सृजन किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संविदा पर काम कर रहे कर्मियों के मानदेय के भुगतान के लिए बिहार कैबिनेट ने 139 करोड़ रुपये के खर्च की मंजूरी दी है। इसके अलावा कैमूर के करमचट इको टूरिज्म एंड एडवेंचर हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए 49.73 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। सहरसा में 98.65 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन स्थल मत्स्यगंधा जील को विकसित किया जाएगा। नालंदा जिले में हिलसा-नूरसराय रोड को चौड़ा करने के लिए लगभग 140 करोड़ की मंजूरी कैबिनेट ने दी है। अरवल के निर्माण के लिए 38 करोड़ से अधिक की राशि को स्वीकृति दी गयी। अरवल मंडल कारा के निर्माण के लिए 38 करोड़ 31 लाख 21 हजार की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। वहीं दोन शाखा नहर के पुनस्थापन कार्य के लिए 7640.95 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है।

### सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल बनेगा

बैठक में पटना में सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल खोलने पर मुहर लगी है। शंकर नेत्रालय फाउंडेशन आंख का हॉस्पिटल खोलेगा। कंकड़बाग में 1.60 एकड़ जमीन में यह हॉस्पिटल बनेगा। बिहार सरकार ने 99 साल के लिए लीज पर जमीन दी है। सुपर हॉस्पिटल में 2.5 लाख रुपए से कम आय वाले मरीजों को मुफ्त इलाज मिलेगा। अन्य मरीजों को सब्सिडी दी जाएगी। शंकर हॉस्पिटल कैंप भी लगाएगा।

### 20 जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों से मांगा गया प्रतिवेदन

बिहार सरकार जल्द ही उन गांवों की सूची अधिसूचित करेगी, जहां बिहार विशेष भूमि सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जे प्रियदर्शिनी ने यह जानकारी दी। उन्होंने प्रथम चरण के भूमि सर्वेक्षण वाले 20 जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों से ऐसे गांवों का ब्योरा मांगा है।

शिक्षा विभाग ने आईएएस केके पाठक के आदेश को पलटा

# 2025 का कैलेंडर जारी, 72 दिनों की होगी छुट्टी वेकेशन के दौरान सभी विषयों में मिलेंगे होमवर्क

निज संवाददाता | पटना

शिक्षा विभाग ने 2025 का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर में आईएएस केके पाठक के आदेश को एक बार फिर पलटा गया है। जारी कैलेंडर के अनुसार महापुरुषों की जयंती पर स्कूल बंद रहेंगे।सरकार ने 2025 कैलेंडर में विंटर वेकेशन को भी जगह दी है। 25 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच स्कूल बंद रहेंगे। वहीं समर वेकेशन को लेकर 2 से 21 जून तक स्कूल बंद रहेंगे। रक्षाबंधन पर्व पर भी स्कूल बंद रहेंगे। स्कूल में कुल 72 दिनों की छुट्टी होगी। वहीं ईद की छुट्टी चांद दीदार के बाद होगी। ईद की छुट्टी में परिवर्तन हो सकती है।

स्टूडेंट्स को सभी विषयों में होमवर्क दिए जाएंगे

वहीं स्कूलों में वार्षिक उत्सव, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और गांधी जयंती निश्चित तौर पर मनाई जाएगी। इस दौरान सभी स्टूडेंट्स और टीचर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन के बाद स्कूलों में छुट्टी होगी। कैलेंडर में कहा गया है कि समर वेकेशन, दीपावली से छठ पूजा की छुट्टी और विंटर वेकेशन के दौरान स्टूडेंट्स को सभी विषयों में होमवर्क दिए जाएंगे। शिक्षकों को अनिवार्य रूप से होमवर्क देना होगा। स्कूल खुलने के बाद टीचर का यह दायित्व है कि उनके होमवर्क का मूल्यांकन करें।

### 2025 का कैलेंडर में छुट्टियां

| | | | |
|---|---|---|---|
| गुरु गोविंद सिंह की जयंती- 6 जनवरी | ईद- 31 मार्च | मुहर्रम- 6 जुलाई | सितंबर |
| मकर संक्रांति- 14 जनवरी | रामनवमी- 6 अप्रैल | अंतिम श्रावणी सोमवार- 4 अगस्त | दुर्गा पूजा कलश स्थापना- 22 सितंबर |
| गणतंत्र दिवस- 26 जनवरी | महावीर जयंती- 10 अप्रैल | रक्षाबंधन- 9 अगस्त | दुर्गा पूजा, महात्मा गांधी जयंती- 29 से 2 अक्टूबर |
| बसंत पंचमी- 3 फरवरी | भीमराव अंबेडकर जयंती- 14 अप्रैल | स्वतंत्रता और चेहल्लुम दिवस- 15 अगस्त | धनतेरस, दीपावली, चित्रगुप्त पूजा, भैया दूज और छठ पूजा- 20 से 29 अक्टूबर |
| संत रविदास जयंती- 12 फरवरी | गुड फ्राइडे- 18 अप्रैल | कृष्ण जन्माष्टमी- 16 अगस्त | गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा- 5 नवंबर |
| सब ए बारात- 14 फरवरी | वीर कुंवर सिंह जयंती- 23 अप्रैल | हरि तालिका व्रत 26 अगस्त | ठंड की छुट्टी- 25 से 31 दिसंबर |
| महाशिवरात्रि- 26 फरवरी | मई दिवस- 1 मई | हजरत मोहम्मद साहब जन्मदिवस- 5 सितंबर | |
| होली- 14 से 15 मार्च | जानकी नवमी- 6 मई | अनंत चतुर्दशी- 6 सितंबर | |
| बिहार दिवस- 22 मार्च | बुद्ध पूर्णिमा- 12 मई | जिउतिया- 15 | |
| रमजान का अंतिम जुम्मा- 28 मार्च | गर्मी की छुट्टी- 2 से 21 जून | | |

# बिहार में सात वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन ने पदभार संभाला**

निज संवाददाता | पटना

बिहार में 7 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे 1994 बैच के आइपीएस कुंदन कृष्णन को बिहार पुलिस का एडीजी (मुख्यालय) बनाया गया है। बिहार में 7 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे 1994 बैच के आइपीएस कुंदन कृष्णन को बिहार पुलिस का एडीजी (मुख्यालय) बनाया गया है। इनके साथ ही आतंकवाद निरोधक दस्ता के एडीजी पंकज दराद को एडीजी (विधि व्यवस्था) की नयी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने मंगलवार को सात वरिष्ठ आइपीएस को नयी जिम्मेदारी सौंपी है। नयी व्यवस्था के तहत जितेंद्र सिंह गंगवार को डीजी (मुख्यालय) के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। वे पूर्ण रूप से डीजी (नागरिक सुरक्षा) की जिम्मेदारी संभालेंगे। पंकज दराद के पास एडीजी (स्पेशल विजिलेंस यूनिट) का अतिरिक्त प्रभार बना रहेगा। एडीजी (विधि व्यवस्था) रहे संजय सिंह को एडीजी (प्रशिक्षण) की जिम्मेदारी दी गयी है। बी-सैप के आइजी शालीन को एटीएस का आइजी बनाया गया है। उनको बी-सैप के आइजी की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है।

अपराध अनुसंधान विभाग के डीआइजी विवेक कुमार को पूर्वी क्षेत्र भागलपुर का डीआइजी बनाया गया है। पूर्वीय क्षेत्र भागलपुर के डीआइजी विवेकानंद को डीआइजी एसटीएफ की जिम्मेदारी दी गयी है।

# ऊर्जा सचिव ने की एनबीपीडीसीएल के आरडीएसएस कार्यों की समीक्षा, 15 दिसंबर तक अधूरे कार्य पूर्ण करने का निर्देश

निज संवाददाता | पटना

ऊर्जा सचिव एवं बीएसपीएचसीएल के सीएमडी पंकज कुमार पाल ने नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) के तहत चल रहे रिवाम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में एनबीपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. निलेश देवरे, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और कार्यरत एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक के दौरान श्री पंकज कुमार पाल ने एजेंसियों को निर्देश दिए कि नवंबर महीने में जिन कार्यों को पूरा नहीं किया जा सका, उन्हें 15 दिसंबर 2024 तक हर हाल में पूरा किया जाए। इसके अलावा, उन्होंने सभी परियोजनाओं को जनवरी 2025 तक पूरा करने का कड़ा निर्देश दिया। सीएमडी ने सभी कार्यरत एजेंसियों को अपने मानव संसाधन और आवश्यक अन्य संसाधनों को शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा ताकि परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा किया जा सके। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए फील्ड के सभी अधीक्षण अभियंताओं से जुड़े श्री पंकज कुमार पाल ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिल संबंधित शिकायतों और नए कनेक्शन के लंबित आवेदनों के समाधान हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जाएं। इन कैंपों की तिथि और समय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को सुविधाजनक तरीके से मदद मिल सके। श्री पाल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ता सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सभी कार्य तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।



### किसानों को मिलेगा कृषि कनेक्शन का लाभ

मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत खेतों में पोल लगाने के कार्य को जल्द पूरा करने पर जोर देते हुए श्री पाल ने निर्देश दिया कि यह कार्य खेतों में रोपनी से पहले पूर्ण हो जाए, ताकि किसानों को समय पर कृषि कनेक्शन का लाभ मिल सके।

# देश रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती, सीएम-राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि



निज संवाददाता | पटना

भारत के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती के मौके पर याद किए गए। राजेन्द्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने स्वदेशी कंबल आश्रम की चरखा कात रही महिलाओं के बीच साड़ी देकर उन्हें प्रोत्साहित भी किया।राजेन्द्र चौक से राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजेन्द्र घाट समाधि स्थल पहुंचकर देश रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ सहित अन्य सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।

# देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर आरके सिन्हा ने की मांग, कहा-तीन दिसंबर को मेधा दिवस घोषित करे सरकार

निज संवाददाता | पटना

देश की सबसे बड़ी निजी सुरक्षा एजेंसी एसआईएस समूह के संस्थापक और पूर्व सांसद डॉ. आरके सिन्हा ने तीन दिसंबर को मेधा दिवस मनाने के लिए सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार को देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती तीन दिसंबर को मेधा दिवस घोषित करना चाहिए। क्योंकि राजेन्द्र प्रसाद दुनियां के ऐसे अकेले व्यक्ति थे, जिनके बारे में उनके परीक्षक ने उनकी उत्तर पुस्तिका में लिखा कि परीक्षार्थी परीक्षक से ज्यादा योग्य है। बतादें कि डॉ. आरके सिन्हा मंगलवार को सीवान पहुंचे थे, जहां डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 140 वीं जयंती के मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद निकटवर्ती गांव भरथुई में जनसभा को



संबोधित किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ. आरके सिन्हा ने कहा कि उनकी कोशिश जीरादेई में राजेन्द्र प्रसाद की 108 फीट ऊंची प्रतिमा के निर्माण करने की है, इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। इसके साथ ही पुस्तकालय एवं वचनालय का निर्माण भी किया जायेगा। डॉ. आरके सिन्हा ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। इस समय नई पीढ़ी को उनके जीवन से परिचित कराने की जरूरत है। मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बनाने वाले राजेन्द्र बाबू ही थे। इस अवसर पर डॉ सिन्हा ने राजेन्द्र बाबू से जुड़े कई संस्मरण लोगों को सुनाए। अद्भुत मेधा के अविस्मरणीय व्यक्तित्व और देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पवित्रात्मा आज भी देश से कुछ अपेक्षाएं रखती है। क्योंकि देश की अनेक महान विभूतियों के जन्म दिवस को किसी न किसी विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। जैस- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को अहिंसा दिवस, पंडित नेहरू की जयंती को बाल-दिवस तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाते हैं।

# 686 अग्निवीरों के चौथे बैच का पासिंग आउट परेड

**पटना (नि.सं.)।** बिहार रेजिमेंट के 686 युवा और साहसी अग्निवीरों के चौथे बैच ने अंतिम पासिंग आउट परेड के लिए एक साथ मार्च किया। पटना के दानापुर स्थित बिहार रेजीमेंट केंद्र में अग्निपथ योजना के तहत बिहार रेजिमेंट के 686 युवा और साहसी अग्निवीरों के चौथे बैच ने अंतिम पासिंग आउट परेड के लिए एक साथ मार्च किया। हरे रंग की वर्दी, उस पर लाल, हरे और पीले रंग से की टोपी पहने अग्निवीरों का उत्साह देखते बन रहा था। वो हाका द्वार से कदम से कदम मिलाते परेड मैदान पहुंचे तो सभी की निगाहे उनकी ओर चली गईं। भारतीय सेना के इन बहादुर और भावी सैनिकों ने 31 सप्ताह का कठोर सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस बैच ने तिरंगे के सामने गीता, कुरान, गुरु ग्रंथ साहिब और बाइबिल के पवित्र ग्रंथों पर हाथ रखकर हर कीमत पर राष्ट्र की रक्षा करने की शपथ ली।

# बिहार में उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

निज संवाददाता | पटना

बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से उद्योग विभाग के सचिव की अध्यक्षता में राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 2 करोड़ रुपये से अधिक और 2 करोड़ रुपये तक के पूंजी निवेश वाले विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में 2 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी निवेश वाले स्टेज-1 के कुल 8 प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की गई। इन प्रस्तावों में संभावित पूंजी निवेश की कुल राशि 193.01 करोड़ रुपये है। इन प्रस्तावों को आगे की प्रक्रिया के लिए राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही 138.85 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से संबंधित 5 इकाइयों को वित्तीय स्वीकृति देने के लिए अनुशंसा की गई।



इसके अलावा, 2 करोड़ रुपये तक की पूंजी निवेश वाली इकाइयों के लिए 1.69 करोड़ रुपये का एक प्रस्ताव भी मंजूर किया गया। यह प्रस्ताव सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है, जिससे राज्य के छोटे और मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

बैठक में जिन प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई, उनमें मेसर्स लीप एग्री लॉजिस्टिक्स (मधुबनी) प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स संजीव वूलेन मिल्स (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स महुआ कोऑपरेटिव कोल्ड स्टोरेज लिमिटेड, मेसर्स ऐशरा टेक्नो फैब इंजीनियर्स, मेसर्स नेचुरल्स डेयरी प्राइवेट लिमिटेड-इथेनॉल डिवीजन, और मेसर्स हाई स्पिरिट कमर्शियल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (मुजफ्फरपुर यूनिट) शामिल हैं। इन कंपनियों के प्रस्तावों को राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और रोजगार सृजन के लिए अहम माना गया है।

बैठक में उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी, उद्योग निदेशक आलोक रंजन घोष, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पदाधिकारी, अग्निशमन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम संसाधन विभाग और ऊर्जा विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# पटना सहित 24 शहरों के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी

**पटना(नि.सं.)।** पटना सहित 24 शहरों के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री डेहरी का रहा, जबकि मंगलवार को किशनगंज में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री रहा। रोहतास के डेहरी में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री की कमी आई है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले दो दिनों में सूबे के विभिन्न जिलों के तापमान में दो डिग्री की कमी आएगी। हालांकि तापमान के सामान्य से ऊपर बने रहने के आसार हैं। साथ ही सूबे में सुबह में आंशिक से मध्यम कोहरे की स्थिति रहेगी।

बिहार में आधार कार्ड बनाने में बड़ा फर्जीवाड़ा

# राज्यभर के 2215 आधार ऑपरेटरों पर आठ करोड़ रुपये लगाया गया जुर्माना

- जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक सप्ताह में सरकारी खाता में राशि जमा करवाने का निर्देश
- 23 आधार ऑपरेटर जिले में, 18 को फिर से ट्रेनिंग देने का निर्देश

निज संवाददाता | भागलपुर

जिले के स्कूलों में आधार बनाने वाले 23 ऑपरेटरों पर आधार अधिनियम से छेड़छाड़ करने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इन ऑपरेटरों से हुई 1643 गलतियों के मामले को लेकर इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय यूआईडीएआइ क्षेत्रीय कलियर रांची के उपनिदेशक द्वारा 17 लाख 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसको लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेंद्र सिंह ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र जारी किया है। राज्यभर में 2215 ऑपरेटरों पर आठ करोड़ का जुर्माना लगा है। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक सप्ताह के भीतर सभी ऑपरेटर से राशि वसूलने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ उस राशि को जिला कार्यालय के खाते में जमा करने का निर्देश दिया गया है। क्षेत्रीय कार्यालय रांची के द्वारा जो कार्रवाई की गई है, वह जुलाई से अगस्त की डिफिशिएंसी रिपोर्ट के आधार पर की गई है। सूत्रों के मुताबिक, सितंबर से अक्टूबर तक के भी मामले को लेकर कार्रवाई अभी होनी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि इस मामले में आधार के नोडल अधिकारी से भी पूछताछ की जाएगी, क्योंकि जो जानकारी मिली है उनके द्वारा अब तक आधार मामले को लेकर ऑपरेटर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। न ही विभाग को पूरी रिपोर्ट दी गई है।

आपको बता दें कि पूर्व में ही जिले के स्कूलों में चल रहे 31 आधार केंद्र में 24 बंद हैं। जिनमें पांच ब्लैकलिस्टेड और 19 इन एक्टिव मोड में है। जिले के तीन आपरेटर यूआईडीएआइ के रडार पर जिले के तीन ऑपरेटर यूआईडीएआइ के रडार पर हैं। इन पर आने वाले समय में बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

### एक साल के लिए पांच ऑपरेटर ब्लैकलिस्टेड

इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय यूआईडीएआइ के रीजनल कार्यालय रांची के उपनिदेशक द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिले के आपरेटर प्रदीप कुमार, तारीख अनवर, रवि झा, मुकेश कुमार मंडल और विक्की कुमार को एक साल के लिए ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। साथ ही साथ इसे हटाने का भी निर्देश दिया है, जबकि 18 आपरेटरों को फिर से ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया गया है।

# हेमंत सोरेन कैबिनेट का विस्तार 5 दिसंबर को, राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह

निज संवाददाता | रांची



रांची-झारखंड की हेमंत सोरेन कैबिनेट का विस्तार 5 दिसंबर को होगा। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन दोपहर 12:30 बजे से किया गया है। 28 नवंबर को हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके लिए रांची के मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल समेत कई राष्ट्रीय नेता इसके गवाह बने थे। हेमंत सोरेन के 14वें सीएम के रूप में शपथ लेने के बाद सबकी निगाहें कैबिनेट विस्तार पर टिकी थीं। मंत्रिमंडल विस्तार की तारीख को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था। तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। अब तारीख तय हो गयी है। राजभवन के बिरसा मंडप में पांच दिसंबर को हेमंत सोरेन कैबिनेट का विस्तार होगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### लोजपा रा. के राष्ट्रीय सचिव पहुंचे जेठियन, सुनी समस्याएं

**गया।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह अतरी विधानसभा क्षेत्र के जेठियन गांव पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के जल्द निष्पादन का आश्वासन भी दिया। बता दें कि लोजपा नेता सर्वप्रथम ग्राम खड़ाऊआ निवासी चंद्रशेखर शर्मा के आवास पर पहुंचे, और उनका हौसला मजबूत करने का काम किया। बीते दिन चंद्रशेखर शर्मा के पुत्र का निधन फतेहपुर सिकरी में हो गया था। उसके बाद वे विभिन्न गांवों में स्थानीय लोगों से मिले। अतरी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को देखा और उसके निराकरण कैसे हो इस पर मंथन किया। उन्होंने राजगीर से कमालपुर अतरी पुनार होते हुए मानपुर फोरलेन के निर्माण को लेकर केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के पास ध्यान आकृष्ट कराने की बात कहीं। उन्होंने जल्द से जल्द सारी समस्याओं को दूर करने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, भाजपा नेता शंकर सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह आदि मौजूद थे।

### टिकट चेकिंग अभियान में नौ लाख का वसूला गया जुर्माना



**गया।** मुख्यालय के निर्देशानुसार डीडीयू मंडल में सोमवार को मेगा ड्राइव के तहत सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में 16 सौ यात्रियों से करीब नौ लाख रुपए जुर्माना वसूल किया गया। मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक का निर्णय लिया गया। इसमें मंडल के समस्त स्क्वाड-स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जाँच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह अभियान बक्सर-डीडीयू खंड, वाराणसी-डीडीयू, सासाराम-डीडीयू, आरा-सासाराम खंड, गढ़वा रोड-डेहरी ऑन सोन, किउल-गया, गोमो -गया एवं पटना-गया खंड से आने एवं जाने वाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जाँच किया गया। जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/ अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गये व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी।

### सीआरपीएफ ने मनाया 56वां स्थापना दिवस

**गया।** जेल परिसर स्थित 47 बटालियन सीआरपीएफ का 56 वां स्थापना दिवस समारोह मुख्यालय में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इसके पूर्व 47 सीआरपीएफ बटालियन के कमांडेंट जियाऊ सिंह ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन कमांडेंट जियाऊ सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी मनोज सांगा, द्वितीय कमान अधिकारी आरयू शर्मा, डिप्टी कमांडेंट कबीर सरीन, सहायक कमांडेंट अमरेश कुमार, सहायक कमांडेंट सुनील जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया।



इस अवसर पर कमांडेंट जियाऊ सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और जवानों को बधाई देते हुए कहा कि वीर शहीदों की शहादत हमारे लिये प्रेणाश्रोत है, जो हमें हौसला एवं हिम्मत देती है। हमारा बल विश्व का सबसे बड़ा अर्द्ध सैनिक बल है और यह महान बल न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा के प्रति सजग एवं सचेत है बल्कि सामाजिक सरोकार एवं मानवता के प्रति भी उतना ही प्रतिबद्ध है। इस दौरान सीआरपीएफ जवानों व स्थानीय स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत और संगीत के जरिए दर्शकों का मनमोह लिया।केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अति नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों के दांत खट्टे कर दिए और उनके मांद में जाकर दबोचा। इसी का परिणाम है कि आज इलाके से नक्सलियों के कदम उखड़ गए हैं। इस दौरान कमांडेंट द्वारा सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। साथ ही टेबुल टेनिस, रस्सा कस्सी सहित कई खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### नक्सल क्षेत्र डुमरिया में चुनाव आज

**डुमरिया।** जिला के अति नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड क्षेत्र में पैक्स चुनाव के दौरान मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच वोट डाले जाएंगे। एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि पैक्स चुनाव में अर्द्ध सैनिक बलों, एसएसबी, सीआरपीएफ एवं बिहार पुलिस को जंगल से लेकर सड़क तक सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। बताया कि सभी बूथों पर पुलिस बल की टुकड़ी तैनात रहेगी। दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विगत तीन दिनों से सड़क किनारे पुल-पुलिया व जंगली रुट की माईस डिटेक्टर मशीन व डॉग स्क्वायड दस्ता द्वारा जांच की जा रही है। जानकारी हो कि डुमरिया प्रखंड क्षेत्र में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 13 लोगों ने नामांकन किया है। इसमें 12 पुरुष एवं एक महिला शामिल हैं। वहीं सदस्य पद के लिए 43 लोगों ने नामांकन किया है।

### गया होंडा में लक्की ड्रॉ, विजेता को मिला उपहार

**गया।** गया होंडा के गया व खिजरसराय शोरूम में त्योहारों पर चल रहे लक्की कूपन का ड्रा हुआ। इस ड्रा में विजेता ग्राहकों को शोरूम द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शोरूम के प्रोपराइटर ने बताया कि खिजरसराय शोरूम में हुए ड्रा में स्टीम आयरन मीनू कुमारी, अभिषेक कुमार व श्रवण कुमार को मिला। वहीं एलजी रेफ्रीजरेटर एमडी वजीर और 42 इंच का एलईडी टीवी रश्मि दीपक को निकला। इधर गया शोरूम में हुए ड्रा में स्टीम आयरन मुकेश कुमार, मिक्सर ग्राइंडर ममता कुमारी, वाशिंग मशीन मयूर कुमार को निकला है।

### 20 जिले हैं एड्स प्रभावित, उसमें गया भी शामिल

**गया।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, गया कॉलेज, गया की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता और क्विज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रत्येक वर्ष एड्स के प्रति समाज में जागरूकता लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक दिसम्बर को एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का विषय :टेक द राइट पाथः माय हेल्थ- माय राइट्स पर आधारित था। बताया कि बिहार के 38 जिलों में से 20 जिले सर्वाधिक एड्स प्रभावित हैं, जिसमें गया जिला भी शामिल है। कहा कि एड्स से बचाव के उपाय और एड्स फैलने के कारणों पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। एड्स रोगी के प्रति समाज में फैली हुई कुरीतियों को भी दूर करने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। एड्स जागरूकता पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन यूनिट 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रवि के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों में मो. इश्तियाक आलम, सौरव कुमार, आर्यन कुमार, विनायक कुमार, कुंदन कुमार, राहुल कुमार, हर्ष कुमार, सत्यम मौर्य, स्मृति कुमारी, आरुही कुमारी, पल्लवी कुमारी, रेवी कुमारी, मधु कुमारी, आशुतोष कुमार ,आकाश कुमार, रोहित रंजन, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. सतीश कुमार चंद्र के दिशा-निर्देश पर यह कार्यक्रम हुआ।

# बाल विवाह और महिला हिंसा के खिलाफ जनजागरूकता रैली

**समस्याओं के समाधान के साथ दुष्प्रभावों के बारे में बताया, दहेज उत्पीड़न-छेड़छाड़ जैसे मुद्दों पर भी चर्चा**

निज संवाददाता। गया




गया में बाल विवाह और महिला हिंसा उन्मूलन के मद्देनजर जिले में विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। महिला, बाल विकास निगम और समाज कल्याण विभाग के निर्देश पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत और आंगनबाड़ी केंद्र तक वन स्टॉप सेंटर और विभिन्न एनजीओ मिलकर इसे सफल बनाने में जुटे हैं। इस अभियान का उद्देश्य गया जिले को बाल विवाह और महिला हिंसा मुक्त बनाना है। दावा किया जा रहा है कि यह देश के लिए एक आदर्श स्थापित करेगा। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक आरती कुमारी ने बताया कि जिला समाहरणालय स्थित केंद्र में रोजाना 50-100 लोग काउंसिलिंग के लिए आते हैं। इनकी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ उन्हें बाल विवाह और महिला हिंसा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

**सकारात्मक बदलाव की उम्मीदः** आरती ने बताया कि मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर की तरफ से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। नारों और संदेश के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आरती कुमारी, केस वर्कर अर्चना सिन्हा, जीएनएम रीता कुमारी और समाहरणालय के कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल समाज को जागरूक कर रहा है, बल्कि लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति भी संवेदनशील बना रहा है। ऐसे प्रयासों से गया जिले में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है।

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

निज संवाददाता। नालंदा



**बेटे के सामने ही तोड़ा दम, दवा लेकर लौट रहे थे, घात लगाए बदमाशों ने की फायरिंग**

नालंदा के अस्थावां इलाके के संदा पुल के पास सोमवार की देर शाम एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के धरहरा गांव के रहने वाले 60 साल के इंदल पासवान के रूप में हुई है। पहले से घात लगाकर बैठे बदमाशों ने जिस वक्त वारदात को अंजाम दिया, बुजुर्ग के साथ उनका बेटा भी था। दोनों मार्केट से दवा लेकर घर लौट रहे थे। मामले की जानकारी के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक के बेटे रंजीत पासवान ने बताया कि वे अपने पिता के साथ बिहारशरीफ से दवा लेकर गांव लौट रहे थे। इसी बीच पूर्व से घात लगाए दो बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और उनके पिता को गोली मार दी। शोर मचाने पर बदमाश फायरिंग करते हुए फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल इंदल पासवान को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**तीन दिन पहले जमीन विवाद में कुछ लोगों से हुई थी कहासुनीः** रंजीत पासवान ने आरोप लगाया है कि तीन दिन पहले गांव में जमीन के विवाद को लेकर कुछ लोगों से उनकी कहासुनी हुई थी। इस मामले में उन्होंने अस्थावां थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। उनका मानना है कि इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने उनके पिता की हत्या कर दी। उसने एक आरोपी को पहचान भी लिया है।

**हत्या की वारदात को लेकर पुलिस ने क्या कहा?ः** अस्थावां थानाध्यक्ष लालमुनि ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना मिली है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

# रांची-वाराणसी वंदे भारत का गुरुवार को भी होगा परिचालन

निज संवाददाता। गया



**ईस्ट सेंट्रल रेलवे जोन ने बनाया नया शेड्यूल, मांग और व्यस्तता को लेकर बदलाव**

गया जंक्शन से होकर गुजरने वाली 20887/20888 रांची-वाराणसी-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का नया शेड्यूल ईस्ट सेंट्रल रेलवे हाजीपुर जोन ने जारी किया है। इस संबंध में सीपीटीएम ने अधिसूचना जारी कर जीएम, एजीएम और डीडीयू और धनबाद रेल मंडल के प्रबंधकों को भी जानकारी दी है। रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस में बड़ा बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन हर गुरुवार को भी चलेगी, लेकिन सप्ताह में एक दिन मंगलवार को इसका परिचालन बंद रहेगा। पहले यह ट्रेन गुरुवार को नहीं चलती थी। लेकिन अब यात्री गुरुवार को भी इस तेज रफ्तार ट्रेन का लाभ उठा सकेंगे।

**मांग और व्यस्तता को ध्यान में रखते किया गया नया शेड्यूलः** ट्रेन रांची से वाराणसी जाने के दौरान सुबह 9:47 बजे गया जंक्शन पहुंचती है, जबकि वाराणसी से रांची लौटते समय शाम 6:45 बजे गया जंक्शन पर ठहरती है। रेलवे के इस फैसले से यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। खासकर उन लोगों को जो गुरुवार को यात्रा करने की योजना बनाते थे। वंदे भारत का यह नया शेड्यूल यात्रियों की मांग और व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसके अलावा रेलवे ने अपनी व्यवस्थाओं और बिजनेस को केंद्र में रखते हुए काफी अध्ययन के बाद गुरुवार के बजाए मंगलवार को सम्बन्धित ट्रेन के परिचालन बंद रखने का फैसला लिया है। 'गलवार को परिचालन बंद रहने से ट्रेन के रखरखाव और अन्य तकनीकी कार्यों के लिए समय मिलेगा।

# महंगी हुईं सब्जियां, कीमत 30 रुपए के पार नई उपज आने तक देने होंगे अधिक रुपए

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा सब्जी उत्पादन में अव्वल है। खासकर बिहारशरीफ। बावजूद, इन दिनों सब्जियों की कीमत आसमान पर है। कद्दू को छोड़ दें तो अन्य कोई भी सब्जियां खरीदारों के थैले में 40 रुपए किलो से कम में नहीं है। मांग अधिक और उपज के पेच में खरीदारों को 'महंगाई' का झटका लग रहा है। परेशानी यह भी कि नई फसल आने में अभी देरी है। ऐसे में सस्ती सब्जियों के लिए आखिरी दिसंबर या फिर नए साल जनवरी तक इंतजार करना होगा। सब्जी के खुदरा बाजार का हाल यह कि भिण्डी 60 रुपए है तो बैगन (गोल) 40 रुपए किलो। टमाटर 60 से 65 रुपए किलो बाजार में मिल रहा है। करैला 50 रुपए तो कद्दू 30 रुपए किलो है। इन दिनों सबसे अधिक फूलगोभी की मांग है। बाजार में प्रति पीस 20 से 30 रुपए बिक रही है। परवल, बोरा, परोर व सीम की कीमत खुदरा बाजार में 60 रुपए किलो है।



**कीमत में गिरावट की अभी उम्मीद नहींः** सरदार बिगहा के किसान धनंजय कुमार, सोहसराय के राकेश कुमार, टिकुलीपर के मुकेश कुमार कहते हैं कि सब्जी की पुरानी फसल खत्म हो चुकी है। नई फसल तैयार है। लेकिन, अभी थोड़ा बहुत कद्दू, बैगन, बंधागोभी और फूलगोभी की ही उपज मिल रही है। मौसम अनुकूल रहा तो 15 दिनों के बाद हरी सब्जियों की नई उपज मिलने लगेगी। तबतक, खरीदारों को महंगी सब्जियों से ही काम चलाना पड़ेगा। सब्जी विक्रेता धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि लोकल सब्जियां उपलब्ध नहीं जिसके कारण सब्जियां महंगी है। हजारीबाग, बनारस समेत बिहार के अलग-अलग जिले से सब्जियां यहां आ रही है। यही कारण है कि सब्जियों की कीमत में इजाफा देखा जा रहा है।

**♦ लोकल सब्जियों का मार्केट में अभाव**

**नया आलू में दिख रही नरमीः** छठ महापर्व के दौरान 70 से 80 रुपए किलो बिकने वाले नए आलू की कीमत में अब धीरे-धीरे नरमी आ रही है। बाजार में 40 रुपए किलो मिल रहा है। हालांकि, अब भी कम आय वाले खरीदारों की पहुंच से दूर है। यही कारण है कि बाजार में अब भी पुराने आलू की मांग बरकरार है। 26 से 28 रुपए किलो दुकानों में पुराना आलू बिक रहा है।

**सब्जियों की कीमत (प्रति किलो)ः** सब्जी खुदरा भाव करैला 50 रुपए, भिण्डी 60 रुपए, बैंगन गोल 40 रुपए, बैंगन लम्बा 50 रुपए, परोर 60 रुपए, सीम 60 रुपए, फूलगोभी 20 से 30 रुपए पीस, बोरा 60 रुपए, कद्दू 30 रुपए, परवल 60 रुपए, टमाटर 60 से 65 रुपए, मूली 10 रुपए का दो।

## एलडी डॉन बॉस्को स्कूल के नए प्राचार्य बने सैम्ज एसएस

**भागलपुर।** एलडी डॉन बॉस्को स्कूल भागलपुर में सोमवार को सैम्ज एसएस ने प्राचार्य के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। वहीं डोनाल्ड मरविन नश्कर ने उप-प्राचार्य के रूप में योगदान दिया। सैम्ज एसएस को आईसीएससी के प्रतिष्ठित विद्यालय में पढ़ाने का 33 वर्षों का अनुभव है। शिक्षा के अतिरिक्त वह एक अनुभवी प्रशासक भी रहे हैं। जबकि डोनाल्ड मरविन को आईसीएससी विद्यालय में पढ़ाने का 28 वर्षों का अनुभव है। भोला प्रसाद एजुकेशनल एवं चैरिटेबल सोसाइटी के सचिव विवेकानन्द सिंह ने इस अवसर पर प्राचार्य को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। निदेशक रेशमा सिंह ने उप-प्राचार्य डोनाल्ड का स्वागत किया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल-67-24, दिनांक 02.12.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** (क) आसनसोल मंडल -बीआरआर, एसटीएन, एमएमयू, केएमएमई के प्लेटफॉर्म में पाइपलाइनों, सहायक कार्य सहित आरसीसी ओएच टैंकों के साथ क्षतिग्रस्त टैंकों की बदली आदि। (ख) आसनसोल मंडल - आसनसोल मंडल के तहत एएसएन, पीएएन, पीएडब्ल्यू, केपीके, डीजीआर, टीओपी के प्लेटफॉर्म में पाइपलाइनों, सहायक कार्य सहित आरसीसी ओएच टैंकों के साथ क्षतिग्रस्त टैंकों की बदली आदि। **निविदा मूल्य :** रु.1,26,96,637.95, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 2,13,500/-, **कार्य के लिए समापन अवधि** : 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय** : दिनांक 27.12.2024 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-253/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# याद किये गये देशरत्न राजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र टावर की सौंदर्यीकरण की मांग

**गया :** श्री चित्रगुप्त परिवार समिति, गेवाल बिगहा द्वारा देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की 141 वी जयंती मनायी गयी। स्थानीय टॉवर चौक स्थित देशरत्न की मूर्त्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। समिति के सचिव जुगेश कुमार सिन्हा ने देशरत्न की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष थे और उन्हें मुँहजबानी संविधान याद था। सादा जीवन गुजारने वाले विलक्षण प्रतिभा के धनी राजेंद्र बाबू निर्विवाद राष्ट्रपति रहे। उनके वीक्षक ने उनके कॉपी पर लिखा था- परीक्षार्थी जाँचकर्त्ता से ज्यादा जानकार हैं। समिति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता भूतपूर्व वार्ड पार्षद शशि किशोर उर्फ शिशु ने कहा कि राजेंद्र टॉवर गया का धरोहर है।



लोग इस पर "बैनर" लगा देते हैं, जिससे यह जगह-जगह टूट रहा है। रेवती रमन सिन्हा ने इसके वास्तविक स्वरूप को बरकरार रखते हुए इसके सौंदर्यीकरण की मांग की। इस अवसर पर गोपाल प्रसाद, शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के संरक्षक सोनी वर्मा, विकाश कुमार, विक्की सिन्हा, रेवती रमन सिन्हा, संजीव सिन्हा, मुरली मनोहर सिन्हा, सुजीत सिन्हा, पूर्व वार्ड पार्षद लालजी प्रसाद इत्यादि मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 02.12.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **निविदा सं.: टीएन-192-24-25, कार्य का नामः** एईएन/रानाघाट के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/वर्क्स/रानाघाट के अंतर्गत गेदे में आरपीएफ बैरक (20 शय्या) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.91,00,028.67, **बयाना राशि :** रु. 1,82,000/- **कार्य की समापन अवधिः** 08 (आठ) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 27.12.2024 को 15.00 बजे। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 27.12.2024 को 15.30 बजे है।
SDAH-258/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# नालंदा जिला सीनियर क्रिकेट लीग गेटवे-राजपुताना क्लब की जीत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिला सीनियर क्रिकेट लीग के इस सत्र में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां गेटवे क्लब और राजपूताना क्रिकेट क्लब ने अपने-अपने मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। बिहार शरीफ के खेल मैदान पर खेले गए पहले मैच में गेटवे क्लब ने परशुराय क्लब को 37 रनों से परास्त किया। गेटवे क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.5 ओवर में 201 रन बनाए, जिसमें आरव रॉय ने 58 रनों की बादशाहत की। मोहित (35 रन) और अरुणेश (31 रन नाबाद) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। परशुराय क्लब के लिए सूरज (43 रन) और प्रिंस (32 रन) ने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन गेटवे के गेंदबाजों ने उनके प्रयासों पर पानी फेर दिया। हितिक यादव ने 5 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**राजपूताना क्लब का दबदबाः** एकंगरसराय खेल मैदान पर खेले गए दूसरे मैच में राजपूताना क्रिकेट क्लब ने नालंदा जूनियर क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराया। नालंदा जूनियर क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 107 रन ही बना सका, जिसमें दिव्यांश ने 43 रनों का योगदान दिया। राजपूताना क्रिकेट क्लब के कुश कुमार ने नाबाद 60 रन बनाए और अमन आदित्य ने 32 रन नाबाद जोड़े, जिससे उन्होंने मात्र 12 ओवर में मैच जीत लिया। दोनों मैचों में मनीष राज, क्षितिज, दीपक कुमार और परवेज मुस्तफा जैसे अनुभवी अंपायरों ने मैच का संचालन किया। इन मुकाबलों ने नालंदा जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं को एक बार फिर से सम्मान और प्रशंसा का केंद्र बनाया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **ई-निविदा सं.:** C-710-MHDA-I-GCT, **(1) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** महदेइया-I (MHDA) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास **(2) महदेइया-स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागतः** रू० 32,04,66,959/- **(3) ब्याने की राशिः** रू० 3,20,46,700/- **(4) निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समयः** ई-निविदा बंद होने की तारीख 23.12.2024 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 23.12.2024 को 15:30 बजे से। **(5) वेबसाइट का विवरणः** http://www.ireps.gov.in. ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
पीआर/01634/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24-25/32

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: मेडएलपीएएसएन24, दिनांकः 02.12.2024,** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक , पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: मेडएलपीएएसएन24 के प्रतिपक्ष खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा का शीर्षकः** 02 वर्ष की अवधि के लिए मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल की दैनंदिन स्थानीय खरीद के तहत दवाइयों, सर्जिकल, लैब आइटमों और कंज्यूमेबल की आपूर्ति हेतु रेट कॉन्ट्रैक्ट। **बोली का प्रकारः** आम निविदा। **निविदा का प्रकार :** खुली-देशी। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट । **अनुबंध का प्रकार :** गुड्स। **जाँच एजेंसी :** कंसाइनी। **बोली यहाँ की जाएगी :** आईआरईपीएस-**www.ireps.gov.in**; **अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 16.12.2024 को 11.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा कागजात का मूल्य (आईएनआर):** रु. 0.00, **बयाना राशिः** रु. 2,40,000/-, **बोली के लिए रैंकिंग क्रमः** न्यूनतम से उच्चतम। विवरण वेबसाइट **www.ireps. gov.in** पर उपबल्ध है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।
MED-11/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### सोनाली चंद्र की सफलता बनी युवा पीढ़ी की प्रेरणा

**डेहरी ऑन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)**। शहर के बारह पत्थर मुहल्ला की रहने वाली होनहार बेटी सलोनी चंद्र ने बीपीएससी की 69 वीं की परीक्षा में सफलता हासिल कर लेबर इंफोर्समेंट ऑफिसर के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने इस परीक्षा में 240 वीं रैंक प्राप्त की जो उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में उनके सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी ज्योति कुमारी समाजसेवी पंकज कुमार बिहार विधानसभा सभापति प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी रंजीत गुप्ता जयप्रकाश असलम कुरैशी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह में सोनाली चंद्र को बुके और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने सलोनी की इस सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी ज्योति कुमारी ने कहा सोनाली चंद्र ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है समाजसेवी पंकज कुमार ने इसे पूरे मोहल्ले के लिए गर्व का क्षण बताया। इस अवसर पर मोहल्ले के लोगों में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा और सभी ने सलोनी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### चेयरमैन प्रतिनिधि ने छठ घाट का आधार शिला रखा

**डेहरी आन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)**। वार्ड नंबर एक मे चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डु चंद्रवंशी ने आधारशिला रखा। मौके पर वार्ड पार्षद रीना देवी, पार्षद प्रतिनिधि बिजय यादव, वार्ड नंबर चार के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पप्पू गुप्ता वार्ड नंबर दो के वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता, समेत ग्रामीण रामप्रवेश सिंह, कृष्ण सिंह, भुनेश्वर सिंह, कन्हैया सिंह, राधा यादव, अभिषेक सिंह, संजय यादव, वीरेंद्र यादव, लालचंद भुइया, कमलेश यादव, सुखिया देवी, फुलमतिया देवी, सांझरो देवी, लोग मौजूद थे। वही दुसरी तरफ वार्ड नंबर एक के पार्षद प्रतिनिधि ने चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डु चंद्रवंशी को शॉल से सम्मानित किया गया।

### पैक्स चुनावः नई उम्मीदें, पुराने दिग्गजों का दबदबा

**दिनारा (रोहतास) (नि. सं.)**। प्रखंड में पैक्स चुनाव का नजारा इस बार किसी उत्सव से कम नहीं था। मतगणना केंद्र के बाहर रातभर का माहौल गुलजार रहा। गेट पर समर्थकों का जमावड़ा, अबीर-गुलाल की होड़, और फूटपाथी दुकानदारों की चांदी—सभी ने इस चुनावी रंग को और खास बना दिया। इस बार के चुनाव में कुछ नई उम्मीदें तो कुछ पुराने दिग्गजों ने अपना जलवा कायम रखा। बलियां पंचायत में भागीरथी चौबे और भानपुर पंचायत से हृदयानंद सिंह ने अपनी सीटें फिर से जीतकर अपनी लोकप्रियता पर मुहर लगाई।भड़सरा पंचायत से बिनोद कुमार गुप्ता, भूई पंचायत से मनोज कुमार सिंह, बिसीकला पंचायत से दिनानाथ ठाकुर, हरिवंशपुर पंचायत से मालती देवी। वहीं, चिल्हरुआं पंचायत से शिवशंकर सिंह और सैंसड़ से उमाशंकर साह की जीत चर्चा का विषय रही। इनके साथ महरोढ़ से धनजी सिंह और मेदनीपुर से राकेश कुमार सिंह ने भी अपने समर्थकों का भरोसा बनाए रखा। नगर पंचायत दिनारा और तेनुअज पंचायत में निर्विरोध निर्वाचन ने एक अलग संदेश दिया। यह न केवल आपसी समझ और सामंजस्य का प्रतीक है, बल्कि लोकतंत्र की एक सकारात्मक तस्वीर पेश करता है। चुनाव के दौरान प्रशासन ने बेहतरीन प्रबंधन का परिचय दिया। 24 घंटे तक चली मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। परिणामों की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।अब सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों के सामने अपनी पंचायतों के विकास की जिम्मेदारी है। जनता को उम्मीद है कि उनके नेता इस विश्वास को सही ठहराएंगे। दिनारा के इस चुनावी जश्न ने न केवल लोकतंत्र की ताकत दिखाई, बल्कि यह भी बताया कि सही नेतृत्व और जनता की भागीदारी से कैसे बदलाव संभव है।

# उप विकास आयुक्त और पीआईबी पटना के निदेशक संयुक्त रूप से करेंगे कार्यशाला का उद्घाटन

**निज संवाददाता** | कैमूर (भभुआ)।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की प्रमुख मीडिया इकाई, प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो (पीआईबी), पटना द्वारा कैमूर जिले के भभुआ में कल 04 दिसंबर, 2024 (बुधवार) को एक दिवसीय क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला– "वार्तालाप" का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन भभुआ के होटल कुबेर में प्रातः 11 बजे जिले के उप विकास आयुक्त ज्ञान प्रकाश और पीआईबी, पटना के निदेशक आशीष के लकरा संयुक्त रूप से करेंगे। इस अवसर पर सीबीसी पटना के उप-निदेशक संजय कुमार, कैमूर जिले के पदाधिकारीगण तथा सूचना प्रसारण मंत्रालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे। 'वार्तालाप' की अवधारणा वस्तुतः पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा विकसित की गई है जिसका मुख्य उद्देश्य विकासात्मक रिपोर्टिंग, सामाजिक अभिप्रेरक के रूप में मीडिया के दायित्व, आज के संदर्भ में मीडिया के समक्ष नई चुनौतियां और मीडिया कौशल उन्नयन जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा करना है। साथ ही स्थानीय मीडिया के संदर्भ में सूचनाओं के प्रवाह को बेहतर और प्रभावी बनाने के लिए समुचित सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करना है। इसका प्रमुख उद्देश्य यह भी है कि इस कार्यक्रम के जरिये पीआईबी मीडिया के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों एवं जिला और उप-जिला स्तरों पर कार्य कर रहे पत्रकारों के बीच सीधा संबंध स्थापित किया जाये। इससे जिला और उप-जिला स्तरों पर कार्य कर रहे पत्रकारों के ई-मेल आईडी और टेलीफोन नंबरों के डाटा तैयार करने में भी पीआईबी को मदद मिलेगी। जिससे कि पीआईबी द्वारा जारी रिलीजों को उन तक सीधे भेजा जा सके और संबंधित विषयों पर उनके फीडबैक प्राप्त किए जा सके। गौरतलब है कि पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) भारत सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों से संबंधित सूचनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु एक नोडल एजेंसी है। यह आम जनता तक पहुंच बनाने हेतु मीडिया और केन्द्र सरकार के बीच प्रमुख सेतु का कार्य करती है। आम जनता तक सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रभावी तरीके से प्रचार-प्रसार हेतु, यह आवश्यक है कि पीआईबी और मीडिया के बीच संबंधों को और मजबूत किया जाए। इसके लिए यह जरूरी है कि पीआईबी की पहुंच दिल्ली या राज्य की राजधानियों के पत्रकारों तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि जिला और निचले स्तरों तक काम करने वालों तक इसे विस्तारित किया जाए। उपरोक्त उद्देश्य से ही क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला– 'वार्तालाप' की परिकल्पना की गयी है। इस एकदिवसीय कार्यशाला को मुख्यतः दो सत्रों में बांटा गया है- उद्घाटन सत्र एवं तकनीकी सत्र। उद्घाटन सत्र में सामान्यतः कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन, स्वागत भाषण, तथा कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में जानकारी साझा की जाएगी जबकि तकनीकी सत्र में जनकल्याण तथा इससे संबंधित योजनाओं की आमजन तक पहुंच बनाने में मीडिया की भूमिका पर मुख्य वक्ताओं द्वारा विचार प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही मोदी 3.0 के माध्यम से 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के भारत सरकार के संकल्पों पर विचार- विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन के दौरान खुले सत्र का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिभागी मीडियाकर्मी अपनी बातें रख सकेंगे और साथ ही वे अपना लिखित फीडबैक भी दे सकेंगे।

## अधिवक्ता दिवस पर अधिवक्ता को किया गया सम्मानित



**निज संवाददाता** | विक्रमगंज (रोहतास)

देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर बार एसोशिएशन बिक्रमगंज ने व्यवहार न्यायालय के न्यायिक परिसर में अधिवक्ता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर न्यायिक जजों वो अधिवक्ताओं ने देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी गई। तत्पश्चात सुजीत कुमार एसीजीएम वन तथा राजीव कुमार एसीजीएम टु समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा बार एसोशिएशन के वरीय अधिवक्ताओं को स्मृति चिह्न वो शाल से सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले वरीय अधिवक्ता वो बार एसोशिएशन के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भारद्वाज, पूर्व अध्यक्ष उमेश प्रसाद मिश्रा, कृष्णा तिवारी, अनिल कुमार मिश्रा, ललन सिंह,बैजनाथ सिंह, वो कुमार राजेंद्र प्रसाद शामिल है।

## धक्का देकर चलती है डेहरी नगर थाने की वाहन

**निज संवाददाता** | डेहरी आन सोन (रोहतास)



कैसे होगा क्राइम कंट्रोल। पुलिस को आधुनिक एव सशक्त बनाने के लिए चाहे जितने भी प्रयास कर ली जाए सरकार की हर प्रयास असफल हो रहा है। हालांकि बिहार पुलिस कई मामलों में अव्वल है और विगत डेढ़ दशकों में अपराध नियंत्रण में कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं परंतु कही कही पुलिस की लापरवाही बड़ी बड़ी घटनाएं को रोकने में बिफल हो जाती है। रोहतास जिले के टॉप फाइव थानों में सुमार डेहरी नगर इन दिनों थाना चर्चा का विषय बना हुआ है करण यह नहीं की थाना क्षेत्र में कोई बड़ी अपराधी घटनाएं घटी है चर्चा इस बात की है कि थाना अध्यक्ष की गाड़ी अक्सर बाजार में धक्के खाते हुए देखी जा रही है। जब थाना अध्यक्ष की वाहन धक्का देकर चलती हो तो इस परिस्थिति में अपराध नियंत्रण की आशा रखना भी बेकार है। बीच सड़क पर वाहन चलते-चलते बिगड़ जाने पर पुलिस द्वारा उसे वाहन को खुद ना धक्का देकर नाबालिक बच्चों एवं अन्य राहगीरों से धक्का देकर चलाया जाता है। अल्प व्यस्क बच्चों से काम लेना या गाड़ी में धक्का दिलाना बाल अधिकार का हनन है। रोहतास पुलिस कप्तान रौशन कुमार के द्वारा सभी थानों को लगातार गस्ती करने एवं अपराध नियंत्रण करने के साथ साथ आम लोगों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित रखने का निर्देश दिया गया है परंतु जिस थाने की वाहन धक्का से चलती है वहां अपराध नियंत्रण में बाधा तो आएगी।

## सवा सेर गेहूं में दिखी किसानों की बदहाली : एक सशक्त नाटकीय प्रस्तुति

**निज संवाददाता** | पटना



अखिल भारतीय समाज कल्याण संस्थान द्वारा प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी सवा सेर गेहूं पर आधारित नाटक का आज आयोजन किया गया। इस नाटक का उद्घाटन बिहार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने किया। नाटक का निर्देशन अरुण कुमार सिंह ने किया। नाटक में गांव के भोले-भाले किसानों की दयनीय और बदहाल जिंदगी को प्रभावी ढंग से पेश किया गया। नाटक में एक गरीब किसान को अपने परिवार का पेट भरने के लिए कठिन मेहनत करते हुए दिखाया गया। घर में अनाज के अभाव में वह एक दिन महाजन से सवा सेर गेहूं उधार लेता है, जो बाद में उसकी जिंदगी की सबसे बड़ी मुसीबत बन जाती है। महाजन उसकी स्थिति का फायदा उठाकर सूद दर सूद बढ़ाता जाता है और परिवार में आपसी कलह पैदा कर देता है। किसान की स्थिति और भी खराब हो जाती है। महाजन उसे इतना मजबूर कर देता है कि उसका घर-परिवार बर्बाद हो जाता है। महाजन उसकी पत्नी के साथ गलत व्यवहार करता है और किसान को गुलामी की जिंदगी जीने के लिए विवश करता है। किसान गंभीर रूप से बीमार हो जाता है, लेकिन महाजन उससे काम करवाने में लगा रहता है। अंततः किसान की मौत हो जाती है, लेकिन महाजन उसके बेटे को भी उधारी चुकता करने के लिए दबाव डालता है। नाटक में कलाकारों ने अपनी शानदार अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया और दर्शकों को गहरे सोचने पर मजबूर किया।

## रोहतास बना बालू माफीयाओ के लिये सेफ जोन

**निज संवाददाता** | डेहरी ऑन-सोन रोहतास



बालू माफियाओं पर नकेल कसने की कवायद पर लगें सवालिया निशान अनुमण्डल पदाधिकारी के सख्त निर्देश के बावजूद अवैध बालू ढुलाई का खेल सरेआम बेखौफ जारी है जिससे सरकारी राजस्व को भी भारी हानि हो रहा है आलम यह है कि अवैध खनन व परिवहन को लेकर कभी इस इलाके में जहां खूनी खेल हुआ करता था वही एसडीएम से लेकर एएसपी पर भी बालू के खेल में संलिप्तता को लेकर सरकार के निर्देश पर बड़ी कार्यवाई हुई लेकिन आलम यह है कि यहां अवैध बालू का खेल अभी भी धड़ल्ले से जारी है। दअरसल ताजा मामला है इंद्रपुरी इलाके के शंकरपुर तथा चकन्हा बालू घाट से जुड़ा हुआ जहां विगत एक माह पहले ग्रामीणों ने सरकारी रास्ते से अवैध खनन व परिवहन को लेकर जिलाधिकारी से लेकर प्रदेश के मंत्री तक से शिकायत की थी। सूबे के मंत्री के फटकार के बाद रोहतास की डीएम साहिबा हरकत में आई और उन्होंने तत्काल इसके लिये डिहरी की सीओ व इन्द्रपुरी एसएचओ को मामले की जांच कर त्वरित रिपोर्ट देने को निर्देश दिया। अनुमंडल कार्यालय के द्वारा जारी निर्देश में साफ तौर पर निर्देशित किया गया कि चकन्हा व शंकर पुर दोनों ग्रामीण रास्तों को तत्काल बंद किया जाए। ऐसे में ग्रामीणों का आरोप है की एसडीएम के निर्देश के बाद भी बालू माफिया अब भी दोनो सरकारी रास्ते का उपयोग करते खुलेआम अवैध खनन व परिवहन का उपयोग कर रहे हैं ऐसे में ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इंद्रपुरी थानाध्यक्ष सहित बालू के खेल में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ रोहतास के जिलाधिकारी उदिता सिंह सहित सूबे के मंत्रियों से शिकायत की है तथा कार्यवाही की मांग करते हुए जल्द से जल्द दोनों रास्तों से अवैध खनन तथा परिवहन को बंद करने की मांग की है। बहरहाल देखने वाली बात यह होगी की बालू माफियाओं पर जिलाधिकारी कब तक नकेल कस पाती हैं सोन का सीना चीर सोन नद में नियमों को ताक पर रख अवैध खनन करने वाले बालू माफियाओं पर कार्यवाई कब होगी यह बड़ा सवाल है।

## दिव्यांगों के अधिकारों को लेकर विचार-विमर्श

**निज संवाददाता** | डेहरी आन-सोन (रोहतास)

मंगलवार को डेहरी थाना चौक के समीप विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। दिव्यांगो को समाज में सम्मान दिलाने उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। उनके सुनहरे भविष्य के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर विचार विमर्श किया। मानसिक रूप से सबल बनाने तथा उनके प्रति समाज के अन्य लोगों में सहयोग की भावनाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की घोषणा के अनुरूप विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। जन कर्पूरी ठाकुर देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेन्द प्रसाद एवं क्रांतिकारी बालक खुदीराम बोस की जयंति पर उनके चित्र पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देश की आजादी में दोनों के योगदान को याद किया समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय दिव्यांग संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष शंकर मोहिंता ने बताया कि बिहार सरकार एवं केन्द्र सरकार से दिव्यांग जनों के हित में कई मांग रखे। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 रूपये से बढ़ाकर 5000 रूपये की जाए। सभी दिव्यांगों और वंचितों को राशन कार्ड अविलंब दिलाया जाए सभी जरूरतमंद दिव्यांगों को सरकार द्वारा यथाशीघ्र बैटरी चालित ट्राई साइकिल दिलाया जाए। प्रखंड कार्यालयों के उदासीनता के कारण दिव्यांगों के लंबित सामजिक सुरक्षा पेंशन चालू कराए जाए। अक्षम दिव्यांगों का स्वरोजगार ॠण माफ किया जाए बिजली की दर में दिव्यांगों को 50% की छूट दी जाए सरकारी आवास योजनाओं में दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जाए हर स्तर के सभी कार्यालयों में कम से कम एक दिव्यांग को नौकरी दी जाए सभी रेल गाड़ियों में दिव्यांग बोगी लगायी जाए लंबित सभी वृद्धा पेंशन भी अविलंब भुगतान किया जाए; अन्य कमजोर वर्गों के लिए बने आयोगों की तरह दिव्यांग आयोग गठित किया जाए; स्थानीय निकाय से लेकर लोकसभा तक दिव्यांग जनों को आरक्षण दिया जाए; निश्चित जगहो पर कैंप लगाकर दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान किया जाए एवं आवश्यक वाहनों और उपकरणों का विरतण किया जाए; सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना का विकास करने और दिव्यांग एवं विशिष्ट बच्चों के लिए सुविधाएँ एवं संसाधन बढ़ाए जाएँ।मोर्चा के उपाध्यक्ष मंजर खान ने बताया की हमारी माँगों पर सरकार उचित निर्णय नहीं लेती है तो हम आंदोलन के लिए बाध्य होगें।

## संपत्ति बंटवारा को लेकर भाईयों में मारपीट अवैध हथियार सहित तीन गिरफ्तार

**निज संवाददाता** | करगहर/रोहतास



थाना क्षेत्र के बभन बरेहटा गांव में सोमवार की शाम सहोदर भाईयों में बंटवारे को लेकर जमकर मारपीट हुई। दुसरे पर जानलेवा हमला के लिए हथियार लहराने लगे। इस बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने सरसों के खेतों में छिपा कर रखे गए तीन देशी कट्टा, एक राइफल सहित तेरह जिंदा कारतूस बरामद कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में एसडीपीओ कुमार वैभव ने मंगलवार को करगहर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि बभन बरेहटां निवासी मनोज कुमार राय, धनंजय कुमार राय और चंदन कुमार राय में पैतृक भूमि बंटवारे को लेकर काफी दिनों से तनाव था। इस बीच मनोज कुमार राय धनंजय राय खेतों में लगी सरसों के पौधों का पटवन कर रहे थे कि उनका सहोदर भाई चंदन कुमार राय ने मना किया। इस पर दोनों ओर से तू- तू मैं- मैं के बाद मारपीट शुरू हो गई। फिर एक दूसरे को दिखा देने की नीयत से हथियार लहराने लगे। इस बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने सरसों के खेत में छिपा कर रखे तीन देशी कट्टा, एक राइफल और तेरह जिंदा कारतूस बरामद कर दोनों भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना में शमिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## शेरशाह इंजिनियर अभियंत्रण महाविद्यालय में छात्रों को आर्ट एवं क्राफ्ट की दी गई जानकारी

**निज संवाददाता** | करगहर/ रोहतास

विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को शेरशाह अभियंत्रण महाविद्यालय, खड़ारी (सासाराम) में स्टार्टअप प्रोग्राम के तहत आर्ट एवं क्राफ्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डॉक्टर मनीष कुमार एवं स्टार्टअप के महाप्रबंधक आशीष रंजन, सेल इंचार्ज प्रोफेसर शैलेश सौरभ, आशीष कुमार और धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मनीष कुमार तथा संचालन नीतीश कुमार दुबे ने किया। कार्यक्रम के अतिथि बीएचयू के पूर्व छात्र धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिकता को अपनी दिनचर्या में शामिल कर बेहतर परिणाम प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही डिग्री के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज को निखारना आवश्यक है, ताकि सफलता के मार्ग प्रशस्त हो सके ।इवेंट में ओसीबी के फाउंडर आशीष रंजन और स्टार्टअप विशेषज्ञ प्रमोद पांडेय ने भी छात्रों को स्टार्टअप के महत्व और इसे शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे नवाचार और दृढ़ संकल्प के माध्यम से स्टार्टअप को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में आर्ट एंड क्राफ्ट, रंगोली पेंटिंग, टैगलाइन, क्रॉसवर्ड पज़ल, आइडिएशन और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट, मेडल और गिफ्ट से सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन देकर उनके प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार ने अपने संबोधन में नवाचार और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर बल दिया और छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कौशल और रचनात्मकता समाज के विकास में कैसे उपयोग करें। मौके पर प्रो. विनीता, डॉ. राधा, डॉ. पारुल, प्रो. रणजीत, प्रो. पंकज, धनराज, रौशन, शुभम सिंह आदि शामिल थे।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला बुनियाद केंद्र पर अंतरास्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक निर्देशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, सासाराम के उपस्थिति में निबंध, संगीत, चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमे रामाकान्त पासवान को संगीत एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम एवं चित्रकला में मनोज कुमार को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अखिलेश कुमार, जितन चौचारी को द्वितिय स्थान पर रहे।सहायक निदेशक जिला।

## बच्चों और वृद्धजनों को दिव्यांगता से बचाने के लिए जीवनशैली में सुधार आवश्यक : गोपाल नारायण सिंह

**निज संवाददाता** | जमुहार (रोहतास)



सामाजिक और शारीरिक विकास के लिए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जी. एन. एस. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों और वृद्धजनों की बढ़ती दिव्यांगता एक गंभीर समस्या है, जिसका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की व्यस्त जीवनशैली के कारण बच्चे अकेलापन झेलने को मजबूर हैं। मोबाइल और टेलीविज़न की लत तथा सामाजिक संपर्क की कमी बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में बाधा बन रही है। इसके साथ ही उन्होंने वृद्धजनों के स्वास्थ्य और उनकी देखभाल पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सुरक्षा और सक्रिय जीवनशैली सुनिश्चित करने से उनकी दिव्यांगता की संभावना कम हो सकती है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह ने नारायण केयर बाल पुनर्वास केंद्र के माध्यम से विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचाने के लिए सशक्त बनाना है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी की ऑक्यूपेशनल थेरेपी विभाग की अकादमिक प्रभारी डॉक्टर जया दीक्षित ने वृद्धजनों की जीवनशैली में सुधार के सुझाव दिए। उन्होंने खान-पान, शारीरिक गतिविधियों और सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वहीं, शौर्य फाउंडेशन, वाराणसी के वरिष्ठ ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट डॉक्टर अनिमेष कुमार ने बच्चों में बढ़ती मानसिक और शारीरिक समस्याओं पर चिंता जताई। उन्होंने बच्चों के अकेलेपन, मोबाइल और टीवी की आदत को बड़ी समस्या बताया और समाधान के लिए आसान टिप्स साझा किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह, कुलसचिव डॉक्टर धर्मेश श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम सिंह, नारायण वर्ल्ड स्कूल की निदेशक मोनिका सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह और अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने अपने विचार साझा किए। अंत में, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत चिन्हित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से प्रभावित लोगों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगान का वीडियो प्रसारित किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने इसमें सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## मांगों के समर्थन में श्रमिकों ने किया तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल

**निज संवाददाता** | करगहर/रोहतास



स्थानीय एसएफसी के गोदाम परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल मंगलवार को संपन्न हो गया। हड़ताल का आयोजन फुड एण्ड एलाइड वर्कर्स के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर पासवान तथा संचालन शिवानंद प्रभाकर ने किया। तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर बैठे मजदूर उमाशंकर पासवान, भोला पासवान, जितेंद्र पासवान, राजेश्वर पासवान प्रमोद पासवान, इस्लाम मियां, सुभाष चौहान, प्रमोद पासवान, महेंद्र पासवान, विजय पासवान, सुदेश्वर पासवान, धर्मेंद्र पासवान, दिलेश्वर, जयप्रकाश, दीपू, राधेश्याम राम आदि ने बताया कि एसएफसी गोदामों में ढुलाई करने वाले श्रमिकों की स्थिति बद से बदतर है। कठिन परिश्रम के बाद भी उनका परिवार भुखमरी का शिकार है। उन्होंने बताया कि श्रम संसाधन विभाग के अधिसूचना के मुताबिक ढुलाई करने वाले श्रमिकों को प्रति बैग 11 रुपए 64 पैसे लागू किया गया हैं लेकिन एसएससी के अधिकारियों द्वारा प्रति बैग 4 रुपए 55 पैसे ही दिया जाता है। जो न्यूनतम मजदूरी से काफी कम है। ऐसी स्थिति में मजदूरों की स्थिति में सुधार होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इन गोदामों पर शौचालय, शुद्ध पेयजल और श्रमिकों के लिए शेड़ तक की व्यवस्था नहीं की गई है। इन मांगों के समर्थन में संघ के आह्वान पर तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर हम सभी मजदूर बैठे हैं। अगर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 21वीं पशु गणना कार्य की शुरुआत



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** केंद्र सरकार के निर्देश पर मंगलवार से कौआकोल प्रखण्ड में पशुपालन विभाग के द्वारा 21 वीं पशु गणना कार्य का शुभारंभ किया गया। इसकी जानकारी देते हुए पशु चिकित्सालय कौआकोल के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० हरिशंकर शरण ने बताया कि जिला पशुपालन विभाग के निर्देश पर पशु गणना का कार्य शुरू किया गया। जिसके तहत तीन पर्यवेक्षक एवं 15 प्रगणक को गणना कार्य में लगाया गया है। जो मोबाइल अथवा टैब के माध्यम से पशुगणना ऐप पर गणना कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत में नियुक्त गणना कर्मी घर-घर जाकर गणन से सम्बंधित कॉलम को भरकर पूरा करेंगे। उन्होंने पशुपालकों एवं जनप्रतिनिधियों से गणना कार्य में प्रगणकों को सहयोग करने की अपील किया है। मौके पर पर्यवेक्षक सह भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० हरिशंकर शरण, डॉ० राकेश रंजन, डॉ० मनोज कुमार, प्रगणक संतोष कुमार, मिथलेश कुमार, देवनन्दन कुमार, आरपिन, पुलेंद्र आदि मौजूद थे।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई जयंती



**नवादा (नि.सं.)।** व्यवहार न्यायालय में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती सह अधिवक्ता दिवस पूर्व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कोर्ट परिसर में मनाया गया। मौके पर पूर्व महासचिव संत शरण शर्मा ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए कहा कि खासकर युवा अधिवक्ताओं को राजेंद्र प्रसाद के किए गए कार्यों से सवक लेना चाहिए। जयंती समारोह में वरीय अधिवक्ता गौरी शंकर प्र. सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा, विपिन कुमार सिंह, एडवोकेट एसो. के अध्यक्ष कृष्णा कुमार, कृष्ण पाण्डेय, संजय प्रियदर्शी, सुनीता कुमारी, अखिलेश नारायण, उदय सिंह, संयुक्ता कुमारी, मेहर त्वसुम, करण सक्सेना, रामाश्रय सिंह, रामखेलावन यादव, रामविनय सिंह, रीना कुमारी, अमित कुमार, सनत कुमार देव, मनमोहन कृष्ण, रूपम कुमारी, के.के. चौधरी, सूर्य प्रकाश, संजय सिंह, डॉ. ज्योति कुमारी, शालनी कुमारी, सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती समारोह

**नवादा (नि.सं.)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। जिला अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मनटन सिंह की अध्यक्षता में सर्वप्रथम उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मनटन सिंह ने कार्यकर्ताओं को राजेंद्र बाबू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महादेव सहाय के बेटे डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर, 1884 को जिरादेई, सीवान, बिहार में हुआ था। बड़े संयुक्त परिवार में सबसे कम उम्र के होने के नाते उन्हें बहुत प्यार मिला। उनका अपनी मां और बड़े भाई महेंद्र के साथ बहुत लगाव था। जीरादेई की विविध विरोधी आबादी में, लोग परस्पर सद्भाव में एक साथ रहते थे। उनकी यादतें "हिंदू और मुस्लिम मित्रों" के साथ "कबड्डी" खेलने की थीं। अपने गांव और परिवार के पुराने रीति-रिवाजों को ध्यान में रखते हुए, जब वे केवल 12 वर्ष के थे, तब उनका विवाह राजवंशी देवी से हुआ। भारत गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित रहे एजाज अली मुन्ना, फकरूद्दीन अली अहमद, गायत्री देवी, रामाशीष कुमार, जागेश्वर पासवान, रजनीकांत दीक्षित, प्रोफेसर अंजनी कुमार पप्पू, रोशन कुमार, सत्येंद्र कुमार, शमसुद्दीन, इंटेक्स सेल के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे। रजौली में अध्यक्ष रामरतन गिरी व अकबरपुर में अध्यक्ष जयराम सिंह की अध्यक्षता में डा राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गयी।

### अवैध खनन में मजदूर की मौत



**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत के शारदा, सेठवा, हनुमंती, ललकी, कड़रुआ समेत दर्जनों अभ्रक माइंस पर माफियाओं द्वारा बेरोकटोक अवैध खनन मजदूरों व मशीनों की मदद से किया जा रहा है। बीते रविवार को को एक अभ्रक माइंस धंसने से धमनी पंचायत के गिरगी गांव निवासी बासुदेव भुइयां नामक एक मजदूर की मौत हो चुकी है। इसके अलावे मृतक की पत्नी व बेटी एवं दो अन्य लोगों के गम्भीर रूप से घायल होने की सूचना है। अवैध अभ्रक खनन पर अंकुश लगाने के लिए रेंजर मनोज कुमार के नेतृत्व में वन कर्मियों ने सवैयाटांड़ पंचायत के चटकरी स्थित शारदा माइंस के अलावे कई विभिन्न माइंस का निरीक्षण किया एवं आसपास के लोगों से जानकारी ली। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि कुछ स्थानीय लोगों द्वारा विस्फोटक पदार्थो का उपयोग कर अवैध खनन करवाया जा रहा है। रेंजर ने कहा कि अवैध खनन के संचालन रजौली थाना क्षेत्र के सपही गांव के नदिया पार निवासी युगल सिंह के पुत्र महेंद्र सिंह, सपही गांव निवासी बालेश्वर प्रसाद के पुत्र रमेश यादव व जागो यादव के पुत्र घुटर यादव, सिमरातरी गांव निवासी कार्तिक तुरिया के पुत्र महेंद्र तुरिया, झलकडीहा गांव निवासी सबदर अंसारी के पुत्र एहसान अंसारी, बाराटांड़ गांव निवासी चितावन साव के पुत्र सिकन्दर साव, कारू राजवंशी के पुत्र विनोद राजवंशी, मुमताज मियां के पुत्र अवतार मियां एवं इस्तियाक मियां द्वारा की जा रही है। रेंजर ने कहा कि उक्त लोगों के विरुद्ध वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही बताया कि अभ्रक माइंस में चाल धंसने से हुई मौत को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है।

### खलिहान में आग, लाखों का नुकसान

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** थानाक्षेत्र के पड़रिया गांव में सोमवार की देर रात एक खलिहान में आग लग गई। जिसके कारण लाखों रुपए का धान जलकर राख हो गया। बताया गया कि पड़रिया निवासी स्व बंगाली राम के पुत्र दिनेश राम गांव के किसानों का खेत पट्टा पर लेकर खेती करता है। इस वर्ष 4 एकड़ जमीन मे धान का फसल लगाया था। खेत से फसल काटकर खलिहान में जमा किया था। सोमवार की देर रात आग लगने से सब जलकर राख हो गया। पीड़ित दिनेश राम ने बताया कि रात्रि के एक बजे तक सब ठीक था। उस समय हम खलिहान घूम कर देख लिए थे। एक बजे बाद खलिहान में आग लगी है। धान जलने पर फट फट की आवाज से जब नींद खुल तो देखे कि पूरा खलिहान धू धू कर जल रहा है। तब हमने हल्ला कर गांव वालों को जगाया। लेकिन आग के तेज लपटें उठता देख ग्रामीण की हिम्मत भी ज़बाब दे दिया। तब ग्रामीणों ने नारदीगंज थाना को दूरभाष पर इसकी सूचना दिया। सूचना के उपरांत थाना द्वारा अग्निशामक गाड़ी को भेजा गया। तब जाकर आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस घटना से पीड़ित दिनेश राम के पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। इसके पूरा परिवार के साथ खाने की समस्या आ गई है। पीड़ित ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर क्षति पूर्ति की मांग किया है।

# पैक्स चुनाव में निर्वाचित अध्यक्षों को फोटोयुक्त प्रमाण पत्र प्रदान

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्राथमिक कृषि शाख सहयोग समिति (पैक्स) चुनाव 2024 में निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष व प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों को फ़ोटो युक्त प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रशिक्षु बीडीओ ने मंगलवार को सभी निर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी सदसयों को फ़ोटो युक्त प्रमाण पत्र दिया। इसके पूर्व उन्होंने सभी निर्वाचित पैक्स अध्यक्षों को फोटोयुक्त प्रमाण पत्र निर्गत किया। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रशिक्षु बीडीओ ने कहा नारदीगंज प्रखंड में 10 पंचायतों में पैक्स चुनाव हुआ था। जिसमे पेश व डोहरा पंचायत में निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। वही आठ पंचायत में ओड़ो, नारदीगंज, कहुआरा, इचुआकरना, मसौढा, परमा, कोसला, हंडिया में चुनाव हुआ है। कहा गया निर्वाचित दस पैक्स अध्यक्ष व 110 प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य को फ़ोटो युक्त प्रमाण पत्र दिया गया है। इस दौरान प्रधान लिपिक दीपक कुमार, नाजिर रमेश कुमार समेत अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारी समेत अन्य की मौजूदगी में प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष रीता देवी, सिधेश्वर प्रसाद, विपिन कुमार, रीना देवी, राजीव कुमार, उपेन्द्र नारायण सिंह समेत अन्य पैक्स अध्यक्ष व प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने दूसरे ट्रक में मारी टक्टर

**कोचस (रोहतास) (नि. सं.)।** बीती रात थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर डढाव के समीप तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने पीछे से ओवरलोड ट्रक में धक्का मार दी जिसमें ट्रक सड़क किनारे पलट जाने से चालक बुरी तरह घायल हो गया। जबकि धक्का मारने के दौरान दूसरा ट्रक पलटने से बाल बाल बच गया। वही सहः चालक ने ट्रक चालक का इलाज स्थानीय निजी क्लीनिक में कराया जहां स्थिति में सुधार आने के बाद चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। घटना के बारे में बताया जाता है मालवाहक ट्रक मोहनिया होते हुवे दिनारा की तरफ जा रहा था की राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर डढ़ाव के समीप पीछे से तेज रफ्तार से आ रही दूसरे ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दी जिसके चलते ट्रक पलट गई।

## शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कार्य हुआ संपन्न

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

प्रखंड क्षेत्र काराकाट में पांचवें और अंतिम चरण के लिए पैक्स समितियों के लिए मतदान शुरू हुआ। कुल सोलह पैक्स अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के लिए मतदान शुरू हुआ। मालूम हो कि प्रखंड में कुल 20 पैक्स अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्यों के लिए मतदान होना था। इनमे तीन पैक्स समीतीयों गोडारी, करुप एवं अमौना का कार्यकाल शेष रहने के कारण सत्तरह पैक्स समितियों के लिए चुनाव होना था। लेकिन एक में निर्विरोध निर्वाचन के कारण कुल सोलह पैक्स समितियों के लिए मतदान शुरू हुआ। मतदान में नए वोटरों के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों ने भी अपना मतदान किया। कुछ वोटरों के पहचान पत्र में त्रुटि रहने के कारण कागजी प्रक्रिया के बाद उन्हें मत देने की बात कही गई। वहीं कुछ लोगों के जीवन प्रमाण पत्र के अभाव में शपथ पत्र भी लिया गया। सबसे अधिक भीड़ बाराडीह के मतदान केंद्र पर देखा गया। यहां मतदाताओं की कतार लंबी थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष फुल देव चौधरी के कुशल निर्देशन में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो जाने की सूचना प्राप्त हुई है। समाचार लिखे जाने तक समेकित आंकड़ा उपलब्ध नहीं हो सका था। हालांकि समाचार लिखे जाने तक 30549 कुल मतदाताओं में से 19766 मतदाताओं ने अपना मतदान किया। जबकि मतदान की प्रक्रिया अभी चल ही रही है।

# जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का उद्घाटन

निज संवाददाता | नवादा




पेंशनर समाज के 51वां स्थापना दिवस एवं देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पेंशनर समाज के अध्यक्ष के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके पहले जिलाधिकारी ने देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पुष्पांजली अर्पित किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि पेंशनर न सिर्फ परिवार बल्कि समाज के वह स्तम्भ हैं जो नई पीढ़ियों में संस्कार भरते हैं। ऐसे अविभावकों का समूह ही पेंशनर समाज कहलाता है। पेंशनर समाज को प्रशासन की ओर से हर सुविधा प्रदान की जायेगी और हमें भी इनके सहयोग की जरूरत है। पेंशनरों की सेवा एवं योगदान से समाज को आगे बढ़ने में बल मिला है। इस अवसर पर डॉ. विमल प्रसाद सिंह, डॉ. सुबोध कुमार, डॉ. बच्चन पाण्डेय, अयोध्या पासवान के साथ-साथ अन्य गणमान्य पेंशनर उपस्थित थे।

# बिना ढ़के एवं अवैध चालान के गिट्टी लदे एक ट्रक को खनन विभाग ने किया जब्त, चालक गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी के समीप बिना ढ़के एवं अवैध चालान के गिट्टी लदे एक ट्रक को खनन निरीक्षण रुकैया खातून ने जब्त किया। साथ ही ट्रक चालक को गिरफ्तार कर थाने को सुपुर्द किया। खनन निरीक्षक ने बताई कि सोमवार की संध्या दैनिक निरीक्षण के क्रम में चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर पहुंची। जांच चौकी से थोड़े दूर काराखुट मोड़ के समीप ट्रक संख्या जेएच12के9048 पर बिना ढ़के हुए गिट्टी लादकर परिवहन कर रहा था। जिसका पीछा कर सशस्त्र बलों के सहयोग से ट्रक को पकड़ लिया गया। ट्रक में मौजूद चालक से जरूरी कागजात की मांग की गई। चालक द्वारा गिट्टी के परिवहन से सम्बंधित एक चालान दिया गया, जिसकी वैधता 1 नवंबर 2024 कब 11:31 बजे तक था। वहीं चालक के पास वैध चालान नहीं था। ट्रक में 569 सीएफटी गिट्टी लोड था। खनन निरीक्षक ने बताया कि बिना वैध चालान के गिट्टी का परिवहन करना गैरकानूनी है। इसलिए गिट्टी लदे ट्रक को जब्त किया गया एवं चालक को हिरासत में लेकर थाना परिसर पहुंची। थाना में लिखित आवेदन देकर ट्रक चालक को थाने को सुपुर्द किया गया। झारखण्ड से गिट्टी के परिवहन में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रकें समेकित जांच चौकी से गुजरती हुई नवादा, बिहार व पटना के अलावे अन्य जगहों पर जाती है। उक्त ट्रकों में कुछ ट्रकों के पास वैध चालान नहीं होते हैं, तो वहीं कुछ ट्रकों द्वारा दूर स्थित जगह के नाम पर चालान कटवाकर कम दूरी वाले जगहों पर एक ही चालान के माध्यम से स्टोन चिप्स का परिवहन किया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर तक के चालान पर 72 घण्टे की समय सीमा होती है। चालान के समय का गलत उपयोग करते हुए एक ही चालान पर ही स्टोन चिप्स लदे ट्रक को बिहार व पटना के अलावे अन्य कम दूरी वाले जगहों पर दो से तीन बार पहुंचाकर सरकार के राजस्व को चुना लगया जाता है। बीते नवंबर माह के 23 तारीख को अवैध चालान के गिट्टी परिवहन की शिकायत ट्रक एसोसिएशन द्वारा जिला खनन पदाधिकारी के पास किया गया था। शिकायत मिलने पर जिला खनन पदाधिकारी ने खनन निरीक्षक को जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान समेकित जांच चौकी पर गिट्टी लदे ट्रक से यूपी के सहारनपुर के चालान मिला था। ट्रक में रहे चालक एवं उपचालक से जब पूछताछ की गई, तब पता चला कि वे यूपी के सहारनपुर के चालान के नाम पर दूसरी बार बिहार गिट्टी पहुंचाने की बात कही गई थी। जांच के बाद गिट्टी लदे ट्रक को जब्त करते हुए चालक व उपचालक को थाने के पुलिस बलों के सुपुर्द कर दिया गया था। वहीं थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद चालक व उपचालक को जेल भेज दिया गया था। खनन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद भी समेकित जांच चौकी से अवैध चालान के गिट्टी का परिवहन नहीं रुका है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि खनन निरीक्षक के द्वारा ट्रक चालक को पुलिस हिरासत में दिया गया है। वहीं खनन निरीक्षक द्वारा लिखित आवेदन मिलने के बाद भारतीय न्याय संहिता के धारा 303(2) एवं 317(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गिरफ्तार चालक झारखंड के कोडरमा थाना क्षेत्र निवासी प्रेम प्रसाद सिन्हा के पुत्र चन्दन कयमर सिन्हा को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## धूमधाम से मनाया गया डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

नगर पंचायत के महादेव नगर स्थित प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार की दोपहर में रजौली इकाई के प्रखण्ड अध्यक्ष रामरतन गिरी की अध्यक्षता में भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 140 वीं जयंती धूमधाम तरीके से मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के तैलीय चित्र पर फूलों की माला चढ़ा कर उनकी जीवनी के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। प्रखण्ड अध्यक्ष ने बताया कि देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जन्म-जयंती है। उनका जन्म 3 दिसंबर, 1884 को सीवान जिले के जीरादेई में हुआ था। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद भारत के पहले राष्ट्रपति तो थे ही, वह लगातार दो बार राष्ट्रपति रहे थे। 1962 में राष्ट्रपति का कार्यकाल पूरा होने के बाद वह दिल्ली में रहने के बजाय पटना लौट गए थे। वहां भी किसी बंगले में नहीं बल्कि कांग्रेस के दफ्तर, सदाकत आश्रम में रहते थे। उसी दौरान उन्होंने पीएनबी के तत्कालीन न्यू डाक बंगला रोड पटना ब्रांच में खुला था। आजकल यह एक्जीबिशन रोड ब्रांच कहलाता है। वहीं अन्य कार्यकर्ताओं ने उनके बेहतरीन कार्यशैली को याद किया।इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य बालकृष्ण यादव, पूर्व प्रधानाध्यापक ईश्वरी पासवान, पूर्व प्रखण्ड प्रमुख जगदीश यादव, पूर्व पंचायत सचिव रामस्वरूप यादव, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो. इरशाद अंसारी, रजौली विधानसभा प्रभारी कुंदन दीप, प्रखण्ड उपाध्यक्ष मोहन चौधरी, मनोज कुमार, मो.साहिद आलम, मुन्नी प्रसाद के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# जेसीबी मशीन की चपेट में आकर एक की मौत

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



सड़क मार्ग में भट्टा हाट के समीप 55 वर्षीय अधेड़ को जेसीबी मशीन ने रौंद डाला। इस घटना में अधेड़ की मौत घटनास्थल पर हो गया। मृतक की पहचान गया जिले के अतरी थाना क्षेत्र के कचहरा गांव के टोला मिर्चायगंज निवासी स्व. शूकर राजबंशी का 55 वर्षीय पुत्र कपिल राजबंशी के रुप में की गई। घटना की खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में मातम छा गया। घटना की खबर पर पहुंची पुलिस ने ने कानूनी प्रक्रिया के उपरांत शव पोस्टमार्टम करवाकर मृतक के परिजनों को सौंप दिया, और दुर्घटना ग्रस्त जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया। इस बीच जेसीबी मशीन चालक भागने में सफल रहा। घटना मंगलवार को सुबह में घटी। मृतक गया जिले के अतरी थाना के कचहरा गांव के टोला मिर्चायगंज निवासी कपिल राजबंशी भट्टा हाट में दतमन बेचने के लिए आया था। वह हाट में सड़क के दक्षिणी तरफ फुटपाथ पर दतमन बेच रहा था। इसी बीच नवादा की ओर जेसीबी मशीन ने उसे रौंद डाला, फलतः घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। उसके निकट हल्दी मिर्च व मशाला की सामग्री बेच रहे फुटपाथी दुकानदार बुगन ने कहा जेसीबी मशीन ने पहले मेरे दुकान के समान को अपने पंजे से घसीटा, वहां पर बिजली का पॉल रहने के कारण हम तो किसी तरह बच गए, लेकिन मशीन का चक्का दतमन बेच रहे कपिल राजबंशी पर को अपनी चपेट में ले लिया। फलतः घटना स्थल पर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को लोगों ने दिया। तब एसआई कमलेश कुमार, एसआइ धीरेंद्र पासवान, एसआइ नंदलाल यादव पुलिस बल के साथ आये। और कानूनी प्रक्रिया में जुट गये। शव व जेसीबी मशीन को जब्त किए। लोग कहते हैं कि चालक नशे में था। भारतीय सुहलदेव पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष वीरू रजबार ने अथक परिश्रम कर मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव की पहचान कराया। मृतक भी हर मंगलवार को दतमन बेचने के लिए आता था। मृतक के तीन पुत्र हैं, क्रमशः अनिल राजबंशी, आनन्दी राजबंशी और दीपू राजबंशी हैं। वही दो पुत्री भी है। मृतक के आश्रित ने सीओ को आवेदन देकर आपदा प्रबंधन कोष से क्षतिपूर्ति की मांग किया है। प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद ने सरकारी प्रावधानों के मुताबिक मृतक के आश्रित को लाभ दिया जाएगा।

## रिपीट हुए कई पैक्स अध्यक्ष कई जगहों पर नए को मौका

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

पकरीबरावां प्रखंड के सभी सोलह पंचायतों में हुए पैक्स चुनाव के नतीजें सोमवार को घोषित कर दिए गए। देर शाम तक सभी सोलह पंचायतों के परिणाम घोषित किए गए। अधिकांश पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष रिपीट हुए जबकि कई जगहों पर नए उम्मीदवारों ने बाजी मारी। धमौल, ढोढ़ा, गुलनी, एरूरी, कबला आदि पंचायतों के निवर्तमान पैक्स अध्यक्षों ने पुनः जीत दर्ज कर अपना दबदबा कायम रखा है। गुलनी से निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष रामबालक मिस्त्री ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की। वहीं, धमौल से निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष रामविलास यादव ने भी हैट्रिक लगाते हुए जीत का परचम लहराया है। ढोढ़ा से अध्यक्ष रहे मनोज कुमार ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। पकरीबरावां दक्षिणी से धर्मचंद प्रसाद लगातार चौथी बार पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, पकरीबरावां उत्तरी से राजेंद्र कुमार पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए। हॉट सीट रहे कबला से नवल कुमार ने एक बार फिर से बाजी मारी है। पिंकू सिंह की पत्नी निभा देवी ने जीत दर्ज की। श्रवण कुमार, ज्यूरी से पवन कुमार, बुधौली से सुबोध विश्वकर्मा, पोक्सी से रंजीत कुमार एवं धेवधा से रवींद्र सिंह ने जीत दर्ज कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। बेलखुंडा में कांटें की टक्कर में निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष अविनाश कुमार ने जीत दर्ज कर की।

## पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न, रजौली में वोटों की होगी गिनती

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

मंगलवार को नरहट प्रखण्ड में पैक्स चुनाव शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम 4.30 बजे तक चला। सुबह से ही मतदाता वोट देने के लिए उत्साहित दिखे। नरायनपुर, खनवां, नरहट आदि पैक्स बूथों पर सुबह से महिला पुरूष पैक्स मतदाता वोट देने के लिए लाइन में लग गए और निर्धारित समय पर वोटिंग शुरू होने पर बारी बारी से वोट देने लगे। दोपहर बाद वोटरों की संख्या कम हो गई। पैक्स चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन का पुख्ता इंतजाम किया गया था। सभी बूथों पर पर्याप्त मात्रा में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया था। समय समय पर बूथों पर वरीय पुलिस पदाधिकारी पेट्रोलिंग कर बूथ का जायजा ले रहे थे। सभी बूथों पर पुलिस घेरा बना कर तैनात थी। वोटरों की पर्ची को मिलान कर बूथ पर भेजा जा रहा था। भीड़ को बूथ से निर्धारित दूरी पर रखा जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक नरायनपुर बूथ से और एक खनवां बूथ पर से फर्जी वोटर को पकड़ा गया था। सुरक्षा व्यवस्था में रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार, एसडीएम आदित्य कुमार पीयुष, एसडीपीओ सदर 1, डीएसपी साईबर क्राइम, डीएसपी हैड क्वाटर, बीडीओ बैजु कुमार मिश्रा दल बल के साथ बूथों पर पेट्रोलिंग कर रहे थे।

# विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | नवादा



बिहार शिक्षा परियोजना, नवादा द्वारा 03 दिसम्बर 2024 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नवादा में विश्व दिव्यांगता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी भारत भूषण पाण्डेय द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत कर उन्हें मंचासीन किया गया, जहां जिला शिक्षा पदाधिकारी और डी०पी०ओ० प्रियंका कुमारी द्वारा सभी अतिथियों को पौधा देकर तथा डायरी और कलम देकर स्वागत किया गया। मंच पर सर्वप्रथम कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय नरहट की दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् के०जी०बी०भी० रोह एवं नारदीगंज की श्रवणबाधित दिव्यांग छात्राओं द्वारा अपने समूह नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। तीनों कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय की दिव्यांग छात्राओं को बैग एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि नवादा जिला के के०जी०बी०भी० नरहट में 25 दृष्टिबाधित बच्चियां रहती हैं तथा के०जी०बी०भी० रोह एवं नारदीगंज में 25-25 श्रवणबाधित बच्चियों का नामांकन है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आए दिव्यांग बच्चों द्वारा सेकरेस दौड़, जिलेबी दौड, चम्मच नीबू दौड़, पेंटिंग एवं ब्रेल लेखन वाचन जैसे कार्यक्रमों में भागीदारी की गयी तथा सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को प्रतिभा प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागी बच्चों को स्वेटर देकर सम्मानित किया गया तथा दर्शक के रूप में आए सभी दिव्यांग बच्चों पेंसिल बॉक्स दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी द्वारा चिन्हित दिव्यांग बच्चों को ट्राईसाईकिल दिया गया जहां गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम की समाप्ति की गयी। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त नवादा एवं सहायक निदेशक, दिव्यांगजन कोषांग, जिला शिक्षा पदाधिकारी, भारतीय रेड क्रास के सचिव तथा शिक्षा विभाग के सभी डी०पी०ओ० एवं पी०ओ० उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## बदलेगा सुविधा व अंत्योदय ट्रेन का नाम व नंबर

**आरा।** अगले साल से पटना मुंबई के बीच चलने वाली सुविधा एक्सप्रेस और रक्सौल मुंबई के बीच चलने वाली अंत्योदय एक्सप्रेस के नाम व नंबर बदल जाएंगे। मार्च 2025 से बदले हुए नाम व नंबर से दोनों ट्रेनों को परिचालित किया जाएगा। इसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि आगामी 2 मार्च 2025 से गाड़ी संख्या 82355 पटना सीएसएमटी सुविधा एक्सप्रेस बदले हुए नंबर एवं नाम 22359 पटना सीएसएमटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में तथा आगामी 4 मार्च 2025 से गाड़ी संख्या 82356 सीएसएमटी पटना सुविधा एक्सप्रेस बदले हुए नंबर एवं नाम 22360 सीएसएमटी पटना सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में चलेगी। वही आगामी 3 मार्च से अंत्योदय एक्सप्रेस बदले हुए नंबरसेचलेगी।

## ई-शिक्षा कोष पर हाजरी दर्ज नहीं होने से परेशानी

**आरा|** शिक्षा विभाग द्वारा ई शिक्षा कोष पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं होने से शिक्षकों को भारी परेशानी से जूझना पड़ा। इस संबंध में शिक्षकों ने बताया कि ई शिक्षा कोष पोर्टल को विभाग अपडेट किया है। अपडेट करने के बाद सोमवार को बनाया हुआ उपस्थिति अपने आप ग़ायब हो गया। इसको लेकर शिक्षक बार बार उपस्थिति दर्ज करते रहे लेकिन उपस्थित आउट नहीं हुआ। यहां तक कि शिक्षा विभाग के पोर्टल से शिक्षकों पर उपस्थित दर्ज नहीं होने का मैसेज भी भेजा गया। शिक्षकों ने बताया कि बार बार इस तरह की हो रही समस्या को समाप्त करने के लिए विभाग को तत्काल समाधान करना चाहिए।

## गड़हनी में सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल

**आरा|** गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव के पास से सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में 22 वर्षीय वीरेंद्र राय , 40 वर्षीय निर्मल राय और विजय राय है। तीनों घायल सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव के निवासी है।तीनों घायल बाइक पर सवार होकर एकवारी से पीरो की तरफ किसी काम को लेकर जा रहे थे। तभी गड़हनी के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई ।बाइक पर सवार तीनों घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज घटना की सूचना परिवार के लोगों को दे दिया।सूचना मिलने के बाद परिवार के लोगों ने सदर अस्पताल पहुंच घायलों का इलाज कराया।

## राफ्टिंग करते महुली गंगा घाट पहुंची महिला टीम

**आरा।** प्रेरणादायक कार्यों और अभूतपूर्व समर्पण के साथ बीएसएफ की महिला टीम सोमवार को राफ्टिंग करते हुए महुली गंगा घाट पहुंची। जिला गंगा समिति भोजपुर के जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला गंगा समिति के युवा टीम ने बीएसएफ ऑल- वूमेन राफ्टिंग टीम की भव्य स्वागत किया। अमित कुमार सिंह ने बताया कि टीम उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल के देवप्रयाग से पश्चिम बंगाल के गंगा सागर के लिए रवाना हुई है। यह दल 53 दिन में ढाई हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगी। उन्होंने कहा कि गंगा हमारी सांस्कृतिक विरासत है और देश धरोहर का प्रतिनिधित्व भी करती है। यह पहली बार है कि जब एक महिला टीम गंगा नदी में राफ्टिंग कर स्वच्छ गंगा और महिला सशक्तीकरण का संदेश दे रहीं हैं। जिला गंगा समिति के टीम सदस्यों ने सभी महिला जवानों को इस साहसिक यात्रा के सफल होने की कामना की। इस दौरान महिला दल ने सभी सदस्यों को प्रतीक चिह्न भेंट किया। बीएसएफ की महिला टीम के सदस्यों में भोजपुर जिले की ब्यूटी कुमारी भी इस टीम का हिस्सा है, जो जिले के लिए गौरव की बात है। ब्यूटी कुमारी बड़हरा प्रखंड के करजा-भूसौला गांव की रहने वाली है।वह बीएसएफ में है। सौभाग्य मिला है कि गंगा को निर्मल बनाने में लगे हैं : विकास बीएसएफ की महिला राफ्टिंग टीम की ओर से असिस्टेंट कमांडेंट विकास कुमार ने कहा कि हमें सौभाग्य मिला है कि हम अपने महिला टीम के साथियों के द्वारा पूरे यात्रा में लोगों को गंगा को निर्मल और स्वच्छ बनाने के लिए जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। इस टीम की नेतृत्व प्रिया मेनन और प्रियंका कुमारी के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मां गंगा क्लब कुदरिया के सचिव मनीष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, नागा बाबा युवा क्लब के अध्यक्ष सनी सिंह, नूरपुर युवा क्लब के सदस्य हरिओम सिंह, अध्यक्ष टिंकू कुमार, पीयूष कुमार, अमन कुमार, पवन कुमार, सोनू गोड़, जीतू मल्लाह, आदित्य सिंह, सुंदरम कुमार, मुरारी तिवारी, मनीष तिवारी सहित अन्य युवा थे।



## जो भी अवतार प्रभु ने लिया है सब श्रेष्ठ हैः प्रदीप महाराज

**आरा|** महावीर स्थान के समीप चल रहे श्री सीताराम विवाह महोत्सव में छठे दिन श्रीमद भागवत कथा व्यास श्री प्रेममूर्ति प्रदीप जी महाराज ने कहा कि ईश्वर के हजारों नाम रूप और गुण है, पर 24 अवतारों में तीन जन्म प्रमुख है। श्रीराम, श्रीकृष्ण और परशुराम अवतारों पर सभी कल्पों मन्वंतर, जो भी अवतार प्रभु ने लिया है सब श्रेष्ठ है। श्रीमद भागवत कथा श्रवण मनन से इंसान के अंदर माया, मोह, लोभ और मद से दूर हो जाते है। श्री रामचरित्र मानस पाठ करते शशि भूषण जी महाराज ने कहा कि प्रभु की लीला अनन्त जिसे जब चाहे जैसा चाहे वैसे ही कार्य कराते है, जिसका उदाहरण प्रभु श्री राम, माता पिता के वचनों के पालन करने लिए जंगल में प्रस्थान किए, तब सभी अयोध्या वासियों ने साथ में तमसा नदी पर रात्रि में निवास किए। वे सब अपनी सुख को छोड़कर जंगल में रहना स्वीकार किया। श्रीराम जी ने लाख समझाए पर कोई अयोध्या नहीं लौटना चाहे ,तब प्रभु ने सुमंत जी के साथ श्रृंगरपुर पहुंचे वहां उनकी आगमन निषाद राज गुह ने स्वागत किया। ईश्वर,गुरु या धर्म क्षेत्र में खाली हाथ नहीं जानी चाहिए। भागवत जी का पूजन ऊषा पाण्डेय, लालती सिंह, लीला सिंह,संतोषी पाण्डेय, आशा देवी, उर्मिला सिंह, राधिका देवी, रंजू देवी, उर्मिला सिन्हा, सुनीता सिंह, पुष्पा सिन्हा, प्रतिमा मधुकर, मिथलेशी देवी व मीरा गुप्ता ने किया।

## बांग्लादेश की घटना को ले 5 को होगा महाधरना

**आरा|** जिला समाहरणालय के समक्ष 5 दिसंबर को महाधरना होगा। इसे लेकर राष्ट्रीय भारतीय समाज के मनमोहन चौबे ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदू एवं अन्य कई धार्मिक लोग अल्पसंख्यक हैं। इसके बावजूद उनके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। पुजारियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इस्कॉन के संत को अनावश्यक गिरफ्तार कर अपमानित किया जा रहा है। सरकारी नौकरी में रहे हिंदुओं से जबरन इस्तीफा लिया जा रहा है। यह काफी शर्मनाक बात है। इससे हम सभी मर्माहत हैं। धरना के माध्यम से पूरे विश्व को बताना है कि हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध कोई नहीं बोल रहा है। विश्व समुदाय भी शांत बैठा हुआ है।

## उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डीईओ होंगे सम्मानित

**आरा|** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना भोजपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) को सम्मानित करेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सचिव प्रमोद कुमार ने भोजपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन को तीन दिसंबर मंगलवार को ज्ञान भवन, सम्राट कन्वेंशन हॉल में सुबह ग्यारह बजे बुलाया है। भोजपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी को यह सम्मान माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2024 के स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं सफल संचालन, व्यवहृत उत्तरपुस्तिकाओं के बारकोडिंग करने के साथ-साथ मूल्यांकन कार्य में सराहनीय योगदान के लिए मिलेगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन पर मेधा दिवस का आयोजन पटना में किया गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की तरफ से उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला शिक्षा पदाधिकारी को सम्मानित किया जाएगा।



# बुजुर्ग महिला को चाकू मारने मामले में प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता। आरा



♦ बेटा के बयान पर छोटे भाई की पत्नी, सास,ससुर समेत पांच नामजद आरोपित

भोजपुर जिले के धनगाई थाना के धनगाई गांव में एक बुजुर्ग महिला को चाकू से घायल किए जाने के मामले में प्राथमिकी करा दी गई है। घायल महिला के पुत्र पिंटू तिवारी के बयान पर हुई प्राथमिकी में छोटी बहु अंकु देवी,उसके पिता अनील चौधरी उर्फ हनुमान चौधरी, मां सुमिता देवी,भाई अंकित चौधरी तथा सुशील तिवारी को नामजद आरोपित किया गया है। जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। पिंटू तिवारी ने बताया कि चार वर्ष पूर्व उनकी छोटी भाई शैलेंद्र तिवारी की पत्नी अंकू देवी व उसके परिवार वालों ने मिलकर उनके भाई शैलेश गर्म चावल फेंककर बुरी तरह जला दिया था। जिसके बाद घर से सोने का गहना लेकर जमशेदपुर से आरा भाग आई थी। चार वर्षों से उनके भाई के ससुराल वालों से विवाद चला आ रहा है।

**मामले की जांच के बाद होगी कार्रवाईः** आगे बताया कि जब उनकी मां अपने घर पर थी। इस बीच उनकी छोटी बहू अंकू देवी का भाई अंकित चौधरी समेत नामजद आरोपी के साथ वहां आ धमका। वह घर से बाहर निकली। तभी उसने उन्हें पकड़कर पहले गर्दन दबाया फिर ताबातोड़ चाकू से उन पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष रितेश दुबे ने बताया कि घरेलू विवाद में घटना को अंजाम दिया गया है। प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच की जा रही है जल्द ही मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी

# भोजपुर में बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, मौत

निज संवाददाता। आरा



♦ पति के साथ खेत से बोझा लेकर घर जा रही थी, बाइक की टक्कर से हुई घायल

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव के पास मंगलवार को खेत से लौट रही एक महिला को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव के वार्ड 6 निवासी जितेंद्र कहार की पत्नी सुनैना देवी (50) है। मृतका के पति ने बताया कि घर से खेत में बोझा काटने गई थी। वापस बोझा लेकर घर की ओर आ रहे थे। इसी बीच गांव के मुख्य सड़क के पास बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सुनैना बुरी तरह जख्मी हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से जगदीशपुर के अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका के दो बेटे जितेश व सतीश एवं दो बेटी बुचन और राखी है। हादसे के मृतका के घर में कोहराम मच गया है।

# कुख्यात मिथलेश पासवान हत्याकांड में चौथा आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



♦ प्रेम-प्रसंग में साजिश के तहत हुई थी हत्या, मारी गई थी दस गोलियां

मिथलेश पासवान हत्याकांड का चौथा आरोपित को डीआईयू टीम और कोईलवर पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार था। गिरफ्तार आरोपी गोरख महतो इब्राहिमनगर का रहने वाला है। हालांकि गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। कोईलवर थानाध्यक्ष नरोतमचन्द्र ने बताया कि मिथलेश पासवान हत्या कांड में करिया महतो, राहुल यादव, विक्की महतो को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बाकी आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

**प्रेम-प्रसंग के विवाद में हत्या का आरोप में प्रथिमिकीः** बता दें कि चार जून 2024 की रात कोईलवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर सकड्डी एवं कुल्हड़िया गांव के बीच कुबेरचक निवासी मिथलेश पासवान की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। दूसरे दिन शव मिला था। मृतक 28 वर्षीय मिथिलेश पासवान कोईलवर थाना क्षेत्र के कुबेरचक, धनडीहां गांव वार्ड नंबर दो निवासी सुरेश पासवान का पुत्र था। अपराधियों ने काफी करीब उसे दस गोलियां मारी थी। जिसको लेकर मृतक के छोटे भाई शैलेश पासवान ने आनंद नगर निवासी प्रेमिका, इब्राहिमनगर निवासी गोरख महतो, उसके दोस्त करिया महतो, विक्की महतो, नकुल महतो अहिरपुरवा निवासी राहुल यादव और जमीरा निवासी अजीत महतो समेत सात के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई गई थी। प्रेम-प्रसंग के विवाद में आनंद नगर घर पर बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया था।

# दिव्यांगों ने अपनी मांगों को लेकर निकाला मार्च




♦ बक्सर में कलेक्ट्रेट तक की नारेबाजी, आंदोलन की दी चेतावनी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किला मैदान से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला। उसके बाद कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट को जाम कर जमकर नारेबाजी की। सैकड़ों दिव्यांग बैनर पोस्टर लेकर किला मैदान से अपनी ट्राई साइकिल , ई-रिक्शा आदि विभिन्न साधनों से मार्च शुरू किया। मार्च पुलिस चौकी,ज्योति चौक, अंबेडकर चौक से होते हुए कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट के पास पहुंची, जमकर नारेबाजी हुई। इस दौरान दिव्यांगों ने चौक चौराहों पर मौजूद महापुरुषों को फूल माला पहना कर आशीर्वाद भी लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगे आंदोलन किया जाएगा। बता दें कि दिव्यांग के संघ के जिला अध्यक्ष अगस्त उपाध्याय की ओर से कहा गया कि सरकार अगर अधिकार अधिनियम 2016 का पालन करें तो हमे किसी मांग को मानने की जरूरत ही नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य सभी राज्यों में दिव्यांग के लिए एक हजार से लेकर पांच हजार पेंशन है। जबकि, बिहार ही ऐसा राज्य है, जहां दिव्यांग को मात्र 400 रुपए पेंशन दिया जाता है। प्रति दिन का 13 रुपया पड़ेगा।

**21 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट गेट को किया जामः** दिव्यांगों के लिए 200 यूनिट बिजली फ्री दिया जाए। रोजगार के लिए बिना गारंटर का लोन दिया जाए। केस में सरकारी वकील बहाल किया जाए। दिव्यांगो के साथ हो रहे अत्याचारों पर प्रत्येक थाना प्रभारी की ओर से जल्द से जल्द उचित कार्रवाई किया जाए। वृद्ध व विधवाओं का मासिक पेंशन 3,000 रुपया दिया जाए। कलेक्ट्रेट एवं नगर परिषद् में रैप की व्यवस्था किया जाए। दिव्यांग प्रमाण बनाने में दिव्यांगों को उचित प्रतिशत नहीं मिलता है। दिव्यांगजनों को 4 डेसीमल जमीन आवास प्रयोजन लिए दिया जाए। दिव्यांग आवास,शौचालय बनाया जाए, प्राथमिकता के आधार पर। तीन पहिया स्कूटी दिया जाए। चौक चौराहे पर दुकान (कटरा) और जगह की व्यवस्था किया जाए। प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर बैटरी चार्जिंग पॉइंट की व्यवस्था किया जाए। जिससे आए दिन मोटोराइड गाड़ी के लिए चार्जिंग की व्यवस्था हो।

# 30 सालों में 1250 परिवार के सदस्य ही नेता,सांसद-विधायक बने

निज संवाददाता। आरा



♦ PK का परिवारवाद पर हमला, लालू यादव और रामविलास पासवान की पार्टी का दिया एग्जांपल

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर मंगलवार को आरा पहुंचे। उन्होंने जनता को बताया कि अब तक किस प्रकार से राजनेताओं ने उनके साथ छल किया है और उन्हें धोखा दिया है। पीके ने कहा कि किस तरीके से बिहार की राजनीति आज परिवारवाद की जंजीरों में जकड़ी हुई है। पिछले 30 वर्षों में बिहार में जो भी नेता, सांसद या विधायक बने हैं, वे चाहे किसी भी दल से हों, वे सिर्फ 1250 परिवारों के सदस्य हैं। यही 1250 परिवार के लोग मंत्री, विधायक और सांसद बनते आए हैं और इन्होंने समाज के मन में यह डर बैठा दिया है कि अगर आपके पास पैसा और जाति का समर्थन नहीं है, तो आप चुनाव नहीं लड़ सकते। प्रशांत किशोर ने उदाहरण देते हुए कहा कि लोगों को लगता है कि लालू यादव की पार्टी हो या रामविलास की पार्टी है, अगर भाजपा का उदाहरण लें तो बिहार में भाजपा का नेतृत्व सम्राट चौधरी कर रहे हैं, जो शकुनी चौधरी के पुत्र हैं। शकुनी चौधरी कांग्रेस शासनकाल में विधायक और मंत्री थे। जब लालू जी का शासन आया, तब भी वे विधायक और मंत्री बने। नीतीश कुमार की सरकार में भी उन्होंने यही भूमिका निभाई और मांझी के मुख्यमंत्री काल में भी वे विधायक और मंत्री रहे। आज जब भाजपा को राजनीति करनी है, तो उसे भी कोई और कुशवाहा नहीं मिला, बल्कि शकुनी चौधरी का ही लड़का मिला। प्रशांत किशोर ने जनता को बताया कि आपको लगता है कि आपने कांग्रेस हटाकर लालू को लाया, लालू को हटाकर नीतीश को लाया और फिर भाजपा को लाया। लेकिन हकीकत यह है कि परिवार वही 1250 का शासन कर रहा है। चाहे सरकार किसी की भी हो, शासन उन्हीं परिवारों के हाथ में रहता है।

# पप्पू यादव को धमकी देने वाला गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



इंटरनेशनल अंडरवर्ल्ड डॉन लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को हत्या की धमकी देने के आरोप में भोजपुर जिले में एक युवक की गिरफ्तारी हुई है। आरोपी रामबाबू यादव, शाहपुर थाना क्षेत्र में सहजौली पंचायत के डुमरिया गांव का निवासी है। युवक ने संसद को जान से मारने के लिए एक वीडियो वायरल किया था। इसके बाद पहले से पप्पू यादव को लगातार हत्या की मिल रही धमकियों के कारण सतर्क बिहार पुलिस के साथ-साथ शाहपुर थाना की पुलिस भी चौकन्नी हो गई। वायरल वीडियो के आधार पर थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत ने धमकी देने वाले का युवक का पहचान रामबाबू यादव किया। इसके बाद पुलिस को मुखबिरों से रामबाबू के बिहिया थाना क्षेत्र के चकवथ गांव में किसी दोस्त के पास होने का इनपुट मिला। रविवार की देर रात गांव में गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, रामबाबू के गैंग को पुलिस के आने की भनक पहले ही मिल चुकी थी। इसलिए वह भागने के लिए सड़क पर निकल आया था। लेकिन, उसकी टोह में लगी पुलिस और डिस्ट्रिक्ट इन्वेस्टिगेशन यूनिट (डीडीयू) ने रामबाबू को दबोच लिया। इस दौरान भोजपुर और पूर्णिया जिलों की पुलिस से आपस में समन्वय बनाए हुई थी। गिरफ्तारी के बाद पूर्णिया जिला की पुलिस शाहपुर थाना पहुंची। रामबाबू को लेकर पूर्णिया चली गई। सांसद पप्पू यादव की हत्या को लेकर काफी दिनों से लगातार धमकियां मिल रही हैं। पूर्णिया में इस सिलसिले में एफआईआर भी की गई है। इसलिए अनुसंधान की दृष्टिकोण से भोजपुर पुलिस ने रामबाबू को पूर्णिया पुलिस को सोमवार को सौंप दिया। रविवार 1 दिसंबर को पप्पू यादव के पीए को 13 सेकेंड का वीडियो भेजकर 5 से 6 दिन में हत्या की धमकी दी गई थी। धमकी देने वाले ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया था। उसने व्हाट्सएप कॉल पर कहा था कि पप्पू यादव से कहिए कि वो लॉरेंस साहब से माफी मांग ले। अगर वो माफी नहीं मांगते हैं, तो हमलोग उन्हें मार देंगे। बार-बार कहा जा रहा है कि माफी मांग ले। हमलोग पटना पहुंच चुके हैं। हमलोगों को आर्डर मिला है। माफी मांग लेंगे, तो हमलोग लौट जाएंगे। नहीं तो हमलोग तो इंतजार में हैं। जिस दिन मौका मिलेगा, मार देंगे। दूसरी तरफ, धमकी का ऑडियो /वीडियो वायरल होने लगा। भोजपुर पुलिस भी सतर्क हो गई। दादा बोले; रामबाबू छठवीं-सातवीं तक पढ़ा है, उसको घर से नहीं मतलब गिरफ्तार रामबाबू के दादा जयशंकर यादव ने बताया कि वह अपने घर पर नहीं रहता है। कभी-कभार घर आता है।

# दिसंबर लास्ट तक चलेगी पटना-नई दिल्ली-मुजफ्फरपुर-आनंद बिहार क्लोन स्पेशल

निज संवाददाता। बक्सर



त्योहारी सीजन के बाद यात्रियों की बढ़ती भीड़ और उनकी मांग को देखते हुए रेलवे ने पटना-नई दिल्ली और मुजफ्फरपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशल ट्रेनों के परिचालन को दिसंबर 2024 के अंत तक बढ़ा दिया है। यह फैसला पूर्व-मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर लिया गया है।

**पटना-नई दिल्ली क्लोन स्पेशलः** पटना से नई दिल्ली (गाड़ी संख्या 02393):1 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक चलेगी। यह ट्रेन हर दिन उपलब्ध होगी, सिर्फ गुरुवार को नहीं चलेगी। नई दिल्ली से पटना (गाड़ी संख्या 02394):2 दिसंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन हर दिन उपलब्ध होगी, सिर्फ शुक्रवार को नहीं चलेगी।

**मुजफ्फरपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशलः** मुजफ्फरपुर से आनंद विहार (गाड़ी संख्या 05283):2 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक प्रतिदिन उपलब्ध होगी। आनंद विहार से मुजफ्फरपुर (गाड़ी संख्या 05284):3 दिसंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक प्रतिदिन चलेगी।

**यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहतः** बक्सर सहित बिहार के अन्य क्षेत्रों से कामकाज के सिलसिले में दिल्ली और आनंद विहार जाने वाले यात्रियों को इन विशेष ट्रेनों से बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पहले ट्रेन की समय सारिणी और सीटों की उपलब्धता की जानकारी अवश्य ले लें। यह सेवाएं त्योहारों के बाद भीड़भाड़ को कम करने में मदद करेंगी और यात्रियों को आरामदायक सफर का अनुभव प्रदान करेंगी।

# सड़क निर्माण को लेकर 17 दिन से जारी धरना समाप्त

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में MLC राधाचरण सेठ के आश्वासन पर माने, जल्द काम शुरू कराने का दिलाया भरोसा

बक्सर के चौसा नगर पंचायत में चौसा स्टेशन रोड के निर्माण को लेकर 17 दिनों से चलने वाली धरना को एमएलसी राधा चरण सेठ ने पहुंच धरना को खत्म करा दिया है। धरना देने वालों को आश्वासन दिया है। एक दो दिन में इसका डीपीआर तैयार कर बहुत जल्द ही निर्माण कराया जायेगा। धरना का नेतृत्व कर रहे विकास राज को राधाचरण मिठाई खिलाकर धरना को समाप्त कराया है। निर्माण के आश्वासन पर इस जर्जर सड़क पर सफर करने वाले को एक बार फिर अच्छे सड़क पर सफर की उम्मीद जगी है।

**एमएलसी ने निर्माण कराने का दिया आश्वासनः** धरना का नेतृत्व कर रहे चौसा नगर पंचायत उप चेयर मैन प्रतिनिधि विकास राज ने बताया की 17 दिन से बक्सर कोचस मुख्य मार्ग स्थित बजरंग मोड़ से चौसा स्टेशन तक जाने वाली जर्जर सड़क को निर्माण के लिए मांग कर रहे थे। जिसको लेकर आरा बक्सर के एमएलसी राधा चरण सेठ आज पहुंचे थे। उनके द्वारा बताया गया की इस सड़क की मांग को लेकर विधान सभा में आवाज उठाया गया था। पथ निर्माण विभाग के एसडीओ और सुपार्डेटिंग स्क्यूटिव से बात हुई। उन्होंने आज सुबह से ही बताया की बक्सर जिला से मुख्यमंत्री विकास योजना के तहत जो भी योजना चयनित किया जा रहा है। प्रमुख रूप से इस सड़क निर्माण को वरीयता देते हुए इसका निर्माण कराया जायेगा। बक्सर जदयू के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा भी बताया गया की इस योजना को एक दो दिन के अंदर स्वीकृत दे दी जायेगी।

**50 गांव के लोग जर्जर सड़क पर चलने को थे मजबूरः** बता दें की चौसा नगर पंचायत स्थित स्टेशन की तरफ जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गया था। दो साल से कई नेता और प्रतिनिधि द्वारा सड़क निर्माण को लेकर आश्वासन दिया जा रहा था। लेकिन दो साल से लगभग 50 गांव के लोग इस जर्जर सड़क पर सफर करने को मजबूर थे। एक साल के अंदर सड़क की हालत और खराब हो गई थी। नगर पंचायत द्वारा लोगो राहत देने के लिए ईंट गड्ढों में भरवाया गया।लेकिन इस सड़क पर सफर करने वाले लोगो के लिए और मुसीबत हो गई।आए दिन ई रिक्शा का पलटने की तस्वीर सामने आते रहते है।जिसको लेकर उपचेयर मैन प्रतिनिधि अपने साथियों को लेकर सड़क निर्माण को लेकर धरने पर बैठ गए। धरने के 17वें दिन राधा चरण सेठ चौसा पहुंचकर धरना समाप्त कराया है। साथ ही बहुत जल्द सड़क निर्माण कराने का आश्वासन भी दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएन कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

**भागलपुर**। एनएसएस, बीएन कॉलेज भागलपुर और एचडीएफसी बैंक की खलीफाबाग चौक शाखा ने संयुक्त रूप से सोमवार को रक्तदान शिविर लगाया। उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ठाकुर ने किया। शिविर में सदर अस्पताल भागलपुर की मेडिकल टीम में डॉ. शिवम कुमार झा, केशव कुमार सिंह, सिस्टर सोनी, शंभु कुमार, जाकिर, निहारिका कुमारी, पुष्पलता, किंजल कुमारी शामिल थीं। बैंक की ओर से जीतेन्द्र कुमार सिन्हा, विक्की कुमार, संदीप मंडल, विजय कुमार उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं ने 11 यूनिट रक्तदान किया। सोनू कुमार, गौरव कुमार, अंकित कुमार मंडल, दिव्या राज, हिमांशु राज, सुमित कुमार, अमित कुमार, गुलजार अली, साफिया, मिथिलेश कुमार साह, काजल कुमारी ने रक्तदान किया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से जरूरतमंदों को समय पर रक्त की उपलब्धता से जीवन रक्षा होती है। आयोजन में कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. इरशाद अली ने सहयोग किया।

### हाईकोर्ट में सूची में शामिल नहीं हो सकी याचिका, अब इसकी नई तिथि तय होगी

**भागलपुर**। टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल की अर्हता और नियुक्ति की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। सुनवाई के लिए यह याचिका सोमवार को सूची में नहीं आ सकी। अब कोर्ट इसकी सुनवाई के लिए नई तिथि तय करेगा। जवाहर लाल की अर्हता और नियुक्ति की प्रक्रिया को टीएमबीयू के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. गिरिजेश नंदन कुमार ने चुनौती दी है। गिरिजेश याचिका देकर दावा किया है कि जवाहर लाल कुलपति बनने के लिए प्रोफेसर के पद पर 10 साल के अनुभव की अनिवार्य अर्हता नहीं रखते हैं। उनके इस अनुभव की अर्हता 10 साल से कम है। उन्होंने यह दावा भी किया है कि जवाहर लाल की नियुक्ति की प्रक्रिया में यूजीसी के प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए थे जबकि कुलपति की नियुक्ति में यूजीसी का प्रतिनिधि शामिल होना अनिवार्य है। मामले में यूजीसी ने भी हाईकोर्ट में हलफनामा दिया है कि कुलपति की नियुक्ति के लिए जो सर्च पैनल बनता है उसमें उसका प्रतिनिधि भी शामिल रहना चाहिए। जवाहर लाल की नियुक्ति पूर्व कुलाधिपति सह तत्कालीन राज्यपाल फागू चौहान ने की थी। जवाहर लाल ने टीएमबीयू में अगस्त 2022 में योगदान दिया था। दरअसल गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति की फाइल को लेकर जवाहर लाल और गिरिजेश नंदन कुमार के बीच अनबन हुई थी। शिक्षा विभाग में इससे जुड़ी एक बैठक में कुलपति जवाहर लाल ने आरोप लगाया था कि गिरिजेश नंदन फाइल नहीं बढ़ा रहे जिस वजह से नियुक्ति में देर हुई। उसी बैठक में गिरिजेश नंदन कुमार ने आरोप लगाया था कि वह फाइल कुलपति कार्यालय को दे चुके हैं और कुलपति आरक्षण रोस्टर का पालन किए बिना नियुक्ति करना चाहते हैं। इसके बाद कुलपति ने गिरिजेश नंदन कुमार को निलंबित कर दिया था।

### 2000 लीटर जावा महुआ को किया गया विनष्ट:शराब बनाने वाले कारोबारी पर पुलिस ने की कारवाई

**मुंगेर**। मुफ्फसिल थाना पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए गंगा पार कुतलूपुर दियारा में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी कर 150 लीटर देसी शराब, करीब 2000 लीटर देसी शराब बनाने का घोल अर्थात फुला हुआ महुआ को विनष्ट किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दियारा क्षेत्र में शराब बनाने का उपकरण, गैस सिलेंडर, बर्तन आदि को बरामद किया। वहीं शराब बनाने वाले तस्कर की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि दियारा क्षेत्र में फसल की आड़ में शराब बनाया जा रहा था। जिसके बाद पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दियारा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर चोरी छिपे देशी शराब बनाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस के द्वारा पहले इसका सत्यापन किया गया। इसके बाद नाव से गंगा पार कर दियारा क्षेत्र में कारवाई करते हुए शराब बनाने वाले उपकरण के अलावा जावा महुआ को विनष्ट किया गया। वहीं पुलिस की भनक लगते ही शराब तस्कर भागने में सफल रहा। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि दियारा क्षेत्र में शराब बनाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद हमलोगों के द्वारा कार्रवाई किया गया। शराब तस्कर की पहचान कर आगे की कारवाई जारी है।

### 6 को लगेगा जॉब कैंप, 50 का चयन

**मुंगेर**। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने जानकारी दी कि 6 दिसंबर के जिला नियोजन कार्यालय, मुंगेर में जॉब कैंप लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जॉब कैंप में कुल 50 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि मेटर इंस्टॉलर पद को लेकर 25 वैंकेसी और सर्वेयर पद पर 25 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। अभ्यर्थियों का उम्र 21 साल से 40 साल के बीच होनी चाहिए। अभ्यर्थी जो जॉब कैंप में शामिल होना चाहते हैं। वे जिला नियोजन कार्यालय जाकर एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन अवश्य करा लें।

### गर्मी छुट्टी में छात्रों को होमवर्क व प्रोजेक्ट मिलेगा

**मुंगेर**। जिले के सरकारी स्कूलों में मल्टी टाइमिंग सिस्टम लागू होगा। स्कूलों में हेड मास्टर, छात्रों की संख्या के मुताबिक स्कूल का समय निर्धारित करेंगे। छोटे और बड़े छात्र अलग-अलग समय स्कूल आएंगे। इसकी जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. असगर अली ने बताया कि इससे स्कूलों में कमरों की कमी की समस्या खत्म हो जाएगी। बच्चों को पहले की तरह पेड़ के नीचे और बरामदे में नहीं पढ़ाया जाएगा। संगीत, खेल-कूद, शारीरिक शिक्षा के लिए भी स्कूल के परिसर में पर्याप्त जगह होगी। शनिवार को नो यूनिफॉर्म डे घोषित रहेगा। छात्र-छात्राओं को शनिवार छोड़, सोमवार से शुक्रवार तक स्कूल ड्रेस में आना है। स्कूल बंद होने के बाद छात्रों को शिक्षित स्थानीय युवक भी पढ़ाएंगे। जिससे छात्रों की अधिक से अधिक पढ़ाई हो सके। इसके लिए विभाग स्थानीय युवकों से भी संपर्क करेगा। साथ ही कक्षा में कमजोर छात्र को आगे की दो लाइन में बैठाया जाएगा। पीछे की सीट पर पढ़ाई मे तेज छात्र बैठेंगे। एनिमेशन व फ़िल्म के जरिये बच्चों की होगी पढ़ाई स्कूलों में एनिमेशन, फिल्म के जरिए छात्रों को पढ़ाया जाएगा। स्मार्ट क्लासेज चलाने की तैयारी भी की जा रही है। इससे अधिक से अधिक छात्रों को फायदा होगा। शिक्षकों की किसी भी तरह की ट्रेनिंग नियुक्ति वाले जिले में ही होगी। ट्रेनिंग के लिए दूसरे जिले में नहीं जाना होगा। हर वर्ष किताबों को अपडेट किया जाएगा। जिससे छात्रों को पुरानी जानकारी नहीं मिले।

### डिवाइन हैप्पी स्कूल में लगाई मोबाइल साइंस प्रदर्शनी



**भागलपुर**। डिवाइन हैप्पी स्कूल में सोमवार को मोबाइल साइंस प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत के तहत जिले के लिए साइंस बस रवाना किया गया है। जिले के विभिन्न स्कूल होते हुए सोमवार को यह बस डिवाइन हैप्पी स्कूल पहुंची थी। यहां छात्रों को "भोजन और स्वास्थ्य" विषय पर विज्ञान के अनोखे और रोचक पहलुओं से रूबरू कराया गया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच को विकसित करना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था। डिवाइन हैप्पी स्कूल की प्राचार्य मनीषा मधुश्री ने कहा "इस प्रदर्शनी ने छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा की है और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

# अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम पर पत्थरबाजी, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ बिहार सरकार की जमीन पर बने मंदिर को तोड़ने पहुंची थी टीम

भागलपुर में मंगलवार को अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस टीम पर आक्रोशित भीड़ ने पत्थरबाजी कर दी। सरकारी जमीन पर हनुमान मंदिर बना है, जिसे टीम हटाने पहुंची थी। मौके पर शाहकुंड प्रखंड के अंचल अधिकारी भी मौजूद थे। इसी दौरान आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। थोड़ी ही देर बाद मौके पर तैनात सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। घटना सजौर थाना क्षेत्र के डीह दरियापुर की है। अंचल अधिकारी के बयान पर सजौर थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

**पुलिस की कार्रवाई से लोग आक्रोशित हो गए**: बताया जा रहा है कि अंचल अधिकारी के नेतृत्व में टीम सरकार की जमीन पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा को हटाने गई थी। इसी बीच लोगों ने प्रतिमा को हटाने का विरोध शुरू कर दिया। जब पुलिस ने कार्रवाई शुरू की तो लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। स्थानीय निवासी बबलू यादव और सुरेंद्र का कहना है कि पिछले एक साल से यहां मंदिर बना है और हम लोग पूजा पाठ करते हैं। हम लोगों के पास जमीन नहीं है। इसलिए हम लोगों ने सरकारी जमीन पर मंदिर बनवाई थी, लेकिन अब पुलिस उसे तोड़ रही है।

**अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज**: सजौर थाना अध्यक्ष सूरज कुमार सिंह ने बताया कि 'बिहार सरकार की जमीन पर हनुमान जी के मंदिर को स्थापित किया गया है। अंचल अधिकारी के नेतृत्व में हम लोग पुलिस टीम के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचे। लोग आक्रोशित हो उठे। इनमें से कुछ अज्ञात लोगों ने पत्थरबाजी कर दी। हालांकि, इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। अंचल अधिकारी के लिखित बयान के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मुंगेर में बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**मुंगेर**। मुंगेर जिला के सफियाबाद थाना क्षेत्र के हलिमपुर गांव में सोमवार की मध्य रात्रि में चोरों ने बंद घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर गोदरेज तोड़कर उसमें रखे जेवरात सहित मोबाइल और इंडक्शन चूल्हा लेकर फरार हो गए। घटना हलिमपुर निवासी स्वर्गीय विद्या मंडल के बेटे दीपक कुमार के घर की बताई गई है। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित दीपक कुमार ने बताया कि घर के पास में ही शादी था, हमलोग बारात देखने गए थे। घर आने के बाद हमलोग एक रूम में सोने चले गए। वहीं दूसरे रूम में रखे गोदरेज से चोरों ने जेवरात, इंडक्शन चूल्हा, दो मोबाइल सहित अन्य जरूरत की चीज लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना हम लोगों ने डायल 112 को दिया है। डायल 112 की पुलिस टीम आई और मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में सफियाबाद थानाध्यक्ष अमरेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस जांच में गयी थी। लेकिन अबतक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस अपने स्तर से जांच में जुटी हुई है।

## TMBU में बेवजह तालाबंदी पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ यूनिवर्सिटी को बिना किसी वजह बंद करने वाले छात्रों पर कसेगा कानूनी शिकंजा

भागलपुर के TMBU में सोमवार को छात्र नेता की ओर से 6 घंटे तक यूनिवर्सिटी को बंद कर आंदोलन किए गए मामले में यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट ने संज्ञान लिया है। TMBU मैनेजमेंट ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए इसमें शामिल छात्रों पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। प्रॉक्टर प्रॉक्टर अर्चना कुमारी साह ने कहा कि यूनिवर्सिटी में बेवजह हंगामा और तालाबंदी करने वाले छात्रों और छात्र संगठनों पर कानूनी शिकंजा कसा जायेगा। किसी भी सूरत में यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक और प्रशासनिक माहौल को खराब नहीं होने दिया जायेगा। हंगामा, प्रदर्शन और तालाबंदी करने में शामिल सभी दोषी छात्रों की शिनाख्त कर कानूनी और अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय को जबरन बंद कराना इसमें शामिल छात्रों की उदंडता को दर्शाता है। साथ ही इससे सरकारी कामकाज में भी बाधा आती है। प्रॉक्टर ने कहा कि यहां छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी की सामाजिक प्रतिष्ठा और साख को बरकरार रखने में सबों का सहयोग जरूरी है। छात्र अपनी समस्या को उचित माध्यम से रखें न कि हंगामा और तालाबंदी करे। यूनिवर्सिटी में हंगामा करने वाले छात्रों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी दोषी छात्रों को कार्रवाई के जद में लाया जाएगा। यूनिवर्सिटी का अनुशासन तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। इधर, DSW प्रोफेसर बिजेंद्र कुमार और प्रॉक्टर अर्चना कुमारी साह के समझाने पर सोमवार को विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में तालाबंदी करने वाले छात्रों ने कर्मचारियों को काम पर जाने दिया।

## भागलपुर क्रिकेट लीग सीजन थ्री, सैंडिस कंपाउंड ग्राउंड में आज खेले जाएंगे दो मुकाबले

निज संवाददाता। भागलपुर



तिलकामांझी-अंग और बूढ़ानाथ-बटेश्वर के बीच होगी टक्कर

भागलपुर क्रिकेट लीग सीजन थ्री में आज यानी मंगलवार को दो मैच खेले जायेंगे। पहले मैच में बूढ़ानाथ चैंपियंस और बटेश्वर पलटन के बीच मुकाबला होगा, जबकि दूसरे में तिलकामांझी फाइटर्स व अंग सुपर किंग्स के बीच मैच होगा। दोनों मैच सैंडिस कंपाउंड स्टेडियम में खेले जाएंगे। सोमवार को भागलपुर क्रिकेट लीग सीजन थ्री में दो मैच खेले गये। पहले मैच में अंग सुपर किंग्स ने त्रिलोकीनाथ टाइगर्स को पांच रनों से पराजित कर दिया। दूसरे मैच में विक्रमशिला वॉरियर्स ने बूढ़ानाथ चैंपियंस को तीन विकेट से हराया। हरफनमौला प्रदर्शन के लिए पहले मुकाबले में अंग सुपर किंग्स के शहवाज अनवर व दूसरे मैच में शतक बनाने वाले विक्रमशिला वॉरियर्स के मंगल महरूर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**शहवाज की घातक गेंदबाजी की बदौलत टीम को मिली जीत**: अंग सुपर किंग्स के शहवाज अनवर की घातक गेंदबाजी के बदौलत टीम को जीत मिली। त्रिलोकीनाथ टाइगर्स की टीम लक्ष्य भेदने में कामयाब नहीं हो पायी। पहले मैच में अंग सुपर किंग्स के कप्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी में दीपेश ने 57 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि, राहुल ने 26 व नवनीत ने 23 रन बनाये। त्रिलोकीनाथ टाइगर्स की तरफ से गेंदबाजी में शशि शेखर ने तीन विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी त्रिलोकीनाथ टाइगर्स की टीम 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 132 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी में सवरजीन आदित्य ने सर्वाधिक 38 व राकेश ने 33 रन बनाये। अंग सुपर किंग्स की ओर से गेंदबाजी में शहवाज अनवर ने तीन विकेट चटकाये। जबकि मेहताब मेंहदी, सूर्यवंश, चंदन व राहुल ने एक-एक विकेट लिये।

**अंतिम ओवर में भानू ने दो छक्का लगाकर टीम को दिलायी जीत**: दूसरे मैच का टॉस बूढ़ानाथ चैंपियंस के कप्तान ने जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 208 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी में वीरू सिंह ने 82 रन व आदित्य सोनी ने 60 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

## निगम में आगलगी और चोरी मामला अब नहीं सुलझा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर निगम कार्यालय में रखा सामान और लकड़ी समेत लाखों रुपए की संपत्ति आग में जलकर राख हो गई थी। जो सामान जले थे, वे अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान जब्त किए गए थे। आग लगने की इस घटना की अब तक जांच पूरी नहीं हो पाई है। इसके अलावा, पार्षद भवन के पास एक भवन से लगभग 15 दिन पहले 50 क्विंटल पॉलीथिन की चोरी का मामला भी आया था, जिसकी जांच भी पूरी नहीं हो पाई है। सवाल ये कि जांच प्रक्रिया ही पूरी नहीं हुई है, तो कार्रवाई किस पर होगी? पार्षद एकता मंच के पूर्व अध्यक्ष सह स्थायी समिति सदस्य संजय सिन्हा, पार्षद नंदिकेश शांडिल्य, रंजीत मंडल, अनिल पासवान, गोविंद बनर्जी, पंकज गुप्ता, अश्विनी जोशी मोंटी आदि ने घटना की शीघ्र जांच कराने की मांग की है। पार्षदों को शक है कि मामले को ठंडे वेस्ट में डालने की कोशिश तो नहीं हो रही है। ताकि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई हो सके और नगर निगम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निश्चिंत हो सकें। मामले पर तत्कालीन पॉलीथिन मुक्त अभियान प्रभारी शंकराचार्य उपाध्याय ने बताया कि पिछले तीन साल में लगभग 50 क्विंटल पॉलीथिन व अन्य संबंधित सामान जब्त किये गये थे। इसे पार्षद भवन समीप निर्माणाधीन शौचालय परिसर में ताला लगाकर रखा गया था। साथ ही कुछ सामान स्वास्थ्य शाखा व निर्माणाधीन अशोक भवन के मध्य खाली स्थान पर रखा गया था। डाक से आगत-निर्गत शाखा को लिखित शिकायत की थी। अब तक कोई जांच की बात सामने नहीं आयी है। न ही कार्रवाई हुई।

**फिर से अतिक्रमणकारियों का जब्त सामान पहले की तरह रखा जा रहा**: अतिक्रमणकारियों से जब्त सामान को फिर नगर निगम परिसर में उसी स्थान पर रखा जा रहा है। जहां पहले रखा गया था और एक चिंगारी से करोड़ों की संपत्ति खाक हो गयी। इसमें अतिक्रमणकारियों का जब्त सामान, लाखों की गाड़ियां व पेड़ जलकर बर्बाद हो गये। अब तक मलबा भी जस की तस है। इसी साल सात अप्रैल की देर शाम नगर निगम कार्यालय में भीषण आग लग गयी थी। अग्निशमन विभाग की जांच रिपोर्ट में यह खुलासा नहीं हो पाया कि किस वजह से आग लगी थी। मेयर डॉक्टर बसुंधरा लाल ने बताया कि चोरी की घटना की सीसीटीवी फुटेज से जानकारी लेने और जांच कराने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा आग लगने की घटना की भी जांच पूरी नहीं हो पायी है।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना।
(नोटिस)

नाम–(1) मृत्युंजय भुईयां, पिता–बाबुलाल भुईयां, सा0–नवडीह, थाना–छिपादोहर, जिला–लातेहार राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप भंडरिया थाना कांड सं0–79/2019 दिनांक–03.06.2019 धारा–302, 201, 34, भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। माननीय न्यायालय श्री कृष्णा लोहरा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया गया है। उक्त इश्तिहार जिसका विधिवत तामिला दिनांक–24.09.2023 को स्थानीय लोगों के समक्ष कराया गया है। परन्तु आप अपने स्थाई पता से भी फिरार है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय श्री कृष्णा लोहरा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आप अविलंब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.341007 Police(24-25):D

कार्यालय : जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त, पलामू
(जिला नजारत शाखा)
Tel. No. ( Office) – 06562-231044
E-mail ID –dc-pal@nic.in

निविदा

पलामू जिला में अतिविशिष्ट व्यक्तियों के कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए सभा आयोजन स्थल पर पण्डाल (German Hanger Structure), उपस्कर एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं हेतु जिला प्रशासन, पलामू के द्वारा एतद् के माध्यम से निविदा दिनांक 27.12.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित शर्त्तों एवं नियमों को जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 341080 District (24-25)_D

ढीबाडीह मौजा के पास जसीडीह–रोहिणी रोड को ब्लॉक करने के संबंध में सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जसीडीह बाईपास परियोजना के लिए जसीडीह–रोहिणी पथ में ढीबाडीह मौजा के पास प्रस्तावित सड़क ऊपरी पुल (ROB) के निर्माण हेतु दिनांक 17.12.2024 से 16.05.2025 तक जसीडीह–रोहिणी पथ पर 50 मीटर लम्बाई में सभी तरह के वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। उपरोक्त अवधि के दौरान **रायडीह, ढीबाडीह, वसुवाडीह, बाघमारा रोहिणी गेट होते हुए वैकल्पिक मार्ग** उपलब्ध है। असुविधा के लिए खेद है।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/I, आसनसोल

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

कार्यालय नगर पंचायत मझिऑँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक– 1148, न0पं0 दिनांक– 03.12.2024

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझिऑव अंतर्गत स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (चतुर्थ घटक) के तहत लाभान्वित निम्न लाभुको को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव द्वारा प्रथम किस्त (45000रू) की राशि निर्गत किये जाने के बावजुद भी आपके द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जो बहुत ही खेद का विषय है। इस कार्यालय के द्वारा आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु आपको कई बार सूचना दी गई है, फिर भी आपके द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिससे ऐसा प्रतित होता है कि आप आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु इच्छुक नहीं है। लाभुक की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

अतः उक्त लाभूकों को सामाचार पत्र के माध्यम से अंतिम बार सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर आवास निर्माण का कार्य प्रारम्भ करते हुए कार्यालय में सूचित करेंगे। उक्त अवधि तक आवास निर्माण कार्य प्रारम्भ नही करने पर उनके खिलाफ नगर पंचायत मझिऑव विधिसम्मत कार्रवाई (निलाम पत्र वाद, प्राथमिकी, बैंक खाता फ्रिज इत्यादि) करने हेतु स्वतंत्र होगा, जिसके लिए लाभुक स्वयं जिम्मेवार होंगे एवं बाद में कोई भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 341109 Urban Development(24-25).D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए दिए गए आवश्यक सुझाव

# विभिन्न योजनाओं को गति देने के लिए बीडीओ महेश्वरी प्रसाद यादव ने की समीक्षा बैठक

- प्रधानमंत्री आवास और मनरेगा कार्यों की समीक्षा
- 15वीं वित्त आयोग और पंचायत कार्यों पर जोर
- कार्यों में तेजी लाने के लिए कड़ी निगरानी



निज संवाददाता | सरैयाहाट (दुमका)

प्रखंड मुख्यालय सरैयाहाट में मंगलवार को बीडीओ महेश्वरी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मनरेगा, 15वीं वित्त आयोग और आवास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति और उनकी कार्यान्वयन प्रक्रिया पर गहन चर्चा की गई। इस बैठक में बीडीओ ने सभी पंचायतों के सचिव, बीपीओ, मुखिया, कनीय अभियंता और रोजगार सेवकों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर इन योजनाओं को पूरा करने के लिए अपनी पूरी मेहनत और तन्मयता से काम करें। बीडीओ ने कहा कि योजनाओं की गति बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा ताकि लाभार्थियों को निर्धारित समय में योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास और आबुआ आवास योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। बीडीओ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन लाभार्थियों का आवास निर्माण कार्य लंबित पड़ा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर काम पूरा करना होगा। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि जिन लाभार्थियों ने भुगतान के बावजूद आवास निर्माण में शिथिलता बरती है, उन लाभार्थियों से राशि वापस लेने की कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने यह भी कहा कि अगर किसी कारणवश काम धीमी गति से चल रहा है तो तत्काल इस पर ध्यान दिया जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, बीडीओ ने मनरेगा के तहत चल रहे बिरसा सिंचाई कुएं के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हो सकेगी।

बीडीओ ने इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए कड़े निर्देश दिए और साथ ही यह भी कहा कि मनरेगा के अन्य कार्यों में भी किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में डोभा निर्माण कार्य पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बीडीओ ने बताया कि इस कार्य के लिए 75 प्रतिशत राशि की निकासी हो चुकी है और अब इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर बंद करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि बाकी की राशि का सही तरीके से उपयोग किया जाए और इस राशि का इस्तेमाल अन्य आवश्यक कार्यों में किया जाए, ताकि सभी योजनाओं को समय पर पूरा किया जा सके। बैठक में बीडीओ यादव ने यह भी निर्देश दिया कि पंचायतों में कार्यकारिणी की बैठकें आयोजित की जाएं और 15वीं वित्त आयोग की राशि को जनकल्याणकारी योजनाओं में सही तरीके से खर्च किया जाए। उन्होंने कहा कि यह राशि क्षेत्र के विकास के लिए उपयोगी है, और इसका सही दिशा में उपयोग करना जरूरी है ताकि क्षेत्रवासियों को अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में बीडीओ ने पंचायत सचिवों को यह भी निर्देश दिए कि वे समय पर जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होंने कहा कि इससे लाभार्थियों को प्रखंड मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे और सभी आवश्यक कागजात आसानी से मिल सकेंगे। साथ ही, बीडीओ ने यह भी कहा कि सभी सचिवों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी दस्तावेज़ों की प्रक्रिया सुचारु रूप से चले और कोई भी लाभार्थी बिना किसी कारण के परेशान न हो। इसके अतिरिक्त, बैठक में विभिन्न योजनाओं के तहत चल रहे अन्य कार्यों की भी समीक्षा की गई, जिसमें पंचायतों में जलापूर्ति योजनाओं, स्कूल भवन निर्माण और अन्य बुनियादी ढांचे की स्थिति पर चर्चा की गई। बीडीओ ने कहा कि इन सभी कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए और यदि किसी कार्य में देरी हो रही है तो कारणों का विश्लेषण कर समाधान निकाला जाए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे सुनिश्चित करें कि सभी योजनाएं गुणवत्ता के मानकों के अनुसार पूरी हों और कोई भी कार्य अधूरा न रहे। बैठक के अंत में बीडीओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों से यह अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और तत्परता से निभाएं, ताकि क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तेज हो सके और क्षेत्र के लोगों को समय पर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को उनके कार्यों में और अधिक तत्परता और निष्ठा दिखाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में बीपीओ, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, सचिव, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने अपने-अपने स्तर पर कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

# विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

- सामाजिक सहयोग और संवेदनशीलता का आह्वान




निज संवाददाता | गोड्डा

मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोहिया विकलांग सेवा समिति द्वारा परसौती में संचालित दिव्यांग विद्यालय और जिला मुख्यालय स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में उनके समान अधिकारों की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन देना था। बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में आयोजित इस विधिक जागरूकता शिविर की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या नूतन कुमारी ने की। इस अवसर पर अधिकार मित्र सह पैरा लीगल वालिंटियर (पीएलवी) नवीन कुमार, इंतेखाब आलम, धनंजय कुमार महतो और अन्य उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने दिव्यांगों को उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में बताया और यह भी स्पष्ट किया कि दिव्यांगों को समाज में समान अवसर और सम्मान मिलना चाहिए। दिव्यांगों के विभिन्न प्रकारों और उनके समुचित इलाज के बारे में भी जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि कुछ लोग जन्म से दिव्यांग होते हैं, जबकि कुछ मानसिक या शारीरिक रूप से किसी कारण से विकलांग हो जाते हैं। इसके अलावा, नशे के कारण होने वाले मानसिक रोगों पर भी चर्चा की गई और बताया गया कि ऐसे व्यक्तियों को इलाज का पूरा हक है। इसके लिए सभी को मदद करनी चाहिए और दिव्यांगों को अस्पतालों और संबंधित विभागों तक पहुंचाने में सहयोग देना चाहिए। इसके बाद, सदर प्रखंड के गोड्डा-रामगढ़ मुख्य मार्ग स्थित परसौती विकलांग विद्यालय में भी एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विकलांग विद्यालय के सचिव जयकांत यादव ने मुख्य वक्ता के तौर पर अपनी बात रखी। उन्होंने दिव्यांगों के अधिकारों को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की और कहा कि दिव्यांगों को भी सभी प्रकार के संवैधानिक अधिकार मिलते हैं, जैसे कि सामान्य नागरिकों को मिलते हैं। इसके लिए सरकार की ओर से कई योजनाएं बनाई जा रही हैं ताकि दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके। जयकांत यादव ने यह भी कहा कि समाज के सभी वर्गों को दिव्यांगों के प्रति सहानुभूति और संवेदनशीलता का व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संस्थान में 170 से अधिक दिव्यांग बच्चे अध्ययन कर रहे हैं और उनकी चिकित्सा और अंग प्रत्यर्पण के लिए समय-समय पर चिकित्सा शिविर भी आयोजित किए जाते हैं। इसके साथ ही दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों ने भी अपनी राय व्यक्त की। सभी ने दिव्यांगों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों और उनके परिवारों के प्रति समाज में संवेदनशीलता और सहानुभूति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस प्रकार के जागरूकता शिविरों का उद्देश्य समाज में दिव्यांगों के प्रति सही समझ और उनके अधिकारों के बारे में लोगों को जागरूक करना है, ताकि वे अपनी पूर्ण क्षमताओं के साथ समाज में योगदान दे सकें और समान अवसरों का लाभ उठा सकें।

# अधिवक्ता दिवस के रूप में मनी राजेन्द्र बाबू की जयंती, पांच वरिष्ठ अधिवक्ता हुए सम्मानित



निज संवाददाता | गोड्डा

जिला अधिवक्ता संघ की ओर से मंगलवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिवस को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ भवन परिसर स्थित डा० राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार झा, महासचिव योगेश चंद्र झा सहित तमाम न्यायिक पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने बारी-बारी से श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर अपराह्न अधिवक्ता संघ भवन के सभागार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार झा, महासचिव योगेश चंद्र झा सहित संघ की कार्यकारिणी सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर अधिवक्ता दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परंपरा के तहत पांच अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इसमें अधिवक्ता विधुभूषण झा, शंभनाथ पांडेय, शिवशंकर साह, जितेन्द्र मांझी व बासुदेव सिंह को संघ अध्यक्ष सुशील कुमार झा, महासचिव योगेश चंद्र झा सहित गणमान्यों ने शाल भेंटकर सम्मानित किया। संघ के महासचिव योगेश चदं झा ने कहा कि पुरानी परंपरा के तहत देश के प्रथम राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद की जयंती को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिला अधिवक्ता संघ की ओर अधिवक्ता दिवस को यादगार बनाने की दिशा में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में नये संघ भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अधिवक्ताओं के कल्याण से संबंधित चर्चा की गई। मौके पर दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।

### जोर पकड़ने लगी दीपिका पांडे सिंह को मंत्री बनाने की मांग

गोड्डा (नि.सं.)। झारखंड में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हो गया है और नवनिर्वाचित विधायक ने विजय की माला भी पहन ली। अब बारी है विधायक के नाम मंत्री का टैग लगने की, जिस पर झारखंड में सब गतिविधियां अभी भविष्य के गर्त में हैं। हेमंत सोरेन अपने जीवनकाल के लगातार दूसरी और राज्य के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके हैं, लेकिन इस बार मंत्रिमंडल के गठन में किसे मंत्री पद दिया जाए इस पर मुहर लगाने में भारी उहापोह की स्थिति बनी हुई है। बात अगर केवल गोड्डा जिला की हो तो यहां से तीनों विधानसभा क्रमशः महागामा, गोड्डा और पोड़ैयाहाट से महागठबंधन के नेताओं ने बाजी मारी है, जिसमें महागामा से विधायक सह कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने भारी बहुमत से अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा के अशोक भगत को शिकस्त देकर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है।

# एसकेएमयू के शिक्षकेतर कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल एवं तालाबंदी आठवां दिन भी रहा जारी



निज संवाददाता | दुमका

सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका एवं अंतर्गत सभी कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल एवं तालाबंदी का मंगलवार को आठवां दिन है। आंतरिक श्रोत से सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान का निर्देश कुलपति द्वारा राजभवन एवं उच्च शिक्षा निदेशालय को भेजे गए पत्र पर अबतक कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है जो काफी दुःखद है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुरोध पर वेतन निर्धारण को लेकर रांची गई टीम से सुचना मिली कि उच्च शिक्षा निदेशालय वेतन निर्धारण से ज्यादा पूर्व में अनुमोदित वेतन निर्धारण की पुनः जाँच में जुटी है। निर्धारण सातवें वेतनमान का होना है जबकि निदेशालय पांचवें एवं छठे वेतनमान की जांच को प्राथमिकता दे रही है। जितने भी निदेशक नियुक्त होते है वे अपनी कार्य अवधि में वेतन निर्धारण का नया फार्मूला तैयार करते हैं। एक निदेशक वेतन निर्धारण को अनुमोदित करते हैं तो उनके बाद नियुक्त निदेशक उस पर आपत्ति जताते हैं। यह काफी गंभीर मामला है। वेतन निर्धारण को लेकर विश्वविद्यालय से जिन कागजातों की मांग की गई वह भी काफी हास्यास्पद है जो निदेशालय के लापरवाही को दर्शाता है। जिनकी नियुक्ति अनुकंपा पर नहीं हुई है उनके अभिभावक के मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की जाती है। विश्वविद्यालय टीम ने बताया कि निदेशालय में पदस्थापित उपनिदेशक अनमोल लाल ही सभी समस्याओं को पैदा करते हैं। वो वेतन निर्धारण से ज्यादा नियुक्त की जांच कर रहे हैं। निदेशक और सचिव उच्च शिक्षा को गुमराह कर रहे हैं। उनकी नकारात्मक सोच से शिक्षकेतर कर्मियों में काफी आक्रोश है एवं उन्हें न्यायालय जाने पर मजबूर कर रही है। निदेशालय की लचर व्यवस्था पर भी टीम के सदस्यों ने अपनी नाराजगी जताई। उन्होनें कहा कि दसों बार विश्वविद्यालय द्वारा सभी कर्मचारियों के कागजात भेजे गए किंतु हर बार ये कागजात गुम हो जाते हैं। वेतन निर्धारण की जांच को लेकर यहां नियुक्त अंकेक्षकों द्वारा भी नए नए नियम का हवाला देकर हम कर्मचारियों के वेतन निर्धारण की प्रक्रिया को बिना वजह के विलंब करते है। कुछ महीने पहले जिन कागजातों के आधार पर मिल्लत महाविद्यालय परसा के कर्मचारियों का निदेशालय द्वारा सातवां वेतन अनुमोदित उन्हीं कागजातों के आधार पर दूसरे महाविद्यालयों के वेतन निर्धारण को स्थगित कर अन्य कागजातों की मांग की जा रही है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ अनमोल लाल के कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक सोच एवं भावना के कड़े शब्दों में निंदा करता है एवं सचिव उच्च शिक्षा से इन्हें उपनिदेशक पद से पदच्युति करने की गुहार लगाता है। इतने वर्षों से निदेशालय द्वारा पंचम, छठा एवं सातवें वेतन के अनुमोदन नहीं होने के कारण हरेक कर्मियों का 15 से 20 लाख रुपए का बकाया रहते हुए कर्मचारी भूखे मर रहे हैं। अपना इलाज नहीं करा पा रहे हैं। अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में असमर्थ हैं। 50 से ज्यादा कर्मचारी सेवानिवृत होने पर पांचवें वेतनमान में पेंशन प्राप्त कर रहे हैं जो काफी दुःखद है। उनकी माली हालत हृदय विदारक है। कर्मचारी संघ उच्च शिक्षा निदेशालय के इस अमानवीय और कर्मचारी विरोधी भावना की भर्त्सना करता है और बिना सातवां वेतन लिए हड़ताल एवं तालाबंदी कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# आवासीय विद्यालय मुरगुनी मिशन में वार्षिकोत्सव का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से महका परिसर



निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)

टोंगरा थाना क्षेत्र स्थित आवासीय विद्यालय मुरगुनी मिशन में सोमवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और गीतों का शानदार प्रदर्शन हुआ, जिसे देखकर सभी उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहित करना था। इस विशेष अवसर पर बांसकुली पंचायत के मुखिया अशोक किस्कू, बृन्दाबानी पंचायत के पूर्व मुखिया पंकज टुडू और टोंगरा थाना के एएसआई भीम राव बंशी कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इन नेताओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और शैक्षिक संस्थाओं के महत्व को लेकर अपने विचार साझा किए। उनका कहना था कि शिक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को समाज और देश की प्रगति के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रमुख सदस्यों फादर डॉमनिक मरांडी, फ्रांसिस मुर्मू, सिस्टर रीता और मंजुला तिग्गा की अगुवाई में किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षक सुनील किस्कू, शिक्षिका वीणा मार्गरेट टुडू और कई अन्य शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन सभी ने बच्चों के कार्यक्रमों की तैयारी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में स्थानीय अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनका सहयोग और उपस्थिति इस कार्यक्रम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। बच्चे भी बहुत उत्साहित दिखे और उन्होंने अपने अभिभावकों की उपस्थिति को लेकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल की परंपराओं के अनुसार रंग-बिरंगे परिधान पहनकर प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन गया। कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य, संगीत, कविता पाठ और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से, विद्यालय के छोटे छात्रों ने एक पारंपरिक झुमर नृत्य पेश किया, जिसने सभी दर्शकों को अपनी ओर खींच लिया। वहीं, गायन प्रतियोगिता में छात्रों ने लोकगीतों के साथ-साथ अन्य प्रसिद्ध गीतों का भी शानदार प्रदर्शन किया। वार्षिकोत्सव का आयोजन न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का एक अवसर था, बल्कि यह शैक्षिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण था।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर डालसा ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

दुमका (नि.सं.)। अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चन्द्धरियावी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने दिव्यांगता के बारे में समाज में प्रचलित गलत धारणाओं को सुधारने और विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की कोशिश की।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेंद्र प्रसाद की जयंती



निज संवाददाता | गोड्डा

जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय, गोड्डा में मंगलवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में भारत रत्न देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेंद्र प्रसाद जी का जयंती गोड्डा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी देश के प्रथम राष्ट्रपति होने के साथ एक अधिवक्ता भी थे और उन्होंने अपने अनुभव का लाभ पूरे देश को दिया और आजादी की लड़ाई में भी उनका अहम भूमिका रहे इस लिए आज हम कांग्रेसी और कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ताओ ने डॉ० राजेंद्र प्रसाद जी के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, ज्योतिंद्र झा, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस विकास सिंह, महासचिव कुंदन ठाकुर, अभय जायसवाल, जिला सचिव शिशिर झा, सुशीला देवी, जुगनू अली जिला प्रवक्ता अकबर अली, कार्यालय प्रभारी सोनी सिंह एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीसरे दिन भी शहर में अतिक्रमणकारियों पर चला नगर परिषद का बुलडोजर



निज संवाददाता | गोड्डा

गोड्डा शहर में बढ़ते जाम की समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद ने मंगलवार को तीसरे दिन भी अपने अतिक्रमण हटाओ अभियान को जारी रखा। इस अभियान के तहत जिला प्रशासन ने जिला मुख्यालय के कारगिल चौक से लेकर रौतारा चौक तक के मार्गों पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। इस बार का अभियान कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गोड्डा, आशीष कुमार के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें नगर परिषद का बुलडोजर सड़कों और नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाता गया। इस दौरान शहर की सड़कों और नालों पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ नगर परिषद ने सख्त कदम उठाए। अधिकारियों ने सड़क और नाले पर हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिए पीले रंग से सीमांकन किया। इसके बाद नगर परिषद के अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि उन्होंने फिर से अवैध कब्जा किया, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में उन दुकानदारों पर भी कार्रवाई की गई, जो अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर फैलाकर बेचते हैं, जिससे न सिर्फ सड़कों पर अतिक्रमण होता है, बल्कि जाम की समस्या भी बढ़ती है। ऐसे दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया और उन्हें आर्थिक दंड भी दिया गया। नगर परिषद ने यह सुनिश्चित किया कि इस तरह के व्यवधानों को तुरंत हटाया जाए ताकि यातायात की समस्या कम हो सके। अभियान के दौरान सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। जिन वाहनों के मालिक नो पार्किंग जोन में गाड़ियां खड़ी कर रहे थे, उन्हें सख्त सलाह दी गई कि वे अपनी गाड़ियों को पार्किंग जोन में ही पार्क करें। अधिकारियों ने यह भी बताया कि भविष्य में अगर कोई व्यक्ति इस तरह की गलती करता है, तो उस पर सख्त जुर्माना लगाया जाएगा। नगर परिषद ने यह साफ किया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।

### एड्स जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

महागामा (नि.सं.)। एड्स जागरूकता अभियान के तहत प्रखंड अंतर्गत मिल्लत कॉलेज, परसा में एड्स जागरूकता आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज के शिक्षकों शिक्षकेतर कर्मियों तथा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। वहीं कॉलेज में हर वर्ष मनाए जाने वाले विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर इस बार भी यह जागरुकता अभियान चलाया गया। मौके पर उपस्थित प्राचार्य डॉक्टर तुषार कांत ने बताया कि पूरे विश्व भर से 2030 तक एड्स नामक बीमारी को पूरी दुनिया से खत्म करने का मजबूत इरादा किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में लगभग 04 करोड़ एड्स के मरीज हैं जिसमें से सिर्फ भारत में ही लगभग 19 लाख एचआईवी पॉजिटिव हैं। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर अशरफ करीम ने बताया कि एड्स एचआईवी वायरस के द्वारा फैलने वाली एक घातक बीमारी है जो मुख्यतः चार कारणों से फैलती है- असुरक्षित यौन संबंध से, एचआईवी वायरस से संक्रमित रक्त को चढ़ाने से, एचआईवी वायरस से संक्रमित माता के द्वारा बच्चे को जन्म देने से और संक्रमित एक ही सुई को बहुत सारे लोगों को लगाने से।

# झामुमो कार्यकर्ताओं की ओर से उल्लासपूर्ण विजय जुलूस, पूरे क्षेत्र में मची खुशी की लहर



निज संवाददाता | शिकारीपाड़ा (दुमका)

शिकारीपाड़ा विधानसभा सीट से पहली बार जीत हासिल कर विधानसभा में पहुंचे युवा झामुमो नेता आलोक सोरेन की जीत की खुशी में मंगलवार को एक विशाल विजय जुलूस निकाला गया। इस जुलूस का नेतृत्व झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष चुंडा हेंब्रम ने किया। विजय जुलूस की शुरुआत शिकारीपाड़ा प्रखंड के सिद्धो कान्हू की प्रतिमा स्थल से हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने जुलूस को फूलों से सजाया और ढोल-नगाड़ों के साथ उल्लासपूर्ण माहौल में इसका आयोजन किया। विजय जुलूस पूरे शिकारीपाड़ा बाजार में भ्रमण करते हुए गणेशपुर तक गया, जहां से यह वापस लौट आया। जुलूस में युवा और बूढ़े सभी वर्ग के झामुमो कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उनके चेहरे पर जीत की खुशी साफ दिखाई दे रही थी। हर्षित कार्यकर्ताओं ने पूरे रास्ते में आलोक सोरेन की जीत का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। इस विजय जुलूस का एक अहम हिस्सा शिकारीपाड़ा के हाट में स्थित बाजार में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वहां मिठाई बांटी और इस ऐतिहासिक जीत को लेकर एक-दूसरे को बधाई दी। हाट में बाजार करने आए लोग भी इस खुशी के माहौल का हिस्सा बने और उन्होंने भी इस उत्सव में भाग लिया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने यह विजय जुलूस महज एक जीत के रूप में नहीं बल्कि पार्टी और उनके नेता आलोक सोरेन के सामूहिक संघर्ष और जनता के आशीर्वाद की जीत के रूप में मनाया।

इस मौके पर झामुमो के प्रखंड कोषाध्यक्ष कलीमुद्दीन अंसारी, प्रखंड सचिव प्रभुनाथ हांसदा, रजनीश कुमार, उप प्रमुख वाहिद अंसारी सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इन सभी ने जुलूस के दौरान आलोक सोरेन की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए, आगामी चुनावों में और अधिक सफलता की कामना की। विजय जुलूस में शामिल झामुमो कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह इस बात का प्रतीक था कि पार्टी के भीतर अब एक नया विश्वास और ऊर्जा का संचार हुआ है। आलोक सोरेन की जीत को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नई आशा जागी है, और अब उनका उद्देश्य क्षेत्र की जनता के हित में काम करना और सामाजिक न्याय की दिशा में कार्य करना है। कार्यकर्ताओं ने अपनी पार्टी की नीतियों को लागू करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यकर्ताओं के इस उत्साहपूर्ण विजय जुलूस से यह साफ हो गया कि आलोक सोरेन की राजनीति में पदार्पण के साथ झामुमो को न केवल क्षेत्रीय बल्कि राज्यस्तरीय सियासत में भी मजबूती मिली है। पार्टी और कार्यकर्ताओं की यह जीत आने वाले चुनावों के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# पुल से गिरकर बाइक सवार की मौत

- राहगीरों ने दी सूचना, परिजन पहुंचे अस्पताल
- मृतक के परिवार में मातम
- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया
- स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा उपायों की मांग




निज संवाददाता | साहिबगंज

साहिबगंज के बांझी-साहिबगंज मुख्य मार्ग पर स्थित पीर स्थान के पास सोमवार की रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। 56 वर्षीय हरि हांसदा उर्फ रवि हांसदा, जो बोरियो प्रखंड के दूर्गाटोला का निवासी था, अपनी बाइक से घर लौटते समय सिन्हा पुल से नीचे गिर गया। दुर्घटना के बाद वह पूरी रात घायल अवस्था में पुल के नीचे पड़ा रहा। सुबह राहगीरों ने उसे देखा और इसकी सूचना परिजनों को दी। जब परिजन सुबह करीब आठ बजे उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, तब डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, हरि हांसदा बांझी से हाट कर अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में रात करीब आठ बजे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सिन्हा पुल से नीचे गिर गई। यह हादसा इतना अचानक हुआ कि न तो कोई आसपास मदद के लिए पहुंचा और न ही किसी ने इसकी सूचना पुलिस या एंबुलेंस को दी। घायल अवस्था में वह पूरी रात दर्द में वहीं पड़े रहे। मंगलवार सुबह जब राहगीरों ने पुल के नीचे हरि हांसदा को देखा, तो तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें सदर अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि ज्यादा खून बहने और समय पर इलाज न मिलने के कारण उनकी मौत हो गई। हरि हांसदा के निधन से उनके परिवार में शोक की लहर है। मृतक अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी और बच्चे इस घटना से सदमे में हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि अगर समय रहते उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया होता, तो उनकी जान बचाई जा सकती थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि दुर्घटना का कारण क्या था। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर रोशनी की उचित व्यवस्था नहीं है और सड़क की हालत भी खराब है, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।

इस हादसे ने बांझी-साहिबगंज मार्ग की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल और आसपास के क्षेत्र में सड़क की स्थिति को सुधारने के साथ-साथ रोशनी की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, सड़क पर संकेतक और स्पीड ब्रेकर लगाने की भी आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इस घटना ने यह भी सवाल उठाया है कि दुर्घटना के बाद घायल की मदद के लिए रातभर कोई क्यों नहीं पहुंचा। यदि राहगीरों और स्थानीय लोगों ने समय पर सक्रियता दिखाई होती, तो शायद हरि हांसदा की जान बचाई जा सकती थी। यह हादसा क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## कुंआ में डूबने से दिव्यांग युवक की मौत

निज संवाददाता | साहिबगंज

साहिबगंज के कोटालपोखर बाजार में सोमवार को एक हृदय विदारक घटना घटी, जहां 35 वर्षीय राजेश भगत की मौत कुंआ में डूबने से हो गई। राजेश भगत, जो दिव्यांग थे, घर के पास स्थित कुंआ से पानी भरने के दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण गहरे पानी में गिर गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राजेश भगत रोज की तरह अपने घर के पास के कुंआ से पानी भरने गए थे। चूंकि वे दिव्यांग थे, इसलिए पानी निकालते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे कुंआ के गहरे पानी में गिर गए। आसपास के लोग जब तक घटना स्थल पर पहुंचे और उन्हें बचाने का प्रयास किया, तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने तुरंत कोटालपोखर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुंआ से बाहर निकाला और कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए राजमहल भेज दिया। राजेश भगत का जीवन पहले से ही कठिनाईयों से भरा हुआ था। दो महीने पहले उनकी पत्नी ने पारिवारिक समस्याओं के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद से राजेश पर अपने तीन बच्चों की जिम्मेदारी आ गई थी। वह अपने 8 वर्षीय बेटे और 6 व 4 वर्षीय बेटियों की देखभाल करने में लगे हुए थे। पत्नी की मौत के बाद राजेश मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह अक्सर उदास और चिंतित दिखाई देते थे। अब उनकी मृत्यु ने उनके तीन मासूम बच्चों को पूरी तरह से अनाथ कर दिया है। राजेश भगत की मौत से उनके परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके तीन छोटे बच्चे अब पूरी तरह से बेसहारा हो गए हैं।

# अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, अधिकारों पर जोर

निज संवाददाता | पाकुड़



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड के सभागार कक्ष में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष शेषनाथ सिंह के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अजय कुमार गुड़िया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में अजय कुमार गुड़िया ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस का उद्देश्य समाज के हर स्तर पर विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि विकलांग व्यक्तियों को समाज में समान अवसर मिलें और उन्हें हर पहलू में भागीदारी की पूरी स्वतंत्रता मिले, यह हमारा उद्देश्य है। अजय कुमार गुड़िया ने आगे कहा कि विकलांग व्यक्तियों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं जैसे दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन और अन्य सुविधाओं को उनके अधिकारों के रूप में देखा जाना चाहिए। उनका कहना था कि विकलांग व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार देने में हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन और विकलांग व्यक्तियों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी जोर दिया। बीपीएम (ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर) ने स्वास्थ्य असमानताओं पर बात करते हुए कहा कि विकलांग व्यक्तियों को अक्सर विकास की प्रक्रिया में पीछे छोड़ दिया जाता है।

उनका मानना है कि स्वास्थ्य और कल्याण के लिए विकलांग व्यक्तियों की सार्थक भागीदारी और सशक्तिकरण आवश्यक है ताकि समाज में समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान बीपीओ अजीत मुर्मू ने विकलांग दिवस के महत्व को बताते हुए विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि विकलांग व्यक्तियों को समाज में समान स्थान और अधिकार मिलना चाहिए। कार्यक्रम में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स उत्पल मंडल और नीरज कुमार राउत सहित अन्य स्थानीय अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों, उन्हें दी जाने वाली सरकारी सुविधाओं, और समाज में उनकी स्थिति सुधारने के तरीकों पर चर्चा की गई। समाप्ति से पहले सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे विकलांग व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे और उनके अधिकारों को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिनमें समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि, अधिकारी और आम नागरिक शामिल थे।

# हत्या मामले में तीन आरोपितों को आजीवन कारावास और 30,000 रुपये का जुर्माना

- हत्या के बाद शव को फेंका गया था
- आठ गवाहों की गवाही पर दोषी करार

निज संवाददाता | जामताड़ा

हत्या के एक मामले में जिला न्यायालय द्वारा मंगलवार को तीन आरोपितों को दोषी ठहराते हुए उन्हें आजीवन कारावास और 30,000 जुर्माने की सजा सुनाई गई। यह सजा जिला जज तृतीया अजय कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय में मामले की अंतिम सुनवाई के दौरान दी गई। हत्या के आरोप में दोषी पाए गए तीन आरोपितों में नारायणपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी मोहम्मद शरीफ, सफरुद्दीन और गिरिडीह थाना क्षेत्र के अहिल्यापुर निवासी मोहम्मद इम्तियाज शामिल हैं। न्यायालय ने आरोपितों को भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन सश्रम कारावास की सजा दी। इसके साथ ही प्रत्येक आरोपित पर 30,000 का जुर्माना भी लगाया गया। यह सजा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनाई गई, ताकि आरोपितों को अदालत में उपस्थित किए बिना सजा का ऐलान किया जा सके। यह मामला 24 जून 2018 का है, जब मृतक इमरान अंसारी की हत्या के बाद उसका शव मोंगियामारनी गांव के पास बागडोरोनदी के किनारे फेंक दिया गया था। इस मामले की प्राथमिकी सूचक इस्माइल मियां ने नारायणपुर थाना में दर्ज कराई थी। आरोपी के खिलाफ नारायणपुर थाना में कांड संख्या 97-18 दर्ज किया गया था। न्यायालय ने इस मामले में सरकार की ओर से आठ गवाहों का परीक्षण कराया, जिनकी गवाही के आधार पर तीनों आरोपितों को दोषी ठहराया गया। गवाहों ने आरोपितों की भूमिका को स्पष्ट किया और घटना से संबंधित साक्ष्य प्रदान किए। न्यायालय ने यह भी कहा कि आरोपितों का अपराध गंभीर प्रकृति का है, जिसके कारण उन्हें कठोर सजा दी गई। सजा के बाद, तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और उनके खिलाफ जुर्माने की रकम को जल्द ही वसूल करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस फैसले के बाद स्थानीय समुदाय में संतोष व्यक्त किया गया है, क्योंकि यह निर्णय अपराधियों के लिए एक कड़ी चेतावनी के रूप में सामने आया है। न्यायालय के इस निर्णय से यह स्पष्ट हो गया कि समाज में अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और न्याय का समान रूप से पालन किया जाएगा। साथ ही, यह भी संदेश दिया गया कि न्यायालय द्वारा दी गई सजा समाज में अपराधों को रोकने के लिए प्रभावी कदम हो सकती है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया रोगियों के बीच एमएमडीपी किट का किया गया वितरण

निज संवाददाता | गोड्डा



राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, गोड्डा के तत्वावधान में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रौतारा, गोड्डा में फाइलेरिया रोगियों के बीच में एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर ने बताया कि एमएमडीपी किट के इस्तेमाल करने से फाइलेरिया पर काबू पा सकते हैं। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जिसका समय पर इलाज नहीं होने से लोग दिव्यांग बन सकते हैं। इसलिए सरकार ने फाइलेरिया को मिटाने की दिशा में प्रयास तेज कर दिया है। मरीजों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें एमएमडीपी के इस्तेमाल के फायदों के संबंध में भी बताया। उन्होंने मरीजों को बताया कि एमएमडीपी किट के नियमित इस्तेमाल से मरीज हाथीपांव की बढ़ोतरी पर काबू पा सकते हैं लेकिन इसके लिए मरीजों को स्वयं जागरूक होना होगा, तभी जाकर उन्हें हाथीपांव से राहत मिलेगी। सरकार के द्वारा फाइलेरिया रोगियों को विकलांगता का सर्टिफिकेट भी बनाने का प्रावधान किया गया है।

एएनएम आराधना कुमारी ने बताया फाइलेरिया ग्रसित अंगों में मुख्यतः पैर या फिर प्रभावित अंगों से पानी रिसता है। इस स्थिति में उनके प्रभावित अंगों की सफाई बेहद आवश्यक है। इसकी नियमित साफ-सफाई रखने से संक्रमण का डर नहीं रहता और सूजन में भी कमी आती है। इसके प्रति लापरवाही बरतने से अंग खराब होने लगते हैं। संक्रमण को बढ़ने से रोकने के लिए एमएमडीपी किट और आवश्यक दवा दी जा रही है जिसमें आज 15 फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट दिया गया। इस मौके पर लाभार्थी गीता देवी, सावित्री देवी, प्रभा देवी, मीरा झा, साहिया आरती कुमारी, प्रेमलता कुमारी, नागौरी देवी एवं पिरामल के प्रोग्राम लीड रेणु कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# दो कारों में आमने-सामने टक्कर चार घायल, ऑल्टो के उड़े परखच्चे

निज संवाददाता | देवघर

सारठ-देवघर मुख्य सड़क पर कोड़ाडीह मोड़ के पास मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। ऑल्टो और वेगेनार कार के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिससे चार लोग घायल हो गए। टक्कर के बाद ऑल्टो कार के परखच्चे उड़ गए और उसके चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, वेगेनार कार का चालक डुमरिया गांव निवासी निशांत राय को भी मामूली चोट आई है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े। दुर्घटना के बारे में जानकारी देते हुए ऑल्टो सवार लोगों ने बताया कि वे लोग जामताड़ा जिले के मिहिजाम से देवघर की ओर जा रहे थे। उसी दौरान देवघर से चितरा की ओर जा रही वेगेनार कार से उनकी कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में जामताड़ा जिले के मिहिजाम निवासी 42 वर्षीय अमित भद्रा, 40 वर्षीय पंकज कुमार और 36 वर्षीय पिंटू चटर्जी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन मदद के लिए पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही सारठ थाना के एसआई रामवृक्ष सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सारठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। सीएचसी के डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया, और गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए देवघर भेज दिया। घटना के बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हो पाया कि दोनों कारों के बीच तेज गति के कारण टक्कर हुई। पुलिस अब दुर्घटना के कारणों और वाहन चालकों की लापरवाही की जांच कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और पुलिस की टीम ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

# राजद ने हरिहरगंज में निकाली भव्य विजय जुलूस

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)



हरिहरगंज-हुसैनाबाद के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव की जीत पर मंगलवार को एक भव्य विजय जुलूस निकाला गया। यह जुलूस दुबटिया मोड़ से गाजे-बाजे के साथ शुरू हुआ और एनएच 139 के रास्ते होते हुए विभिन्न गांवों से होकर विधायक के विजय का जश्न मनाते हुए शहर में भ्रमण किया। जुलूस में ढाब, सेमरवार, कौवाखोह, भगत तेंदुआ, बेलौदर, अररूआ खुर्द, सतगावां, बंजारी सहित अन्य स्थानों पर विधायक का जोरदार स्वागत किया गया। विधायक संजय कुमार सिंह यादव के विजय जुलूस में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए और आतिशबाजी की। जुलूस के दौरान क्षेत्र के लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। लोग इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने के लिए जुलूस के मार्ग पर खड़े होकर विधायक का आभार व्यक्त करते दिखे। विधायक संजय यादव ने अपने समर्थकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह उनकी नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की जीत है।

उन्होंने यह भी कहा कि अब झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बन चुकी है और उनकी प्राथमिकता क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना रहेगा। इस विजय जुलूस में राजद और झामुमो के कई प्रमुख नेता भी शामिल थे, जिनमें राजद के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन, सुशील कुमार सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, राजद नेता रवि कुमार यादव, विनय कुमार सिंह यादव, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, विकाश यादव, आनंद यदुवंशी, दीपक यादव, अशोक यादव, अशोक जायसवाल, संजय यादव, राजकुमार पासवान, विकास यादव, रंजीत पासवान, गेंदा लाल यादव, अनिल यादव, कमलेश यादव, उमा यादव, सूरज यादव, छोटे लाल गुप्ता, जितेंद्र पासवान, अवधेश यादव, रंजीत यादव, सत्येंद्र भुईयां, टुडे आलम, टिंकू गुप्ता, योगेंद्र यादव, जयपाल चौधरी, हीरालाल यादव, जगन सिंह, मो आबिद उर्फ मुन्ना, सत्येंद्र यादव सहित कई अन्य कार्यकर्ता और समर्थक शामिल थे। जुलूस के दौरान हर जगह विजय का जश्न मनाया गया और संजय यादव के नेतृत्व में राजद कार्यकर्ताओं ने अपने संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प को दोहराया। सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। विजय जुलूस का समापन शहर के प्रमुख स्थल पर हुआ, जहां विधायक ने उपस्थित जनता का धन्यवाद किया और कहा कि क्षेत्र के विकास में वे अपनी पूरी मेहनत और लगन से काम करेंगे।

## पन्द्रह लैंपस में दो लाख क्विंटल धान की खरीदारी करेगा सहकारिता विभाग

जामताड़ा (नि.सं.)। समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदारी को लेकर आपूर्ति विभाग की ओर से तैयारी प्रारंभ हो गई है। इसको लेकर जिला में अब तक 15 लैंपस का चयन किया गया है। वही तीन राइस मिल को टैग भी किया जा चुका है। हालांकि विभाग से अब तक इस संदर्भ में कितना लक्ष्य निर्धारित किया गया है यह पत्र जिला को प्राप्त नहीं हुआ है। बावजूद इसके जिला स्तर पर इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। बता दे कि बीते वर्ष जामताड़ा जिला को 2 लाख क्विंटल धान की खरीदारी करने का लक्ष्य दिया गया था। जबकि पिछले वर्ष धान की खेती उतनी अच्छी नहीं हो पाई थी। इस बार धान की खेती जिला में अच्छी हुई है और किसान भी काफी खुश है। कई जगह पर धान की कटाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# पुलिस ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर चार टन अवैध कोयला एवं पांच बाइकें की जब्त

निज संवाददाता | देवघर

देवघर जिले के चितरा क्षेत्र में ईसीएल सिक्योरिटी, सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस द्वारा एक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें करीब चार टन अवैध कोयला बरामद किया गया। यह छापेमारी चितरा स्थित डीएवी भवन के पीछे और दमगढ़ा खदान के आसपास की गई, जहां लंबे समय से अवैध कोयला खनन की सूचना मिल रही थी। सुरक्षा बलों और पुलिस के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से इस इलाके में दबिश दी और वहां से भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद किया। छापेमारी के दौरान पांच बाइकों को भी जब्त किया गया, जो अवैध रूप से कोयला लोड करने के लिए इस्तेमाल हो रही थीं। इन बाइकों का इस्तेमाल अवैध खननकर्ताओं द्वारा कोयला ढोने के लिए किया जा रहा था। अधिकारियों ने कहा कि यह बाइकें अवैध कोयला परिवहन में उपयोग की जा रही थीं, जिसे अब चितरा थाना के हवाले कर दिया गया है, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

जब्त किए गए अवैध कोयले को पहले वजन कराया गया, जिसके बाद इसे कोलियरी के गिरजा कोल डंप में जमा कर दिया गया। यह कार्रवाई प्रशासन की ओर से अवैध कोयला खनन और चोरी पर काबू पाने के लिए की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सिर्फ एक शुरुआत है और ऐसे छापे लगातार जारी रहेंगे। साथ ही अधिकारियों ने यह भी बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही है। चितरा क्षेत्र में लगातार अवैध खनन की घटनाएं सामने आ रही थीं, और अब प्रशासन की ओर से इस पर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इस छापेमारी के बाद इलाके के नागरिकों में भी प्रशासन की कार्रवाई को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। लोगों का मानना है कि इस तरह की छापेमारी से अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगेगी और क्षेत्र में शांति बनी रहेगी। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में इस प्रकार की अवैध गतिविधियां जारी रहीं, तो और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने यह भी कहा कि प्रशासन ने भविष्य में इस तरह के अभियान और तेज करने की योजना बनाई है, ताकि कोयला चोरी और अवैध खनन के मामलों पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया जा सके।

# पुलिस ने विभिन्न चौक-चौराहों पर चलाया वाहन जांच अभियान, कई वाहन चालकों ने बदला रास्ता

- वाहन चालकों में हड़कंप
- कई ने बदला रास्ता
- पुलिस ने सुरक्षा को लेकर चलाया अभियान
- जारी रहेगा जांच अभियान



निज संवाददाता | साहिबगंज

मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर थाना पुलिस द्वारा व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की टीम ने सिदो कान्हू चौक, गणपुरा चौक और खाक्सा चौराहा जैसे प्रमुख स्थानों पर वाहन चालकों के वाहनों की बारीकी से जांच की। पुलिस टीम ने वाहनों की डिक्की, झोला, बोरा, बैग और अन्य सामानों की सघन तलाशी ली। वाहन चालक इस अचानक कार्रवाई से हैरान थे और उनकी चहल-पहल में थोड़ी घबराहट भी देखी गई। कई वाहन चालक तो अपनी यात्रा को बीच में ही रोककर रास्ता बदलने के प्रयास में नजर आए। यह स्थिति इसलिए उत्पन्न हुई क्योंकि वाहन चालकों को यह शक था कि कहीं उनकी गाड़ी में कोई संदिग्ध सामान तो नहीं है, जो उन्हें परेशानी का सामना कराए। इस जांच अभियान की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी संदिग्ध सामान या गतिविधि से बचने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। इस अभियान में पुलिस ने विशेष रूप से सुरक्षा पहलुओं और सार्वजनिक सुरक्षा के मद्देनजर गाड़ियों का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारी कालेश्वर साह ने बताया कि यह जांच अभियान वरीय अधिकारियों के निर्देशों के तहत चलाया गया है और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जांचों का उद्देश्य इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी संभावित अपराध को रोकना है। इस अभियान की सफलता को देखते हुए पुलिस ने आने वाले दिनों में और भी चौकस कदम उठाने की योजना बनाई है, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पर काबू पाया जा सके और आम जनता को सुरक्षा का एहसास हो।

# बंगाली समुदायों ने पूरी निष्ठा से मनाया नवान्न पर्व, किसानों की समृद्धि के लिए मांगी मन्नत

निज संवाददाता | पाकुड़



मंगलवार को प्रखंड के बंगाली समुदायों द्वारा खेतों से नई फसल घर लाने की खुशी में नवान्न पर्व को पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ मनाया गया। यह पर्व हर साल की तरह इस बार भी भक्तिभाव से मनाया गया, जिसमें खासकर कृषि कार्यों में लगे किसानों ने अपना आभार व्यक्त किया। नवान्न पर्व के इस विशेष दिन पर श्रद्धालुओं ने सुबह के समय मंदिरों में जाकर माता अन्नपूर्णा देवी की पूजा की। पूजा के दौरान नए अनाज से बने पकवान और मिष्ठान्न माता अन्नपूर्णा को समर्पित किए गए। इस अवसर पर किसानों ने देवी से आने वाले वर्षों में भी उनके खेतों में अच्छे उत्पादन और समृद्धि की कामना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के दौरान भक्तों ने प्रार्थना की कि भगवान अन्नपूर्णा उनके घर-खलिहान को हमेशा भरा-पूरा रखें और जीवन में समृद्धि बनी रहे। भक्त गया प्रसाद रजक, संदीप दास, बबलू साहा और शक्ति दास ने बताया कि यह परंपरा बहुत पुरानी है और इस दिन हमलोगों के खेतों से जब भी नया अनाज तैयार होता है, तो सबसे पहले उस अनाज से बने पकवानों को माता अन्नपूर्णा देवी को समर्पित किया जाता है।

इसके बाद ही वह पकवान परिवार के अन्य सदस्य ग्रहण करते हैं। इस पूजा का उद्देश्य यह है कि देवी से आशीर्वाद प्राप्त हो और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे। प्रखंड के विभिन्न गांवों—बन्नोग्राम, चौकीसाल, आलूदाहा, पारुलिया, रामदेव कुंडी, बत्रीकुंड, सागबेडिया में इस पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे प्रखंड में गांव-गांव में नवान्न पर्व की धूम थी, और लोग इस अवसर पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना करते नजर आए। इस दिन विशेष रूप से सभी लोग एकत्रित होते हैं और मिलकर आनंद के साथ इस पर्व का आयोजन करते हैं। नवान्न पर्व बंगाली समुदाय के लिए सिर्फ एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि कृषि के महत्व को मान्यता देने और किसान की मेहनत को सराहने का अवसर भी है।

# बाइक से गिरकर दो युवक घायल अस्पताल में कराया गया उपचार

निज संवाददाता | पाकुड़

सोमवार की देर रात बाजार स्थित आजाद चौक के पास एक मोटरसाइकिल असंतुलित होकर गिर जाने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब दोनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर तलवा से अपने घर ढेकीडुबा जा रहे थे। हादसे के बाद घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। घायलों की पहचान अरविंद हेम्ब्रम (18 वर्ष) और धमय हेम्ब्रम (21 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम ढेकीडुबा के निवासी हैं। वे अपनी मोटरसाइकिल से तलवा से ढेकीडुबा लौट रहे थे, इसी दौरान पाकुड़िया के आजाद चौक के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। बताया गया कि बाइक तेज रफ्तार में थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। बाइक असंतुलित होकर एक चबूतरे से टकरा गई और दोनों युवक गिरकर सड़क पर गिर पड़े। इससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोग घायलों की मदद के लिए दौड़े और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. भरत भूषण भगत ने बताया कि अरविंद हेम्ब्रम के पैर, बायां हाथ और कंधे में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं धमय हेम्ब्रम के चेहरे और सिर पर गहरी चोटें आई हैं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया, और फिर उन्हें छुट्टी दे दी गई। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें पूरी तरह से आराम करने और भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा उपायों का पालन करने की सलाह दी है। पुलिस ने घटना के बाद दोनों युवकों से जानकारी ली और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि बाइक तेज रफ्तार में थी और सड़क पर बने गड्ढों या अन्य अव्यवस्थित परिस्थितियों के कारण बाइक असंतुलित हो गई। पुलिस ने सड़क पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर गड्ढों को शीघ्र ठीक किया जाए और सड़क सुरक्षा के उपायों को लागू किया जाए।

# विचार-मंथन

संपादकीय

## बांग्लादेश में निशाने पर अल्पसंख्यक

करीब तीन महीने पहले बांग्लादेश में जब एक अप्रत्याशित घटनाक्रम के बीच तख्तापलट के बाद नई अंतरिम सरकार ने काम करना शुरू किया था, तब उम्मीद की गई थी कि वह अब सबके हित को मकसद बना कर नई राह पर चलेगी। मगर अब वहां से जैसी खबरें आ रही हैं, वे यही बताती हैं कि बांग्लादेश शायद फिर से एक नई समस्या के दौर में दाखिल हो रहा है। यह विडंबना ही है कि नई अंतरिम सरकार ने सबको साथ लेकर चलने का भरोसा दिया था, लेकिन अब वहां के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने बेहद जटिल स्थिति खड़ी हो रही है और उनके साथ होने वाले बर्ताव से ऐसा लगता है कि उन्हें देश में दोयम दर्जे का नागरिक माना जाएगा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां सामुदायिक टकराव की स्थिति बन रही है और सरकार उसका कोई समाधान निकालने के बजाय अल्पसंख्यकों के खिलाफ नाहक आक्रोश को रोक नहीं पा रही है।गौरतलब है कि कुछ समय से लगातार ऐसी आवाजें उठ रही हैं कि बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार के जिम्मेदारी संभालने के बाद स्थानीय हिंदू समुदाय के साथ कई स्तर पर भेदभाव किए जा रहे हैं और सरकार उन्हें रोकने के बजाय अपनी आंखें मूंदे हुए है। जबकि बांग्लादेश में बगावत के बाद नए दौर की शुरुआत के साथ लोगों ने वहां सद्भाव और समावेशी राह की नई हवा बहने की उम्मीद की थी। फिलहाल स्थिति यह है कि वहां की पुलिस ने इस्कान समूह से जुड़े रहे चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि वहां उन पर राष्ट्रीय झंडे को अपमानित करने का हवाला देकर राष्ट्रद्रोह का आरोप लगाया गया है, मगर इस आरोप की हकीकत तो जांच से ही सामने आएगी।इसके बाद बांग्लादेश की नई सरकार के इस रुख पर सवाल उठने लगे हैं कि पिछली सरकार को तानाशाही बता कर सत्ता में आने के बाद क्या अब उसका रवैया धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति पनप रहे विद्वेष को तुष्ट करने वाला होगा। कहने को बांग्लादेश की सरकार इस तरह के आरोपों से इनकार करती है, लेकिन आखिर क्या वजह है कि वहां हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की ओर से अपने खिलाफ माहौल पैदा करने के आरोप लगाए जा रहे हैं और सरकार अपने रवैये से इस समस्या का कोई सौहार्दपूर्ण हल निकालने के बजाय असंतोष को बढ़ावा दे रही है!सवाल है कि अगर बांग्लादेश में पूर्व की सरकार पर तानाशाही के आरोप थे और आम जनता ने उसके खिलाफ विद्रोह करके उसे सत्ता से हटाया, तो नए दौर के शुरुआती महीनों में ही वहां से ऐसी तस्वीरें क्यों सामने आने लगी हैं।

## दिशानिर्देश जारी किए जाएं, संभल हिंसा जैसे मामले रुक सकते हैं

संभल में जो कुछ घट रहा है वह देश पहली बार नहीं देख रहा और इससे फिर जाहिर हो गया है कि प्लेस ऑफ वारशिप एक्ट,1991 जैसा कानून होने के बाद भी एक ही गलती दोहराई जा रही है। संभल में किसकी गोली से चार लोगों की जान गई, यह जांच का विषय हो सकता है, लेकिन यह स्पष्ट है कि न्यायपालिका की एक चूक ने संभल को इस स्थिति में पहुंचा दिया है। यह विवाद भी उसी तरह आकार ले रहा है, जैसे काशी और मथुरा में। संभल की जामा मस्जिद का मामला संवेदनशील है, ऐसे में पहला सवाल तो यही उठता है कि जिला अदालत ने इतने आनन-फानन में फैसला क्यों दिया? एक याचिका आती है, जिसमें दावा किया जाता है कि इस जगह मंदिर हुआ करता था, जिसे सन 1526 में मुगल बादशाह बाबर ने ध्वस्त कर मस्जिद का निर्माण कराया। याचिका पर उसी दिन सुनवाई होती है और सर्वे का आदेश आ जाता है। आखिर, सर्वे का आदेश देने की इतनी जल्दी क्या थी? प्लेस ऑफ वारशिप एक्ट,1991 को राम जन्मभूमि विवाद की परछाई में लाया गया था। यह कहता है कि 15 अगस्त 1947 को जो पूजास्थल जिस धार्मिक स्वरूप में था, वह वैसा ही रहेगा और उसे बदला नहीं जा सकेगा। यहां तक कि एक ही धर्म के भीतर दूसरे संप्रदाय में भी उस स्थल का बदलाव नहीं होगा। जब यह एक्ट आया, तब अयोध्या मामला सुप्रीम कोर्ट में था, तो उसे अलग रखा गया। लेकिन, अब यह हो रहा है कि आए दिन किसी जगह को लेकर अदालतों में याचिका डाली जा रही है और आश्चर्य है कि सर्वे के लिए आदेश भी दिया जा रहा है।ऐसा लग रहा है कि विवादों के बांध को खोल दिया गया है।

## राहुल गांधी को राजनीति के कुछ सबक सीखने होंगे

(ललित गर्ग)

> कांग्रेस 90 में से छह सीटें ही जीत पाई और नेशनल कॉन्फ्रेंस की जूनियर पार्टनर बन कर किसी तरह अपनी नाक बचा पाई। भाजपा ने महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं के रुझान का ख्याल रखा। इसी के हिसाब से नारे गढ़े। लाडकी बहिन जैसी लाभार्थी योजना, आरक्षण के सवालों और महाराष्ट्र के किसानों के मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी रणनीति बनाई।

हर जगह कांग्रेस अपने मजबूत सहयोगियों के बूते सीटें जीतने में कामयाब रही है। ओडिशा में कांग्रेस का वजूद खत्म हो चुका है। एक वक्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब वहां भाजपा छाई हुई है। कांग्रेस की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। महाराष्ट्र के नतीजे इसी बात को रेखांकित कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस न तो भारतीय जनता पार्टी को टक्कर दे पा रही है और न ही देशहित के प्रभावी मुद्दे उठा पा रही है। देश में कॉर्पोरेट विरोधी जो एकसूत्री एजेंडा राहुल ने अपनाया है, या संविधान-रक्षा एवं धर्म-निरपेक्षता के नाम पर एक सम्प्रदाय-विशेष की जो राजनीति वह कर रहे हैं, उसके सकारात्मक परिणाम नहीं आ रहे हैं, उनके इन मुद्दों के पक्ष में वोट नहीं मिले हैं। निश्चित ही राष्ट्रीय राजनीति में अगर कोई एक चीज है, जो नहीं बदली है, तो वह है भाजपा को मात देने में कांग्रेस की अक्षमता। भाजपा से सीधी टक्कर में कांग्रेस की हार का औसत प्रतिशत बढ़ता ही जा रहे हैं। अब तो कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोग दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। कांग्रेस के लिये जटिल से जटिलतर होते हालातों में केरल के वायनाड में प्रियंका गांधी वाड्रा की 4.1 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुई भारी जीत कांग्रेस पार्टी के लिये एक उत्साहजनक संदेश हो सकता है। निश्चित रूप से प्रियंका के राजनीतिक जीवन और कांग्रेस पार्टी के लिये यह एक महत्वपूर्ण क्षण है, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व पर लगा अक्षमता एवं अपरिपक्व राजनीति का दाग इससे कैसे कम हो सकता है? राहुल गांधी संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर पूरी तरह हमलावर रहते हैं, वे गैर-जरूरी मुद्दों को लेकर अक्सर संसद की कार्रवाई को बाधित करते हैं। अडाणी एवं कॉर्पोरेट विरोधी उनका एजेंडा देश की अर्थ-व्यवस्था के लिये कितना नुकसानदायी साबित होता रहा है, देश की जनता ने इसे महसूस किया है। राहुल दस साल से यह गलती कर रहे हैं और उनकी पार्टी इसकी कीमत चुका रही है। कांग्रेस और विशेष रूप से उसके नेता राहुल गांधी न जाने कब से अदाणी समूह को कोस रहे हैं। एक अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद वह हाथ धोकर इस समूह के पीछे पड़ गए हैं, लेकिन शायद वह यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल कांग्रेस के इस रवैये से सहमत नहीं है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे ऐसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं? यदि राहुल गांधी को यह लगता है कि अदाणी समूह दागदार है तो वह अपनी सरकारों को उससे कोई नाता न रखने के लिए क्यों नहीं कह पा रहे हैं? यह समझना भी कठिन है कि कांग्रेस अमेरिकी अदालत के आकलन को अंतिम सत्य की तरह क्यों ले रही है और वह भी तब, जब उसने रिश्वत के कथित लेन-देन के कोई प्रमाण नहीं पेश किए हैं? नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर चल रहे राहुल गांधी अपनी इस आक्रामकता से हासिल क्या करना चाहते हैं। विडम्बना देखिये कि संयुक्त अरब अमीरात, तंजानिया और श्रीलंका जैसे देश अदाणी समूह पर अमेरिकी अदालत की टिप्पणी को महत्व नहीं दे रहे हैं, लेकिन भारत में कांग्रेस के नेता और कुछ अन्य लोग उसे बिनी किसी जांच-पड़ताल दंडित करने को उतावले हैं। यह उतावलापन इसलिए भी ठीक नहीं, क्योंकि निवेशक अदाणी समूह पर भरोसा जता रहे हैं और इसी कारण उसके शेयरों में तथाकथित अमेरीकी कार्रवाई से भारी गिरावट के बाद पुनः तेजी देखने को मिल रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। हर जगह कांग्रेस अपने मजबूत सहयोगियों के बूते सीटें जीतने में कामयाब रही है। ओडिशा में कांग्रेस का वजूद खत्म हो चुका है। एक वक्त में पूर्वोत्तर के राज्यों में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब वहां भाजपा छाई हुई है। जबकि इन राज्यों की डेमोग्राफी कांग्रेस के पक्ष में हैं, लेकिन सरकारें भाजपा की है। कांग्रेस मुद्दे नहीं तय कर पा रही है। बीजेपी हर राज्य के हिसाब से मुद्दे तय करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर सीट के हिसाब के मुद्दों के हिसाब से बोलते हैं। वहां के इतिहास, भूगोल, राजनीतिक परिस्थितियां सबको ध्यान में रख कर बोलते हैं। लेकिन कांग्रेस इसके हिसाब से मुद्दे और रणनीति तय नहीं कर पाती। बड़ा सवाल ये है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित दिख रही कांग्रेस इसके बाद एक भी राज्य का चुनाव क्यों नहीं जीत पाई। आखिर उसकी रणनीति में कहां खामी है और वो बार-बार कहां चूक रही है? लगभग जीत के मुहाने पर खड़ी कांग्रेस को हरियाणा में हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के साथ यही किस्सा अब राजनीतिक तौर पर देश के दूसरे बड़े अहम राज्य महाराष्ट्र में भी दोहराया गया। झारखंड में पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल थी और वो 2019 में जीती 16 सीटों में एक भी सीट का इजाफा नहीं कर पाई। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस बुरी तरह नाकाम रही।

## तीसरी आंख से देखें दूसरी ही दुनिया

(सुंदरचंद ठाकुर)

शिव की तीसरी आंख के बारे में हम सबने सुना है। माथे पर दोनों भृकुटियों के बीचोंबीच जहां योगियों के लिए आज्ञा चक्र का स्थान सुनिश्चित है और जहां अमूमन वे ध्यान लगाते हैं, यहीं होती है तीसरी आंख। लेकिन इस आंख की खासियत यह है कि यह बाकी दोनों आंखों की तरह बाहर की ओर न खुलकर भीतर की ओर खुलती है। यानी इस आंख के रास्ते आप अपने भीतरी लोक में उतर सकते हैं। आप इसके जरिए अपने भीतरी लोक में उतरते रहते हैं उतना ही आपका भीतरी लोक साफ-सुथरा, उज्जवल और दिव्य होते जाता है। यह ऐसा ही है कि किसी के एक घर में रहने से वह घर उस घर की तुलना में कहीं ज्यादा साफ-सुथरा रहता है जिस घर में कि कोई नहीं रहता हो। जब आप भीतर के तहखाने में नहीं उतरते तो वहां मकड़ियां जाले बुन लेती हैं, वहां डरावना अंधकार भरा रहता है। लेकिन अगर आप रहने लगें तो वहां एक रोशनी बनी रहती है। जितना आप तीसरी आंख के जरिए भीतर उतरेंगे, उतना आपका भीतर दिव्य होता जाता है। इसीलिए कुछ लोग इस तीसरी आंख की तुलना दिव्यदृष्टि से करते हैं। विज्ञान की बात करें, तो इसी आंख के भीतर जरा सा नीचे पीनियल ग्रंथि होती है। यह ग्रंथि 5 से 9 मिलीमीटर लंबी और कोन के आकार की होती है। यह ग्रंथि मेलाटोनिन नामक हार्मोन बनाती है, जो हमारी नींद, शरीर की घड़ी और जागरूकता यानी हमारी अवेयरनेस को नियंत्रित करती है। लेकिन प्राचीन भारतीय ग्रंथों और अन्य संस्कृतियों में इसे हमारी आत्मिक ऊर्जा का केंद्र माना गया है। मिस्र की सभ्यता में इसे -'आई आफ होरस' कहा गया, और भारतीय योग में इसे आत्मज्ञान और ब्रह्मांड से जुड़ने का द्वार माना गया है। ब्रह्मांड से जुड़ने कर अर्थ है कि इस आंख के खुलने से आपको ब्रह्मांड की प्रज्ञा मिल जाएगी और उस प्रज्ञा के साथ आप कालद्रष्टा बन जाएंगे। कालद्रष्टा बनें या न बनें, इस आंख के खुलने से आपके भीतर की अंधेरी दुनिया जरूर रोशनी से भर जाएगी। इस रोशनी में आप दुनिया को भी रोशन नजरों से देखने लगोगे। कहते हैं कि जैसी आपकी भीतरी दुनिया होती है आपको बाहरी दुनिया भी वैसी ही दिखती है। क्या आपने कभी नोट नहीं कियार कि जब भी आप बहुत खुश होते हो, तो आपको बाहरी दुनिया भी खुशी में झूमती दिखती है। चांद खूबसूरत लगता है। प्रकृति मनोरम दिखने लगती है। आपके भीतर जितना प्रेम होता है, दुनिया आपको उतनी प्रेमिल दिखने लगती है। आप भीतर से जितना निराश, उदास होते हैं, आपको बाहरी दुनिया भी उतनी ही निराश, उदास दिखती है। इसलिए सबसे पहले तो जरा इस तीसरी आंख के रास्ते से भीतर-बाहर जाने की आवृत्ति बढ़ा दें। अब बात आती है पीनियल ग्रंथि को एक्टिवेट करने के लिए क्या किया जाए क्योंकि ब्रह्मांडीय प्रज्ञा तो तभी मिल सकती है। इसके लिए आपको छह काम करने होंगे। नियमित ध्यान में बैठने का अभ्यास करें और ध्यान आज्ञा चक्र पर ही लगाएं। कम से कम दस मिनट का रोज ध्यान लगाएं। प्राणायाम करें- दो प्राणायाम रोज करें। कपालभाति और अनुलोम-विलोम। त्राटक करें- मोमबत्ती की लौ या दीवार पर एक गोला बनाकर उसे 5-7 मिनट तक अपनक निहारें। संगीत सुनें- 432 हर्ट्ज की अववृत्ति वाला मेडिटेटिव संगीत सुनें। वह आपके ब्रेन को शांत करता है। सात्विक भोजन करें- सब करेंगे और भोजन तामसिक लेंगे, तो बात नहीं बनेगी। भोजन शुद्ध सात्विक रखें। योगासन करें- आपको तीन आसन नियमित करने हैं - शीर्षासन, बालासन और अधोमुख श्वान आसन। यह सब अगर आप नियमित करने लगे, तो स्वयं आपको अपनी प्रज्ञा जागती महसूस होगी। जीवन से सारे भय खत्म हो जाएंगे और आनंद कई गुना बढ़ जाएगा। जिस सांसारिक सफलताओं के पीछे भागते हो, वह भी टूटकर आपके कदमों के सामने बिछ जाएगी।

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन सम्मान और सफलता का दिन है। आपकी योजनाएं सफल होंगी। देवस्थान की यात्रा से मन को शांति मिलेगी। कानूनी विवादों में जीत हासिल करेंगे। स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के दूसरे हिस्से में तरक्की होगी। आपके काम सफल होंगे, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### वृष
आज आर्थिक मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए और बिना सोचे किसी को पैसे उधार नहीं देने चाहिए। दूसरों की बातों पर ध्यान देने के बजाय अपने काम पर ध्यान दें। घर में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें। आत्मविश्वास से काम करें। हर फैसला आपके हित में होगा और आपको किस्मत का साथ मिलेगा।

### कर्क
आज दिन बहुत लाभदायक है। हर काम आपकी योजना के अनुसार पूरा होगा, जिससे खुशी मिलेगी। नए उत्साह के साथ काम करें। कार्य व्यवहार में सुधार करें, तो सीनियर्स से आपको मदद मिलेगी। सभी विवाद सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर काम आरंभ हो सकते हैं। जमीन-जायदाद के मामले में ऐसा कोई सौदा न करें जिससे नुकसान हो।

### सिंह
आज दिन आर्थिक मामलों में सकारात्मक रहेगा। फंसा हुआ पैसा मिलने से आपके काम पूरे होंगे। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का माहौल रहेगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नया करें, तो फायदा होगा। काम में नई जान आएगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी। अपने काम को पूरा करने में आपको भरपूर आनंद प्राप्त होगा।

### मिथुन
आज दिन परेशानियों वाला हो सकता है और आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ सकता है जो कि दूसरे लोगों के लिए परेशानियों से भरा हो सकता है। घर के सदस्य या फिर संतान के किसी व्यवहार से आपको नुकसान हो सकता है।

### कन्या
आज हर काम सावधानी से करना चाहिए। खानपान में लापरवाही न करें। किसी से पैसों का लेन-देन न करें, वरना रिश्ते खराब हो सकते हैं। जल्दबाजी में कोई गलती हो सकती है, इसलिए सोच-समझकर काम करें। किसी मामले में निवेश करने से पहले किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह ज़रूर लें, तो लाभ होगा।

### तुला
आज दिन रचनात्मकता से भरा है। लंबे समय से रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। जिससे खुशी मिलेगी। धन में वृद्धि होगी। किस्मत चमकेगी। कारोबार में आगे बढ़ेंगे। आपको वो काम करने का मौका मिलेगा जो आपको सबसे ज़्यादा पसंद है। कुछ लोगों की मदद से आपको आराम मिलेगा। ऑफिस में सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा।

### वृश्चिक
आज दिन बहुत ही रचनात्मक है। जो भी काम लगन से करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। अधूरे काम पूरे होंगे। महत्वपूर्ण बातचीत आगे बढ़ा पाएंगे और आपके ऑफिस में अच्छा माहौल रहेगा। आपके प्रदर्शन की सराहना होगी और आपको दूसरे जरूरी काम सौंपे जा सकते हैं। सहयोगी आपका साथ देंगे। रात में परिवार के साथ हल्की-फुल्की आउटिंग पर खर्च हो सकता है।

### मकर
आज बिज़नस में थोड़ा जोखिम उठा सकते हैं, लाभ के योग हैं। रोज़मर्रा के काम से हटकर कुछ नया करें, तो लाभ होगा। किसी अपने के लिए पैसों का इंतज़ाम करना पड़ सकता है। किसी की मदद करनी पड़ सकती है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानें। अपने काम पर ध्यान दें। लोग आगे बढ़कर आपकी मदद करेंगे। नए बिज़नस प्लान दिमाग में आएंगे।

### कुंभ
आज दिन सामान्य है। अपने काम में लाभ होगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा होने से खर्च करने का मन करेगा। परिवार के साथ बाहर जा सकते हैं। घरेलू काम भी पूरे करेंगे। शॉपिंग का प्लान बना सकते हैं। बच्चों के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और नियमों का पालन करके काम करें, तो लाभ होगा। कई काम एक साथ आने से थोड़ी उलझन हो सकती है।

### धनु
आज दिन व्यस्तता से भरा होगा। अपने काम में लाभ और सम्मान मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सीनियर अधिकारी आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसा कोई काम न करें जिसके पूरा होने में संदेह हो। रात का समय शुभ कार्यों में बीतेगा। लाभ के योग बन रहे हैं। बिज़नस में अच्छी बिक्री से अच्छा मुनाफा होगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### मीन
आज दिन खास रहेगा। कारोबार में जोखिम उठाने का परिणाम अच्छा रहेगा। परेशानियों को धैर्य और मृदु व्यवहार से दूर कर सकते हैं। अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करके जो भी काम करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। जिस काम में आपको रुकावट आ रही थी, वह पूरा होगा। किसी की मदद करेंगे तो आपको अच्छा लाभ होगा। आपके सुख में वृद्धि के योग हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5571

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 8 | | 2 | | | |
| 6 | | | | | 4 | 9 | 5 | |
| 3 | 6 | | | 1 | | | | |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 2 | | | 3 | 9 |
| | 9 | 1 | 5 | | | | | 4 |
| | | | 2 | | 1 | 7 | | |
| 8 | | 4 | | | | 2 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5570

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## वर्ग पहेली 5571

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. ब्रायन लारा पहले ऐसे क्रिकेटर है जिसने टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा 400 रन बनाए, यह स्कोर इस देश के खिलाफ बनाए थे (3)
3. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध सूफी संत जिन्हें नीरूनमीमा नामक जुलाहे दंपत्ति ने पाला था (3)
5. काव्य मर्मज्ञ, रस पान करने वाला (3)
6. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
7. जागृत होना, नींद से उठना (3)
9. जीवन, जिंदगी (3)
10. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
11. ब्रह्म, विद्या, आगे की ओर (2)
12. छोटा, निःसार, तीन प्रकार के प्राणायामों में से एक (2)
14. वायुयान में चालक के बैठने की सीट (4)
17. अपने अधिकारों का दुरूपयोग करने वाला, स्वेच्छाचारी (4)
19. एक बार सांस लेने का समस, कश (2)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो, साक्ष्य (3)
22. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)

**ऊपर से नीचे**
1. इंतजाम करने वाला (6)
2. भयभीत होना, खौफ जदा होना (3)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां की भूमि पथरीली है (4)
8. खुशबू, सुगंध, महक (3)
11. बिहार के इस शहर का पुराना नाम पाटलिपुत्र था (3)
13. किसी द्रव्य या पानी में घुलने वाला (5)
15. पिता का पिता, दादा, बाबा (4)
16. अनुराग, प्रेम, लालसा, इच्छा (2)
18. संभव है कि, कदाचित (3)
19. औषधि, उपचार (2)
20. कौआ पक्षी, काग (2)

### वर्ग पहेली 5570 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | हौ | र | | ब | र | ग | द |
| म | ज | मा | | ह | मा | रा | |
| बं | | ना | म | क | | रा | पी |
| दी | न | | स | ना | थ | | प |
| | म | ह | ल | | प | ह | ल |
| ता | क | | ना | पा | क | | |
| | ख्वा | ब | | ता | ना | बा | ना |
| शा | र | दा | | ल | | द | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### मिस्ट्री हंटर में रनविजय ने देश में डायनासौर की अज्ञात विरासत का खुलासा किया

**मुंबई, एजेंसी।** इस सप्ताह मिस्ट्री हंटर में दर्शकों को भारत के प्रागैतिहासिक काल में जाने का मौका मिल रहा है। डिस्कवरी+ और डिस्कवरी चैनल पर प्रसारित हो रहे इस एपिसोड में इतिहास, विज्ञान और खोज की मदद से इतिहास के वो रहस्य उजागर हो रहे हैं, जब भारतीय उपमहाद्वीप में विशालकाय जीव घूमा करते थे। यह सफर बालासिनोर, गुजरात से शुरू होता है, जहाँ पर पाए गए प्रागैतिहासिक काल के जीवाश्म, डायनासौर के अंडे, और विशाल राजासौरस नर्मदेंसिस भारत के समृद्ध इतिहास की ओर इशारा करते हैं। यह रहस्य तब और ज्यादा रोमांचक हो जाता है, जब रनविजय अरब सागर की गहराईयों में उतरकर शिवा क्रेटर की रिम तलाशते हैं, जो एस्टेरॉयड के हमलों से जुड़ी मानी जाती है, जिन्होंने धरती से डायनासौर का अस्तित्व समाप्त कर दिया था। रनविजय सिंह ने कहा, ''भारत के प्रागैतिहासिक काल की खोज करके मुझे अपने देश के इतिहास के बारे में एक अद्वितीय बात जानने का अवसर मिला। जीवाश्म स्थलों से गुजरते हुए पैलियोंटोलॉजिस्ट्स और विशेषज्ञों की मदद से इस विशालकाय जीव के विलुप्त होने की कहानियों का खुलासा करना बहुत रोचक था। यह देखकर आश्चर्य होता है कि हमारे चारों ओर के इतिहास में कितना कुछ छिपा है। मैं दर्शकों के साथ इन दिलचस्प रहस्यों की खोज करने के लिए उत्सुक हूँ।''

### मानव विज ने कश्मीर के बारे में बताते हुए कहा, 'स्थानीय लोगों के बिना 'तनाव 2' को बनाना संभव नहीं था

**मुंबई, एजेंसी।** 'तनाव 2' अपनी शानदार, एक्शन से भरपूर कहानी के साथ दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिये तैयार है। इस सीरीज में साहस, धोखा, महत्वाकांक्षा, प्यार और बदले जैसे विषयों को ताना-बाना देखने को मिलेगा। जब कबीर और स्पेशल टास्क ग्रुप (एसटीजी) मिलकर बदले की आग में जल रहे अल-दमिश्क के जानलेवा खतरे का सामना करते हैं, तब कश्मीर का भाग्य उन पर निर्भर करता है। लेकिन इस शो में सिर्फ बेहतरीन ड्रामा नहीं, बल्कि कश्मीर की खूबसूरत वादियाँ भी दिखाई पड़ती हैं। इसका कलाकारों पर भी बड़ा असर हुआ है, खासकर मानव विज पर, जोकि इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आकर्षक इलाके में अपनी शूटिंग के वक्त को याद करते हुए, मानव ने बताया कि पूरी शूटिंग के दौरान कश्मीर की मनमोहक सुंदरता ने कैसे प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, ''हर दिन किस्मत के जागने का एहसास होता था और खासकर पहलगाम मेरी पसंदीदा जगह बन गया। उसकी खूबसूरती बेजोड़ है, जिसने मेरे दिल पर गहरी छाप छोड़ी है।''इसके आगे, उन्होंने स्थानीय लोगों के प्यार और मेहमानी की तारीफ की। अपनी शूटिंग के अनुभव को यादगार बनाने में इन लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा, ''स्थानीय लोग बहुत मददगार और स्वागत करने वाले थे। उनके सहयोग के बिना यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट संभव न होता। उनकी उदारता और उत्साह को मैं सलाम करता हूँ।''प्राकृतिक सुंदरता और मेहमानी के अलावा मानव को स्थानीय संस्कृति भी भा गई, खासकर कश्मीर के स्वादिष्ट पकवान।

### नोएडा में लिव इन में रह रही 19 साल की लड़की की मिली लाश, पार्टनर का नहीं चल रहा कोई पता

**नोएडा , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही एक 19 साल की छात्रा की लाश मिली है। छात्रा नोएडा में ही बीबीए की पढ़ाई कर रही थी। वह उत्तर प्रदेश के बलिया की रहने वाली थी। वहीं इस घटना के बाद मृतका का लिव इन पार्टनर फरार चल रहा है। वह कहां है, इस बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। पुलिस ने बताया कि नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र के देवला गांव में मृतका लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से उसका दोस्त (लिव इन पार्टनर) फरार है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सूरजपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि देवला गांव में संतोष नामक युवक बलिया की रहने वाली कुमारी अंजलि (19) के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था।

# सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए: फारूक अब्दुल्ला

### मुसलमानों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए



**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि केंद्र को देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए और मुसलमानों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''(संभल जैसी घटनाएं) रोकने की जरूरत है। मैं केंद्र सरकार से कहूंगा कि वह (ऐसी हरकतें) रोके, क्योंकि वे (भारत के) मुसलमानों को समुद्र में नहीं फेंक सकते। वे 24 करोड़ मुसलमानों को कहां फेंकेंगे? मुसलमानों के साथ समान व्यवहार करें, यही हमारा संविधान कहता है। अगर वे संविधान के साथ छेड़छाड़ करेंगे तो भारत कैसे बचेगा।''

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, ''कश्मीरी पंडितों को वापस आने से कौन रोक रहा है? हर राजनीतिक दल ने कहा है कि उन्हें वापस आना चाहिए। यह उनका फैसला है कि वे कब वापस आना चाहते हैं। हमारे दिल उनके लिए खुले हैं। जब मैं मुख्यमंत्री था और स्थिति खराब थी, तब भी हमने उन्हें वापस लाने की कोशिश की थी।''

जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नीति की समीक्षा की मांग पर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम सरकार से इसकी समीक्षा करने को कहेंगे। आरक्षण वंचित वर्गों के लिए है ताकि वे बराबरी के स्तर पर आ सकें।'' नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार ने आरक्षण को युक्तिसंगत बनाने की मांगों पर विचार करने के लिए कैबिनेट की उप-समिति का गठन किया है। केंद्र शासित प्रदेश में आरक्षण की सीमा 70 प्रतिशत तक पहुंच गयी है।

आतंकियों के साथ कथित संबंधों के चलते पिछले सप्ताह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा दो सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किए जाने के बारे में अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार ''हर चीज पर नजर रखेगी और यह पता लगाएगी कि दोनों कर्मचारियों को क्यों बर्खास्त किया गया।'' नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने इजरायल-लेबनान के बीच हुए संघर्ष विराम का स्वागत किया, लेकिन गाजा, सीरिया और ईरान पर हमलों को भी रोकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''यह (संघर्ष विराम) एक बहुत अच्छा कदम है, लेकिन इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से गाजा, सीरिया और ईरान में किए जा रहे हमलों को रोकना जरूरी है, जो आज भी जारी हैं। यह खतरनाक है। तुरंत संघर्ष विराम होना चाहिए।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''आपने (संयुक्त राष्ट्र) सुरक्षा परिषद में बहस देखी होगी। यदि सुरक्षा परिषद के अस्तित्व का कोई उद्देश्य है, तो उसे इजराइल को दिए गए निर्देशों पर काम करना चाहिए। उन्हें संघर्ष विराम लागू करना चाहिए और मानवीय सहायता की अनुमति देनी चाहिए।'' हाल में 'उमराह' यात्रा से लौटे अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने न केवल कश्मीर के लिए बल्कि पूरे मुस्लिम जगत के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा, ''आज हम जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, अल्लाह हमें उनसे मुक्ति दिलाए। अल्लाह हमें सही रास्ते पर ले जाए।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का 14वां दीक्षांत समारोह पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में भव्य आयोजन

**नई दिल्ली।** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने अपने विजयवाड़ा कैंपस में 14वां वार्षिक दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित किया। यह खास अवसर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक गर्व का पल बना। इस साल 4,706 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं, जिसमें 166 पीएच.डी. स्कॉलर, 604 पोस्टग्रेजुएट और 3,936 अंडरग्रेजुएट छात्र शामिल थे। मेधावी छात्रों को 42 गोल्ड मेडल और 37 सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। यह आयोजन शैक्षणिक यात्रा के समापन और नए अवसरों की शुरुआत का प्रतीक था। समारोह के मुख्य अतिथि, राम नाथ कोविंद जी, जो भारत के 14वें पूर्व राष्ट्रपति हैं, की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने अपने विचारशील संबोधन में शिक्षा, ईमानदारी और नवाचार की शक्ति को रेखांकित करते हुए छात्रों को निरंतर सीखने और अपनी क्षमताओं को पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति श्री अब्दुल नज़ीर जी, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश, ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर श्रीमती सविता कोविंद भी उपस्थित रहीं। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के माननीय चांसलर इंजीनियर कोनेरु सत्यनारायण ने समारोह की अध्यक्षता की और स्नातक छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा,आज आपका शैक्षणिक सफर खत्म नहीं हो रहा, बल्कि यह आपके उस सफर की शुरुआत है, जिसमें आप आने वाले कल की दुनिया के निर्माता बनेंगे। हमारी यूनिवर्सिटी में हम सिर्फ कुशल पेशेवर नहीं, बल्कि ऐसे दूरदर्शी व्यक्तित्व तैयार करते हैं जो चुनौतियों को अवसरों में बदलने की क्षमता रखते हैं।

# नेशनल आरोग्य एक्सपो में जुटेंगे 40 देशों के विशेषज्ञ

निज संवाददाता | देहरादून



देहरादून में 12 से 15 दिसंबर के बीच होने जा रहे 10वें विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो- 2024 में 40 से अधिक देशों के विशेषज्ञों सहित छह हजार से अधिक डेलीगेट्स शामिल होंगे। आयोजन में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी जैसी परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को लोकप्रिय बनाने पर विचार विमर्श किया जाएगा। हिमालय और गंगा–यमुना जैसी सदानीरा नदियों के चलते उत्तराखंड हमेशा से योग साधकों के साथ ही आयुर्वेद व अन्य परंपरागत चिकित्सा पद्रधतियों के शोधार्थियों के लिए अहम पड़ाव रहा है। अब इसी क्रम में उत्तराखंड में 12 से 15 दिसंबर के बीच वर्ल्ड आयुर्वेद फाउंडेशन की ओर से '10वां विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो- 2024' का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को 40 देशों के 20 अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्पीकर के साथ ही विभिन्न सत्रों में 150 से अधिक वक्ता संबोधित करेंगे। आयोजन में छह हजार से अधिक डेलीगेट्स के सामने परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों पर आधारित 900 से अधिक पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी में निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए, आयुष ड्रग्स निर्माता के साथ ही बॉयर सेलर मीट का भी आयोजन किया जाएगा। अपर सचिव विजय जोगदंडे ने बताया कि आयुष मंत्रालय के सहयोग से देहरादून के परेड ग्राउंड में होने जा रहे इस एक्सपो में आमलोगों के लिए फ्री आयुष क्लीनिक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें डायबिटीज, महिला और बाल स्वास्थ्य, वृद्रधावस्था, न्यूरोलॉजी, आंकोलॉजी, प्रिवेंटिव कॉर्डियोलॉजी पर निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। यह आयोजन एक तरह से आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी का समग्र मेला साबित होगा। जिसमें प्रदेशभर से तीन लाख लोगों के सामने होने की उम्मीद है। देहरादून में 10वां विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो- 2024 का आयोजन किया जाना पूरे उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है। इस आयोजन के जरिए, प्रदेश के आयुष और अन्य परपरागत दवा निर्माताओं को खासकर लाभ होगा। साथ ही प्रदेश में परंपरागत चिकित्सा के जरिए भी जागरुकता पैदा होगी।

# छत्तीसगढ़ में अब जनता सीधे चुनेगी मेयर, निकाय चुनाव में ओबीसी कोटे के प्रारूप पर भी फैसला

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में अब जनता सीधे महापौर का चुनाव करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को एक्स पर अपने पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली से होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में इससे जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक में पर्यटन के मसले पर भी बड़ा फैसला हुआ है। कैबिनेट ने सूबे में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसको उद्योग का दर्जा देने से जुड़े प्रस्ताव पर मुहर लगाई है।



पीटीआई के मुताबिक, छत्तीसगढ़ सरकार ने सोमवार को नगर निगमों के महापौर और अन्य नगर निकायों के अध्यक्षों के पदों के लिए प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली को बहाल करने का फैसला लिया। इस फैसले ने पिछली भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के फैसले को पलट दिया है। तत्कालीन बघेल सरकार के फैसले के अनुसार, जनता पार्षदों को चुनती थी। इसके बाद पार्षद अपने बीच से महापौर और अध्यक्षों का चुनाव करते थे। इस प्रणाली का इस्तेमाल राज्य में 2019 में हुए नगर निकाय चुनावों में किया गया था।

सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के दौरान पिछली प्रणाली को बहाल करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सीएम विष्णु देव साय ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा- छत्तीसगढ़ की आवाम अब सीधे मेयर का चुनाव करेगी। सूबे में अब मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। कैबिनेट ने इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने पोस्ट में कहा- 1999 से मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों का चुनाव डायरेक्ट होता था लेकिन 2019 में कांग्रेस सरकार ने अप्रत्यक्ष प्रणाली को अपनाया था। अब कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम, 1956 (संशोधन) अध्यादेश 2024 और छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश 2024 (प्रत्यक्ष चुनाव और आरक्षण से संबंधित प्रावधान) की विभिन्न धाराओं में संशोधन के संबंध में अध्यादेश 2024 के प्रारूप को मंजूरी दी है।

# ऑल-त्रिपुरा होटल और रेस्तरां मालिक संघ ने कहा- बांग्लादेशियों को नहीं देंगे होटल, रेस्तरां में भोजन की मनाही

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के होटल और रेस्तरां मालिक बांग्लादेश के पर्यटकों से बुकिंग स्वीकार नहीं करेंगे। यह निर्णय अस्थायी तौर पर लिया गया है। पूर्वोत्तर राज्य में ट्रावेल सेक्टर के शीर्ष संघ की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई। दोनों पड़ोसियों के बीच राजनयिक संबंधों में तनाव को देखते हुए यह फैसला हुआ है। ऑल-त्रिपुरा होटल और रेस्तरां मालिक संघ की ओर से जारी बयान में कहा, 'राज्य के होटल बांग्लादेशी पर्यटकों को कमरे नहीं देंगे और रेस्तरां में उन्हें भोजन नहीं दिया जाएगा।' यह बयान ऐसे समय जारी हुआ जब सैकड़ों लोगों ने राजधानी अगरतला में बांग्लादेशी मिशन के चारों ओर विशाल रैली निकाली। इस दौरान बांग्लादेश में हिंदू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के साथ-साथ पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों का विरोध किया गया। दरअसल, अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग में एक समूह की ओर से ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान कुछ लोगों द्वारा अनधिकृत तरीके से प्रवेश कर शांति भंग की गई। इस घटना के बाद उच्चायोग के अंदर और आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पश्चिमी त्रिपुरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीव चक्रवर्ती ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ रैली निकाली गई। रैली निकालने वाले विश्व हिंदू परिषद से जुड़े हिंदू संघर्ष समिति के 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को इस संबंध में ज्ञापन सौंपने के लिए सहायक उच्चायोग के अंदर जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन कुछ अतिरिक्त लोग परिसर में घुस आए और वे वहां 'जय श्री राम' के नारे लगाने लगे।




**'प्रदर्शनकारियों को तुरंत निकाला बाहर':** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के अंदर किसी भी तरह की शांति भंग नहीं हुई और न ही कोई परेशानी हुई क्योंकि हमनें प्रदर्शनकारियों को तुरंत वहां से बाहर निकाल दिया था।' बांग्लादेश के झंडे को कथित तौर पर जलाने की घटना पर उन्होंने कहा कि पुलिस को इस संबंध में सूचना मिली है और वे उस वीडियो फुटेज की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश सहायक उच्चायोग में हुई घटना के संबंध में हमें अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है।' उप महानिरीक्षक रमेश रेड्डी ने बांग्लादेश सहायक उच्चायोग का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

# बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़, अपराधियों के पैर में लगी गोली; दोनों पर 50 से ज्यादा मामले दर्ज

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने डकैती, हत्या और लूट की वारदात में सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोह के बदमाशों को एनकाउंटर के बाद पकड़ा है। पुलिस और बदमाशों के बीच मंगलवार सुबह पांच बजे धर्मपुर नाके के पास यह मुठभेड़ हुई। अपराधियों ने नाके पर टक्कर मारकर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो बदमाशों के पैर में गोली मारकर उन्हें पकड़ा। इलाज के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हिरासत में उनका इलाज चल रहा है।

मुठभेड़ की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि बदमाश होंडा सिटी कार में सवार होकर राजेंद्रा पार्क से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। अपराधियों की पहचान दिल्ली के संगम विहार निवासी तंजीर आलम और रणवीर सोनी के रूप में हुई है। दोनों पर 50 से ज्यादा अपराधिक मामले दर्ज हैं। पिछले हफ्ते गुरुग्राम और बिहार पुलिस के संयुक्त दल के साथ बार गुर्जर गांव के पास हुई मुठभेड़ में दो लाख रुपये के इनामी वांटेड गैंगस्टर सरोज राय को मार गिराया। इस मुठभेड़ में बिहार पुलिस का एक कांस्टेबल भी घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक (एसीपी) (क्राइम) वरुण दहिया ने बताया, मुठभेड़ में मारा गया सरोज राय वांटेड अपराधी था और उसका साथी भागने में सफल रहा, जिसे पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। बिहार पुलिस के घायल कांस्टेबल का फिलहाल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि 26 साल के राय के खिलाफ बिहार में जबरन वसूली की एक प्राथमिकी सहित 32 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। राय को गुरुग्राम में कथित तौर पर एक बड़े अपराध की योजना बनाते समय मानेसर अपराध ईकाई और बिहार पुलिस के संयुक्त दल ने पकड़ा। यह मुठभेड़ बार गुर्जर गांव के पास सुबह करीब चार बजे उस समय शुरू हुई जब राय अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था और पुलिस द्वारा रोके जाने पर उसने गोली चला दी।

# हिमाचल में बढ़ा बारिश और बर्फबारी का इंतजार

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में सर्दी कहर बरपा रही है और कई स्थानों में पारा शून्य से नीचे बना हुआ है। हालांकि बारिश और बर्फबारी का इंतजार अब और बढ़ गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले एक हफ्ते तक राज्य के अधिकतर इलाकों में बारिश और बर्फबारी की कोई संभावना नहीं है। अगले 24 घंटों में सिर्फ उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में ही कहीं-कहीं हल्का हिमपात हो सकता है। चार से आठ दिसंबर तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा और सुखी ठंड लोगों की परेशानी बढ़ाएगी।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अगले एक हफ्ते तक प्रदेश के मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा। राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ रहेगा और तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी। खासतौर पर जनजातीय क्षेत्रों में सर्दी का असर बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि मैदानी भागों



में आठ दिसम्बर तक बारिश होने की कोई संभावना नहीं है।

मौसम वैज्ञानिक ने यह भी कहा कि राज्य के हिल्स स्टेशनों शिमला, मनाली, डल्हौजी, मैक्लोडगंज में सीजन की पहली बर्फबारी के लिए अभी और इंतजार करना होगा। इस बीच लंबे समय से बारिश न होने से कई जिलों में सूखे की स्थिति पैदा हो गई है। इससे न केवल सर्दियों के दौरान होने वाली रबी की फसल प्रभावित हुई है, बल्कि पेयजल व सिंचाई योजनाओं सहित पर्यटन कारोबार पर भी असर पड़ा है।

राज्य के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार को भी शुष्क मौसम बना हुआ है। इसका असर अधिकतम तापमान पर देखने को मिल रहा है। खासकर मैदानी इलाकों में दिन का तापमान सामान्य बना हुआ है। लेकिन रात में सर्दी की चुभन बढ़ रही है। मैदानी इलाके ऊना, मंडी और बिलासपुर शिमला से ज्यादा ठंडे हैं। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को शिमला में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं ऊना और बिलासपुर में क्रमशः 5.2 डिग्री, 5.5 डिग्री व 6.3 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा सुंदरनगर में 4.7, भुंतर में 2.6, सोलन में 3.5, पालमपुर में 5.5, मनाली में 3.1, कांगड़ा में 6.5, जुब्बड़हट्टी में 8.2, भरमौर में 4.6, सियोबाग में 2.3, बरठीं में 3.8, सराहन में 7 और धर्मशाला व देहरा गोपीपुर में 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के जनजातीय जिलों के चार स्थानों में पारा माइनस में रिकॉर्ड किया गया। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का ताबो सबसे सर्द स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान -6.5 डिग्री, कुकुमसेरी में -6.2 डिग्री व समधो में -3.9 डिग्री और किन्नौर के कल्पा में -0.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सीएम स्टालिन ने भूस्खलन में मारे गए सात लोगों के लिए 5 लाख रुपये की मुआवजे की घोषणा की

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु के कई जिलों में चक्रवात फेंगल के कहर के बीच मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तिरुवन्नामलाई जिले में भारी बारिश के कारण भूस्खलन में जान गंवाने वाले सात लोगों के परिवारों के लिए 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मैं इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता हूं और आदेश दिया है कि मृतकों के प्रत्येक परिवार को मुख्यमंत्री सामान्य राहत कोष से 5-5 लाख रुपये प्रदान किए जाएं. यह तिरुवन्नामलाई में भूस्खलन में पांच बच्चों सहित सात लोगों के जमीन के नीचे दबने के बाद आया है. प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मृतकों की पहचान राजकुमार और उनकी पत्नी मीना (27) के रूप में हुई है. परिवार वीओसी नगर में 11वीं स्ट्रीट पर रहता था. घटना दोपहर करीब 4ः00 बजे हुई जब राजकुमार को पता चला कि उनके घर पर एक पेड़ गिर गया है. विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहाड़ से एक बड़ी चट्टान लुढ़क कर उनके घर के ऊपर गिरी, साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को घटना की जानकारी दी गई।

# पीवी सिंधु शादी के बंधन में बंधने को तैयार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधु नई पारी शुरू करने को तैयार हैं। वह हैदराबाद स्थित सिडेक्स टेक्नोलॉजीज में कार्यरत लड़के से शादी के लिए तैयार हैं।

सिंधु इसी महीने शादी करने वाली हैं। उनके पिता पीवी रमना ने शादी की तारीख, वेन्यू और रिसेप्शन समेत अन्य जानकारी दी है। 22 दिसंबर को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगी। शादी से संबंधित कार्यक्रम 20 दिसंबर से शुरू होंगे। पूर्व विश्व चैंपियन ने रविवार (1 दिसंबर) को लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में जीत के साथ लंबे समय तक खिताब का सूखा खत्म किया। वह हैदराबाद के रहने वाले वेंकट दत्ता साई से शादी करेंगी, जो पॉसिडेक्स टेक्नोलॉजीज में कार्यकारी निदेशक हैं।

**रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में**

सिंधु के पिता पीवी रमना ने पीटीआई को बताया, दोनों परिवार एक दूसरे को पहले जानते हैं, लेकिन एक महीने पहले ही सब कुछ तय हुआ था।

यह एकमात्र संभावित समय था क्योंकि जनवरी से उनका शेड्यूल बहुत व्यस्त हो जाएगा। इसलिए दोनों परिवारों ने 22 दिसंबर को शादी समारोह आयोजित करने का फैसला किया है। रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में होगा। वह इसके तुरंत बाद अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगी, क्योंकि अगला सत्र महत्वपूर्ण होने वाला है।

पीवी सिंधु को भारत की सबसे महान एथलीटों में से एक माना जाता है, उन्होंने 2019 में स्वर्ण सहित पांच विश्व चैंपियनशिप पदक जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक भी जीता है। चैंपियन बैडमिंटन खिलाड़ी ने रियो 2016 और टोक्यो 2020 में लगातार ओलंपिक पदक जीते.





# दाऊद इब्राहिम का नाम लेकर पाकिस्तान ने दी धमकी?

● चैंपियंस ट्रॉफी विवाद के बीच आया बेतुका बयान

**लाहौर, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जानी है. कथित तौर पर भारत की तरफ से टीम को टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजने से इनकार किया जा चुका है. इस इनकार के बाद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब इस विवाद के बीच दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान की तरफ से कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का नाम लेकर धमकी दी गई है. तो आइए जानते हैं कि पूरा माजरा क्या है.

दरअसल चैंपियंस ट्रॉफी विवाद के बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह किसी भाई का नाम लेकर कह रहे हैं कि भाई के घर के बराबर में रहते हैं. राशिद लतीफ के जरिए इस्तेमाल किए गए भाई शब्द को दाऊद इब्राहिम के नाम से जोड़ा जा रहा है. बता दें कि वीडियो में राशिद लतीफ ने दाऊद इब्राहिम का नाम नहीं लिया है.

वायरल वीडियो में पूर्व पाक क्रिकेटर ने कहा, पंगे किससे ले रहे हो? भाई के घर के बराबर में रहते हैं. जहां मैं बैठा हूं, भाई का घर है इधर. ये ऊपर से जो गेम चला रहे हैं, छोड़ दें.

**फिलहाल कहां तक पहुंची चैंपियंस ट्रॉफी की बात?**

गौर करने वाली बात यह है कि अभी आईसीसी तरफ से आधिकारिक तौर पर यह साफ नहीं हो पाया कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में होगा या फिर पाकिस्तान के अलावा किसी और देश को मेजबान बनाया जाएगा.

हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा चुका है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल पर राजी हो गया है. लेकिन साथ ही रिपोर्ट्स में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि पाकिस्तान बोर्ड ने आईसीसी के सामने यह शर्त भी रखी है कि टीम फ्यूचर में किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए भारत का दौरा नहीं करेगी.

# यशस्वी जायसवाल को विराट कोहली ही नहीं, टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर से भी बड़ा बनाएगा मिशन 283!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यशस्वी जायसवाल, ये एक ऐसा नाम है जो इस पूरे साल टेस्ट क्रिकेट में गूंजता रहा है. रन, रिकॉर्ड और औसत जैसी तमाम बातों का जिक्र इस बल्लेबाज के नाम के इर्द-गिर्द घूमा है. और, अब आलम ये है कि जब साल खत्म होने के करीब है यशस्वी जायसवाल उस कारनामें को करने की ओर बढ़ चले हैं, जो उन्हें विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर से भी आगे ले जा सकता है. लेकिन, इसके लिए जरूरी है 'मिशन 283' की कामयाबी. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के अगले 3 मैचों में अगर यशस्वी के इस मिशन ने हकीकत का लिबास ओढ़ लिया तो फिर यकीनन उनके आगे कोई नहीं होगा.

## यशस्वी जायसवाल का 'मिशन 283'

अब आप सोच रहे होंगे कि ये 'मिशन 283' है क्या? इस मिशन का ताल्लुक एक कैलेंडर ईयर में बनाए सबसे ज्यादा टेस्ट रनों से हैं. फिलहाल इस मामले में भारतीय रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है. लेकिन, साल 2024 में अब तक जिस तरह से यशस्वी के बल्ले ने हल्ला बोला है, उससे सचिन के रिकॉर्ड पर खतरा मंडराने लगा है. यशस्वी को सचिन के उसी कीर्तिमान को ध्वस्त करने के लिए 283 रनों की जरूरत है.

## सचिन तेंदुलकर के नाम भारतीय रिकॉर्ड

सचिन तेंदुलकर ने साल 2010 में 23 टेस्ट खेलकर एक कैलेंडर ईयर में 1562 रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड स्थापित किया. सचिन ने 78.1 की औसत से खेलते हुए उस दौरान 5 अर्धशतक और 7 शतक जड़े थे. इसके जरिए सचिन ने 2008 में एक कैलेंडर ईयर में वीरेंद्र सहवाग का बनाया 1482 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा था.



विराट तोड़ते-तोड़ते रह गए थे सचिन का रिकॉर्ड

सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड 14 सालों से कायम है. 2018 में हालांकि विराट कोहली उसे तोड़ने के बेहद करीब पहुंच गए थे मगर वो नाकाम रहे थे. उन्होंने तब 24 टेस्ट में 55.08 की औसत से 1322 रन बनाए थे, जिसमें 5 शतक और 5 अर्धशतक शामिल रहे थे.

## यशस्वी के फिलहाल 23 टेस्ट में 1280 रन

यशस्वी जायसवाल के 2024 में अब तक खेले 23 टेस्ट में 1280 रन हो गए हैं. 58.18 की औसत से ये रन बनाते हुए वो 3 शतक और 7 अर्धशतक भी लगा चुके हैं. ऐसे में उनके पास विराट कोहली , वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर से आगे निकलने का मौका है. वो एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन सकते हैं.

## 3 टेस्ट, 6 पारी में रच सकता है इतिहास

अच्छी बात ये है कि सचिन तेंदुलकर के 14 साल से कायम रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए अभी 3 टेस्ट यानी 6 पारियां बची हैं, जो यशस्वी जायसवाल को इस साल खेलने हैं. ऑस्ट्रेलियाई धरती पर खेले अपने पहले टेस्ट में शतक जमाकर वो अपने फॉर्म का एहसास करा चुके हैं. अब अगर वही फॉर्म अगली 6 पारियों में भी बरकरार रहा तो फिर सवाल ही पैदा नहीं होता कि सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जरूरी 283 रन उनके बल्ले से ना निकलें.

## एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट से पहले चोटिल हुए स्टीव स्मिथ



**एडिलेड, एजेंसी।** स्टार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को भारत के खिलाफ एडिलेड ओवल में दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से पहले नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। वह मार्नस लाबुशेन से थ्रोडाउन ले रहे थे, तभी उनके दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, कुछ देर के लिए उन्होंने बल्लेबाजी करना बंद कर दिया और मार्नस लाबुशेन से बात करते समय काफी दर्द में दिखे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम का एक मेडिकल स्टाफ उनके अंगूठे की जांच के लिए नेट्स में आया और स्मिथ ने अंगूठे की स्थिति का पता लगाने के लिए उसे सावधानी से हिलाया। हालांकि उन्हें ज्यादा तकलीफ नहीं हुई, लेकिन वह उसी समय नेट्स से चले गए। थोड़ी देर बाद स्मिथ वापस आ गए और दूसरे नेट्स में बल्लेबाजी करने लगे, ऐसा लग रहा है कि उन्हें कोई दीर्घकालिक चोट नहीं लगी है, जिससे एडिलेड में उनकी भागीदारी प्रभावित हो सकती है।

पर्थ में पहले टेस्ट में स्मिथ ने पहली पारी में गोल्डन हुए जबकि दूसरी पारी में 17 रन पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम 295 रनों से हार गई। अगर ऑस्ट्रेलिया को वापसी करने का कोई गंभीर मौका चाहिए तो उसे अपने प्रमुख बल्लेबाज को फॉर्म में रखना होगा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (2023-25) चक्र के 13 टेस्ट में स्मिथ ने 26 पारियों में सिर्फ 755 रन बनाए हैं, जिसमें 32.82 का औसत है, जिसमें सिर्फ एक शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 110 है।

## चिली 2025 महिला जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा



**लुसाने (स्विटज़रलैंड), एजेंसी।** चिली की राजधानी सैंटियागो अगले साल एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगी, जैसा कि आज अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने खुलासा किया है। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र चौथी बार इस आयोजन की मेजबानी करते हुए उभरते सितारों को बढ़ावा देगा। इसके अलावा, हॉकी प्रशंसकों की खुशी के लिए, इस बार जयकार करने के लिए 8 और टीमें होंगी! वास्तव में, एफआईएच सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक बड़ी संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना है, 2025 एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप - महिला और पुरुष - एफआईएच के इतिहास में पहली बार 24 टीमों को शामिल करेगा।

मेज़बान चिली के अलावा, निम्नलिखित टीमें पहले ही इस आयोजन के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं:

**यूरोप:** नीदरलैंड, स्पेन, इंग्लैंड, जर्मनी, बेल्जियम, आयरलैंड, वेल्स, चेकिया

**पैन अमेरिका:** अर्जेंटीना, यूएसए, उरुग्वे, कनाडा

अफ्रीका, एशिया और ओसनिया की टीमें बाद के चरण में क्वालीफाई करेंगी। एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा, अवसरों का विस्तार करना और समावेशिता को बढ़ावा देना हॉकी को वैश्विक स्तर पर विकसित करने के हमारे मिशन के केंद्र में है। एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप हमारे खेल के जीवंत भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो दुनिया भर से असाधारण युवा प्रतिभाओं का जश्न मनाते हैं। चिली के सैंटियागो में 2025 का संस्करण दुनिया भर से 24 गतिशील टीमों को एक साथ लाएगा.



चेसः

# प्रज्ञानंद, एरिगैसी समेत पांच भारतीय फिडे की शीर्ष प्रतियोगिता में भाग लेंगे

**लुसाने, एजेंसी।** यह आयोजन 26 से 28 दिसंबर तक रैपिड चैंपियनशिप के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 29 दिसंबर को एक दिन का विश्राम होगा। ब्लिट्ज चैंपियनशिप के मुकाबले 30 और 31 दिसंबर को खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने सोमवार को कहा कि आगामी 2024 फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप में आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगैसी और आर वैशाली सहित भारत के पांच खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 26-31 दिसंबर तक न्यूयॉर्क शहर में आयोजित की जाएगी। पहली बार इस टूर्नामेंट का उत्तरी अमेरिका में आयोजन हो रहा है। इसमें कोनेरू हम्पी और द्रोणावल्ली हरिका भी भारतीय चुनौती को पेश करेंगी। फिडे ने इसे अब तक का सबसे मजबूत सत्र करार देते हुए कहा कि इसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग लेंगे। शीर्ष शतरंज संस्था ने 'एक्स' पर लिखा कि विश्व के तीसरे नंबर के अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने भी टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की है। फिडे ने बताया, 26 से 31 दिसंबर तक दुनिया के 300 से ज़्यादा बेहतरीन खिलाड़ी न्यूयॉर्क शहर में 1.5 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के अलावा, दुनिया भर के कुछ बड़े नामों में पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन, फैबियानो कारूआना, वेस्ले सो और लेवोन एरोनियन शामिल हैं।

यह आयोजन 26 से 28 दिसंबर तक रैपिड चैंपियनशिप के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 29 दिसंबर को एक दिन का विश्राम होगा।

# टी-20 में एक हफ्ते के अंदर ठोका दूसरा तेज शतक, इस बार उड़ाए 11 छक्के, खेली बस इतनी गेंद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के 26 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज उरविल पटेल ने सैयद मुश्तक अली टी-20 ट्रॉफी में एक हफ्ते के अंदर दूसरा धमाका किया है. उन्होंने टी-20 में एक और तेज शतक जड़ा है. भले ही इस शतक की आग और उसकी रफ्तार पिछले से थोड़ी कम रही हो. मगर उसका ये मतलब नहीं कि इसकी गिनती टी-20 में लगे सबसे तेज भारतीय शतकों में नहीं होगी. ये भारतीय बल्लेबाजों के बल्ले से निकले सबसे तेज टी-20 शतकों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं. कमाल की बात ये है कि इस लिस्ट के सरताज भी उरविल ही हैं. उरविल पटेल ने इस बार शतक उत्तराखंड के खिलाफ खेले मैच में लगाया.

## 3 दिसंबर को जड़ा 36 गेंदों पर शतक

अब सवाल है कि उरविल पटेल ने शतक ठोका कितनी गेंदों पर? हफ्ते भर के अंदर अपने करियर के दूसरे और तूफानी टी-20 शतक की स्क्रिप्ट उरविल पटेल ने सिर्फ 36 गेंदों पर लिखी.



इसी के साथ उन्होंने युसूफ पठान का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा. युसूफ पठान ने साल 2010 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 37 गेंदों पर शतक जड़ा था.

## 36 गेंदों पर शतक, 41 गेंदों में 115* रन, गुजरात की जीत

उत्तराखंड के खिलाफ उरविल की कुल इनिंग 41 गेंदों की रही, जिसमें उन्होंने 280.49 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की. उरविल ने इस दौरान 11 छक्के और 8 चौके जमाते हुए नाबाद 115 रन बनाए. उरविल के इस दमदार परफॉर्मेन्स की बदौलत गुजरात ने उत्तराखंड से मिले 20 ओवर में 183 रन के लक्ष्य को सिर्फ 13.1 ओवर में हासिल कर लिया और 8 विकेट से मुकाबला जीता.

## 27 नवंबर को 28 गेंदों पर जमाया था टी-20 शतक

सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में इससे पहले उरविल पटेल ने 28 गेंदों पर शतक जमाया था. त्रिपुरा के खिलाफ जमाया वो शतक टी-20 में किसी भी भारतीय बल्लेबाज के बल्ले से निकला सबसे तेज शतक है. उस शतक को जमाते हुए उरविल ने ऋषभ पंत के 32 गेंदों का रिकॉर्ड तोड़ा था. इतना ही नहीं उनसे वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटने से भी बाल-बाल बचा था. सबसे तेज टी-20 शतक ठोकने का वर्ल्ड रिकॉर्ड इस्तोनिया के साहिल चौहान के नाम है, जिन्होंने साइप्रस के खिलाफ 27 गेंदों पर ये कमाल किया था.

# KKR से 23.75 करोड़ मिलने के बाद गजब खेल रहे वेंकटेश अय्यर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा. इस आईपीएल 2025 में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ियों में एक हो गए. इस रकम की भरपाई आईपीएल के मैदान पर वेंकटेश अय्यर कितनी करते हैं, ये तो समय बताएगा.

लेकिन सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में उन्हें मिले पैसे का असर दिखने लगा है. वेंकटेश अय्यर पर जबसे केकेआर ने 23,75 करोड़ लुटाए हैं, वो गेंदबाजों से ज्यादा आउट ही नहीं हो रहे. आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ की रकम मिलने के बाद वेंकटेश अय्यर ने सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में 5 पारियां खेली हैं, जिसमे से 3 में वो नाबाद रहे हैं. मतलब गेंदबाजों पर उनका पलड़ा 4-1 से भारी रहा है. इतना ही नहीं बल्ले से धांय-धांय रन ठोकने के अलावा उन्होंने उन 5 मैचों में विकेट भी चटकाए हैं.

# आईपीएल में पर्पल कैप जीतने वाले ने नेपाल प्रीमियर लीग में मचाई तबाही

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के स्टैंडर्ड का पता उसमें खेल चुके खिलाड़ी के नेपाल प्रीमियर लीग में किए प्रदर्शन से पता चलता है, जहां अपना पहला मैच खेलते हुए ही वो छा गया. अकेले ही विरोधी टीम पर भारी पड़ गया. शिखर धवन भी जिस लीग में खेल रहे हैं, वहां उसने 21 रन देकर तबाही मचाने का काम किया है. हम बात कर रहे हैं आईपीएल में पर्पल कैप जीत चुके गेंदबाज सोहेल तनवीर की. पाकिस्तान के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने आईपीएल के पहले सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेकर पर्पल कैप जीता था.

**गेंद से तनवीर ने मचाया गदर**

सोहेल तनवीर फिलहाल चर्चा में हैं, नेपाल प्रीमियर लीग में की अपनी घातक गेंदबाजी को लेकर. उन्होंने वहां 2 दिसंबर को खेले मुकाबले में खलबली मचा दी. मुकाबला काठमांडू गोरखाज और चितवान राइनोज के बीच था. इस मैच में तनवीर चितवान राइनोज का हिस्सा थे.



मैच में काठमांडू गोरखाज पहले बैटिंग करने उतरी, जिस पर चितवान राइनोज के सोहेल तनवीर की गेंदों का कहर जमकर बरपा.

**टॉप से लोअर ऑर्डर तक के विकेट उखाड़े, दिए 21 रन!**

सोहेल तनवीर, काठमांडू गोरखाज के टॉप से लेकर लोअर ऑर्डर तक को अकेले ही बेहाल करते दिखे. उन्होंने 4 ओवर में 21 रन देकर 5 विकेट लिए, जिसमें से 2 विकेट चितवान राइनोज को टॉप ऑर्डर के रहे, 1 मिडिल ऑर्डर का और बाकी के 2 विकेट लोअर ऑर्डर के . इस तरह उनके आतंक से चितवान राइनोज की बल्लेबाजी का कोई भी क्रम बच नहीं सका.

**चितवान राइनोज ने जीता मैच, तनवीर प्लेयर ऑफ द मैच बने**

आईपीएल में पर्पल कैप विनर रहे सोहेल तनवीर ने नेपाल प्रीमियर लीग में जो घातक गेंदबाजी की, उसका असर ये हुआ कि काठमांडू गोरखाज की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर सिर्फ 111 रन ही बना सकी. चितवान राइनोज के सामने अब 112 रन का लक्ष्य था, जिसे उसने 17 गेंद शेष रहते 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया. सोहेल तनवीर चितवान राइनोज की जीत के हीरो रहे.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### आईजीआईएमएस में मना विश्व दिव्यांग दिवस

**पटना (नि. सं.)।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आईजीआरइ्एमएस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम 'एक समावेशी और मजबूत भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व का बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो बिन्दे कुमार, डीडीए प्रो विभूति ,मेंडिकल सुप्रीटेंडेंट प्रो मनीष मंडल, डीन प्रो राजेश तिवारी, आदि ने मिलकर किया। निदेशक प्रो बिन्दे कुमार ने चलचित्र को समाज में सन्देश देने का प्रभावशाली तरीका बताया। कार्यक्रम में कई विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### कोहरे का असर : पटना जंक्शन पर नौ ट्रेनों देरी से आईं

**पटना (नि. सं.)।** कोहरे की वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों को परेशान कर रही है। मंगलवार को पटना जंक्शन की नौ ट्रेनें देरी से आईं। इनमें हरिद्वार हावड़ा 40 मिनट, मगध एक्सप्रेस 50 मिनट, गरीब रथ दो घंटे, पटना नई दिल्ली क्लोन स्पेशल, विक्रमशिला एक घंटे 20 मिनट, श्रमजीवी एक्सप्रेस 50 मिनट, उधना बरौनी स्पेशल 25 मिनट, ब्रह्मपुत्र मेल 40 मिनट, गरीब रथ 40 मिनट की देरी से आई। इन चार विमानों की रही लेटलतीफी : 6ई2425 दिल्ली पटना 36 मिनट की देरी से आई। 6ई6451 बेंगलुरु पटना 18 मिनट 6ई5173 मुंबई पटना 45 मिनट और 6ई5008 और दिल्ली पटना दस मिनट की देरी से आई।

### फेस्टिवल ऑफ गिफ्ट्स के अंतिम विजेताओं को मिला स्मार्टफोन

**पटना (नि. सं.)।** मंगलवार को 'फेस्टिवल ऑफ गिफ्ट्स के आखिरी राफेल में निकले विजेताओं को स्मार्टफोन दिया गया। बुद्ध मार्ग स्थित हिन्दुस्तान कार्यालय में विजेताओं को मीडिया मार्केटिंग के रिजनल रेवेन्यू हेड इंद्रजीत ने स्मार्टफोन देकर पुरस्कृत किया। इसमें 1,25,28,29,30,31 अक्टूबर के विजेता थे। इन विजेताओं में दिलीप कुमार, गोविंद कुमार, चंचल कुमारी, सहलेश कुमार, मो सरफराज आलम, उत्कर्ष आनंद, मनीषा भारती, रवि कुमार, ईशा जैन, जीतेंद्र कुमार महतो शामिल थे। दिलीप कुमार और रवि कुमार ने बताया कि हमारे पहले प्रयास में ही हमने स्मार्टफोन जीता है। विजेताओं ने संयुक्त रूप से ये स्वीकार किया कि हिन्दुस्तान में उन्हें करियर से संबंधित खबर, अनोखी, और खेल की खबरें बाकि अखबारों से अलग होती हैं। मो सरफराज आलम ने कहा कि हिन्दुस्तान की करियर, बिजनेस, युवा एवं देश- विदेश की खबरें देखने लायक होती हैं। गोविंद सिंह ने कहा कि हिन्दुस्तान मतलब भरोसा। प्रचारों के लिए भी हिन्दुस्तान बहुत कारगर साबित होती है। जीतेंद्र कुमार महतो ने कहा कि इसमें सारी खबरें निष्पक्ष होती हैं। इंद्रजीत ने बताया कि इस स्कीम को चलाने के पीछे का मकसद पुराने पाठकों के साथ जुड़ाव बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि पाठकों के बीच उमंग और दिलचस्पी बनी रहे इसलिए हम समय- समय पर ऐसे खेल आयोजित करते रहते हैं।

### पटना के कंकड़बाग में महिला से छिनतई

**पटना (नि. सं.)।** पटना के कंकड़बाग इलाके में एक महिला से छिनतई हुई है। बाइक सवार बदमाशों ने गले से सोने का चेन छिन लिया। पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पीड़िता निधि श्रीवास्तव ने बताया कि मैं अपनी बेटी के साथ स्कूल से पैदल ही घर लौट रही थी। इस बीच शिवाजी पार्क के पास बाइक सवार 2 लोग पहुंचे और डॉक्टर्स कॉलोनी पता पूछने लगे। मैं कुछ समझ पाती, उससे पहले ही गले से सोने के चेन झपट लिया। शोर मचाने से पहले मौके से फरार हो गए। वहीं, कंकड़बाग थानाध्यक्ष नीरज ठाकुर ने बताया कि महिला ने आवेदन दिया है। मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। कुछ बाइक के नंबर को चिन्हित किया गया है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# मानसिक विक्षिप्त किशोर का तीन दिनों बाद कुएं से शव बरामद, परिजनों में मचा कोहराम

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



जिले के देव थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक किशोर का शव कुएं से बरामद हुआ है। यह किशोर तीन दिन पहले अचानक अपने घर से लापता हो गया था। मृतक किशोर की पहचान बहुआरा गांव टोला भुइयां बिगहा निवासी सुदर्शन रिकीयासन के पुत्र विपिन कुमार (13) के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि विपिन मानसिक विक्षिप्त था, और इसी कारण वह घर से बाहर चला गया था। तीन दिन पहले यानी शुक्रवार को विपिन घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा। शाम का समय था, जब उसकी माँ-बाप को चिंता होने लगी। वह घर के आसपास, रिश्तेदारों और दोस्तों के यहां तलाश करने लगे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। यह स्थिति उस वक्त और गंभीर हो गई जब दिनभर की खोजबीन के बावजूद उसका कुछ भी पता नहीं चला। इसके बाद परिवारवाले काफी परेशान हो गए और इस मुद्दे को लेकर स्थानीय पुलिस से भी संपर्क किया गया। सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीण बधार की ओर गए थे। जब वह वहां पहुंचे, तो उन्होंने एक पुराने कुएं में शव देखा। यह कुआं लगभग 20 फीट गहरा था, और इसके अंदर विपिन का शव पड़ा हुआ था। शव की स्थिति देखकर ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना मृतक के परिजनों और पुलिस को दी।

**पुलिस का कार्रवाई**

सूचना मिलने के बाद देव थाना की पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकाला। शव को कब्जे में लेने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा। शव के पोस्टमार्टम के बाद सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई, और शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस अवर निरीक्षक नीतू कुमारी ने बताया कि इस मामले में सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद इस मामले में आगे की जांच शुरू कर दी जाएगी।

विपिन के शव की बरामदगी के बाद उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। विपिन के पिता ने कहा कि उनका बेटा मानसिक रूप से कमजोर था, लेकिन वह हमेशा अपने घर के पास ही रहता था। इस हादसे के बाद परिवार के लोग सदमे में हैं और उनका कोई भी कहना सुनने की हालत में नहीं हैं। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक विपिन का अंतिम संस्कार पूरे पारंपरिक तरीके से किया गया। गांव में मौजूद सभी लोग इस शोकपूर्ण माहौल में शामिल हुए। वहीं, पुलिस ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके और आगे ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए हर संभव उपाय किए जा सकें। पुलिस अब इस मामले में जांच कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर विपिन कुएं में कैसे गिरा। अगर कोई संदिग्ध पहलू सामने आता है, तो पुलिस सख्ती से उस पर कार्यवाही करेगी।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | कुटुंबा ( औरंगाबाद)



जिले से आई है, जहां जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वाधान में मंगलवार को प्रखंड कुटुंबा के रिश्यप गांव में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला सुपरवाइजर ने सक्रिय भूमिका निभाई और ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चियों को जागरूक करने के लिए अनेक पहल की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया गया। इसके तहत यदि लड़की की आयु 18 वर्ष से कम और लड़के की आयु 21 वर्ष से कम है, तो इसे बाल विवाह माना जाएगा। इस कानून के तहत 2 साल की सजा या 1 लाख रुपए तक जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। महिलाओं और बच्चियों को बताया गया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न गंभीर अपराध है। उन्हें बताया गया कि ऐसी घटनाओं की शिकायत संबंधित कार्यालय की आंतरिक समिति में की जा सकती है। इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित शी-बॉक्स पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कार्यक्रम में महिला हेल्पलाइन टोल-फ्री नंबर 181 की जानकारी दी गई, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिलाएं तुरंत मदद ले सकें। साथ ही, जिला हब कार्यालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली और इसे समाप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर यह सुनिश्चित किया गया कि वे खुद और अपने परिवार के लिए सही निर्णय ले सकें। यह पहल औरंगाबाद में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास निगम का यह प्रयास ग्रामीण इलाकों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने में मददगार साबित होगा।

# बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय पर बढ़ते हमलों के खिलाफ प्रबुद्ध नागरिकों का विरोध, सरकार से कार्रवाई की मांग

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




विगत कई महीनों से बांग्लादेश में व्याप्त अशांति और वहां के हिंदू समाज पर हो रहे हमलों को लेकर भारतीय समाज में गहरी चिंता है। पहले छात्र आंदोलन के नाम पर शेख हसीना सरकार को सत्ता से हटाने का प्रयास किया गया, जिसके बाद इस आंदोलन का रूप हिंसा में बदल गया। हिंसा के चलते हिंदू मंदिरों पर हमले हुए, हिंदू समुदाय की संपत्तियां लूटी गईं और उन्हें उनके घरों से बेघर कर दिया गया। समय के साथ-साथ इस सिलसिले में तेजी आई है, जिससे बांग्लादेश में हिंदू समाज की स्थिति दयनीय होती जा रही है। इसी गंभीर मुद्दे पर राष्ट्रीय भारतीय समाज, औरंगाबाद के प्रबुद्ध नागरिकों ने एकजुट होकर इस असंविधानिक हिंसा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को शहर के ब्लॉक मोड़ पर धरना और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस धरने में औरंगाबाद के विभिन्न हिंदू संगठनों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने भारत सरकार से यह मांग की कि वह बांग्लादेश की सरकार पर दबाव बनाकर इस हिंसा को रोकने के लिए कदम उठाए और इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र संघ में उठाए, ताकि बांग्लादेश का हिंदू समाज सुरक्षित रूप से शांति पूर्वक जीवन व्यतीत कर सके।

धरना स्थल पर आयोजित सभा में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सभा का उद्घाटन उमाशंकर पोदार ने किया, जिन्होंने भारत सरकार से अपील की कि बांग्लादेश में शांति स्थापित करने के लिए वे कदम उठाएं। शिक्षाविद् डॉ. संजीव रंजन ने कहा कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति का बयान खुद इंदिरा गांधी भी नहीं कर सकती थीं। इसके बाद इस्कॉन के अभय अच्युतानंद दास, पतंजलि से विनोद कुमार, सुजीत कुमार सिंह, विकास कश्यप, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी और सतीश कुमार सिंह जैसे अनेक वक्ताओं ने बांग्लादेश में हो रही घटनाओं का विरोध किया और वहां के हिंदू समाज की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। मंच संचालन सुधीर कुमार सिंह ने किया। अंत में, सभी लोग धरना स्थल से पैदल मार्च करते हुए धर्मशाला मोड़ तक गए, फिर वापस लौट कर रमेश चौक पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने बांग्लादेश के प्रति अपना रोष प्रकट किया।

# अपहरण के मामले में चार अभियुक्तों को कोर्ट ने दिया दोषी करार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे)-5 उमेश प्रसाद की अदालत ने मंगलवार को जम्होर थाना कांड संख्या-101/95 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए चार अभियुक्तों को हत्या के इरादे से अपहरण के आरोप में दोषी ठहराया। एपीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि अभियुक्त रामवचन पाल, अनील सिंह, राजेश पासवान और मुनारिक राम को भारतीय दंड संहिता (भादंवि) की धारा 364 ए के तहत कोर्ट ने दोषी करार दिया है। सज़ा के बिंदु पर कोर्ट द्वारा 10 दिसंबर को सुनवाई की जाएगी। इस मामले के अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले की प्राथमिकी गुप्तेश्वर सिंह द्वारा 24 जुलाई 1995 को दर्ज कराई गई थी। गुप्तेश्वर सिंह ने शिकायत में बताया था कि महथु में स्थित ईट-भट्ठे का देखभाल उसका लड़का उमेश कुमार करता था। एक दिन, एक आदमी ने आकर कहा कि ओबरा थाना के छोटा बाबू ने उन्हें बुलाया है। गुप्तेश्वर सिंह अपने लड़के के साथ सरसौली पहुंचे, तभी एक जीप पीछे से आई और अभियुक्तों ने उन्हें पकड़ लिया। अभियुक्तों ने गुप्तेश्वर सिंह और उमेश कुमार को मारपीट करते हुए यह धमकी दी कि 24 घंटे के भीतर पचास हजार रुपए नहीं दिए गए तो उमेश कुमार की मौत के जिम्मेदार गुप्तेश्वर सिंह होंगे। इस घटना के बाद गुप्तेश्वर सिंह ने ओबरा थाना के दरोगा अरविंद कुमार को इसकी जानकारी दी।

अधिवक्ता ने आगे बताया कि कोर्ट ने सभी अभियुक्तों को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया है। इस मामले के एक अभियुक्त, कपूर धोबी, जो देवरियां निवासी था, की मृत्यु हो चुकी है और एक अन्य अभियुक्त रामवचन सिंह का वाद पृथक रूप से चल रहा है। कोर्ट द्वारा सुनवाई के दौरान अभियुक्तों को दोषी ठहराए जाने के बाद, अब 10 दिसंबर को सज़ा का निर्धारण किया जाएगा।

# नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने पर कोर्ट ने सुनाई सजा




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पॉक्सो कोर्ट लक्ष्मीकांत मिश्रा ने हसपुरा थाना कांड संख्या- 137/20 में सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त दिनेश ठाकुर हसपुरा को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को भादंवि धारा 354ए और 08 पोक्सो एक्ट में तीन-तीन साल की सजा सुनाई गई है। तीन-तीन हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। दोनों सजाएं साथ–साथ चलेगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक पीड़िता के पिता ने 01/07/20 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें अभियुक्त पर आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने उसके घर में घुसकर नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ किया था।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनी



निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

रफीगंज के अब्दुलपुर स्थित संजय सिंह यादव महाविद्यालय में देश रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। जयंती समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह यादव, प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार मिश्रा, प्रबंध समिति के सदस्य सत्येंद्र यादव एवं प्राध्यापक रामाशीष यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ राजेंद्र प्रसाद की चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह यादव ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी सरलता, सादगी और विनम्रता उन्हें पहचान दिलाती है। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार मिश्रा ने उनकी प्रसिद्ध पुस्तक इंडिया डिवाइडेड की समीक्षा प्रस्तुत की और उनकी अन्य पुस्तक यथा हिस्ट्री आफ चंपारण, सत्याग्रह एक्ट चंपारण, बापू के कदमों में बाबू आदि का नाम गिनाया। सत्येंद्र यादव ने छात्र-छात्राओं की विशेष शुभकामनाएं दी। रामाशीष यादव ने छात्रों को उनके जीवन से सरलता और विनम्रता से सीख लेने को कहा। इस अवसर पर प्रो. अभिनव यादव, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. उमेश कुमार, प्रो. विनय कुमार, अजय कुमार, आरुष कृष्णाउत, अमन कुमार, आकाश कुमार, शशि रंजन कुमार, शिक्षकेतर कर्मचारी छात्र तौसीफ राजा, विक्रम आदित्य, सुमैया फातिमा, नरगिस परवीन, नजीफा, हिमांशु कुमार एवं अन्य लोगो ने हिस्सा लिया।

# जज बने दो युवकों को एलजेपीआर के प्रदेश उपाध्यक्ष व महासचिव ने किया सम्मानित



निज संवाददाता | मदानपुर (औरंगाबाद)

32वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सिविल कोर्ट के न्यायाधीश बनने वाले मदनपुर प्रखंड के शिवगंज निवासी आदर्श कुमार गुप्ता और अनुपम कुमार को लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा और प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने उनके घर जाकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। नेताओं ने दोनों के परिवारों को इस सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. प्रकाश चंद्रा और प्रमोद सिंह ने कहा कि आप दोनों के कठिन परिश्रम और समर्पण ने न केवल आपके परिवार, बल्कि पूरे गांव और समाज को गर्वित किया है। आप दोनों का काम ईमानदारी और निष्ठा के साथ हमेशा यही मार्गदर्शन करेगा। इस मौके पर लोजपा (रामविलास) के कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस उपलब्धि को साझा किया और दोनों की सफलता को उत्साह के साथ सराहा।

# दिव्यांगजनों के लिए सम्मान और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद )




जिले के बारुण स्थित बुनियाद केंद्र में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वरीय उपसमाहर्ता आलोक कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सहायक निदेशक अमृत कुमार ओझा, और जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक महेशानंद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस विशेष अवसर पर बुनियाद केंद्र के जिला प्रबंधक धर्मपाल, लेखापाल अमित गुप्ता, और तकनीकी कर्मी मोहन राम, सुनील कुमार, सुप्रिया कुमारी, प्रियंका कुमारी, तथा रविरंजन कुमार की सहभागिता रही। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन संघ और अन्य स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य भी शामिल हुए। समारोह में सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और बुनियाद केंद्र की सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान, समाज में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता लाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इससे पहले 2 दिसंबर 2024 को दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें खेलकूद, चित्रकला, गायन, लेखन, और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं शामिल थीं। विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना था। इस अवसर पर 50 उत्कृष्ट दिव्यांगजनों और उनके हितार्थ काम करने वाले स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, और उन्हें सशक्त बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को योगदान देना चाहिए। इस आयोजन ने न केवल दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित किया, बल्कि उनके लिए कार्य कर रही संस्थाओं को भी नई ऊर्जा प्रदान की। यह कार्यक्रम जिले में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसने उनकी जरूरतों और समाज के प्रति उनके अधिकारों पर ध्यान केंद्रित किया।

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिले ने जीते दो पुरस्कार, प्रतिभाओं ने बढ़ाया मान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

30 नवंबर से 2 दिसंबर तक बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग के तत्वाधान में राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में औरंगाबाद जिले के 42 प्रतिभागियों का दल पूरे उत्साह के साथ शामिल हुआ और जिले के लिए दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर लौटा। इस आयोजन में औरंगाबाद जिला ने विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता और समूह गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में रफीगंज के इंजीनियरिंग कॉलेज अरथुआ के छात्रों ने एक उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया, जिसने निर्णायक मंडलों को प्रभावित किया। वहीं, समूह गायन में औरंगाबाद के दानीका संगीत संस्थान के प्रतिभागियों ने अपने सुर और ताल से दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीत लिया। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पु राज ने बताया कि औरंगाबाद जिला हर वर्ष जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन करता है, जहां विभिन्न विधाओं के विजेताओं को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर दिया जाता है। इस वर्ष भी जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों ने राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। लखीसराय में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव के समापन सत्र में बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं कला संस्कृति विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस सम्मान से औरंगाबाद के प्रतिभागियों का उत्साह और अधिक बढ़ गया है।

# टंडवा में दो दिवसीय पुनपुन महोत्सव का आयोजन 18-19 दिसम्बर को, तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

निज संवाददात | नबीनगर(औरंगाबाद)

नबीनगर के टंडवा में पुनपुन महोत्सव 2024 के आयोजन को लेकर मंगलवार को आयोजन समिति की बैठक टंडवा सूर्य मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नबीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जदयू नेता व सूर्य राघव महोत्सव आयोजन समिति, बड़ेम के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने भाग लिया। बैठक में पुनपुन महोत्सव के आयोजन के लिए पहले से तय तिथि को आगे बढ़ाते हुए 18-19 दिसंबर तय किया गया। महोत्सव के कार्यक्रम के दौरान पुनपुन की महाआरती, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, कबड्डी, रंगोली, पेंटिंग, स्थानीय कलाकारों एवं बाहरी कलाकारों का कार्यक्रम आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि 18 दिसंबर को बाहर के ख्याति प्राप्त एवं नामचीन कलाकारों का कार्यक्रम आयोजित होगा जबकि 19 दिसंबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।सम्मान समारोह में पुनपुन महोत्सव को सरकारी महोत्सव का दर्जा दिलाने में सहयोग के लिए उप मुख्यमंत्री सह कला-संस्कृति मंत्री विजय कुमार सिंहा, औरंगाबाद के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, कुटुम्बा के विधायक राजेश कुमार, औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा, विधान पार्षद दिलीप सिंह, नबीनगर के प्रमुख, उप प्रमुख, क्षेत्रीय त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिले में आयोजित होने वाले सभी महोत्सव के आयोजन समिति के अध्यक्षों, पुनपुन महोत्सव को सरकारी दर्जा दिलाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों को समानित करने निर्णय लिया गया। बैठक में आयोजन समिति के सचिव राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि पुनपुन महोत्सव के आयोजन में आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी बढ़ चढ़ कर सुंदर व्यवस्था करेंगे। बैठक में आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद, सदस्य अरविंद पासवान, जय कुंदन सिंह, विवेक राज, अमरनाथ गुप्ता, राजेंद्र पासवान, विनोद सोनी, एसपी मेहता, अंजन ठाकुर, अजीत तिवारी, निलेश कुमार एवं सत्यनारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने की समीक्षा बैठक आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मुख्यमंत्री की आगामी बिहार यात्रा को ध्यान में रखते हुए की गई, जो 15 दिसंबर से शुरू होने वाली है। बैठक में यात्रा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के अंतर्गत चयनित गांवों की वर्तमान स्थिति और सुधार के लिए की जाने वाली आवश्यक तैयारियों पर गहन मंथन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान जिले को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया जा सके और उनकी यात्रा को सुगम बनाया जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के विभिन्न प्रशासनिक और तकनीकी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। इनमें अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर संतोष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, एएसपी अभियान, सभी वरीय उप समाहर्ता, सभी कार्यपालक अभियंता, सीओ, औरंगाबाद बीडीओ सहित अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को मुख्यमंत्री के आगमन से पहले चयनित गांवों में विकासात्मक कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। सड़कों की मरम्मत, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं और सुरक्षा प्रबंधों पर विशेष जोर दिया गया।

# सरकारी स्कूलों में अब वीकली होगा टेस्ट, सेंटअप परीक्षा में कोई बदलाव नहीं

निज संवाददाता | पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में एग्जाम सिस्टम में बदलाव किया है। जनवरी 2025 से मंथली एग्जाम नहीं लिए जाएंगे। साथ ही कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों का अब वीकली टेस्ट लिया जाएगा। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। शिक्षा विभाग ने जारी आदेश में लिखा, 'बिहार सरकार ने सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में क्लास 1 टू 12 तक परीक्षा सिस्टम में बदलाव किया है। मंथली एग्जाम को खत्म कर दिया गया है। कैलेंडर वर्ष 2025 से त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा ली जाएगी। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र क्लास 1 से 8वीं तक की परीक्षा लेगी। इसके लिए टाइम टेबल जारी किया जाएगा। 9वीं से 12वीं की परीक्षाओं का आयोजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति करेगी। हर सोमवार को छात्रों का टेस्ट लिया जाएगा। छुट्टी रहने पर अगले कार्य दिवस में साप्ताहिक परीक्षा ली जाएगी। यह इंटरनल असेसमेंट के तहत होगा। रिजल्ट छात्रों और अभिभावकों के साथ साझा किया जाएगा। 9वीं से 12वीं तक सेंटअप एग्जाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका आयोजन पहले की तरह ही होगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# जिला नियंत्रण कक्ष से रोज होगी जलापूर्ति योजनाओं की निगरानी

निज संवाददाता | पटना



राज्य की सभी जलापूर्ति योजनाओं की निगरानी अब रोजाना जिला स्तर पर होगी। इसके अलावा अब संवेदक भी अपने अधीन पंप ऑपरेटर से योजनाओं की क्रियाशीलता की जानकारी रोजाना लेंगे। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग(पीएचईडी) मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने मंगलवार को जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने राज्य स्तर पर भी निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला और राज्य स्तर पर रोजाना कम से कम 50-50 पंप ऑपरेटर से संपर्क कर योजनाओं की स्थिति की जानकारी लेने को कहा। योजनाओं में दिक्कत रहने पर केन्द्रीय शिकायत निवारण प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज करने को कहा। उन्होंने शिकायत निवारण प्रकोष्ठ में आने वाले मामले की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने बताया कि जल आपूर्ति योजनाओं को शत प्रतिशत चालू करने का लक्ष्य है। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर निगरानी की जा रही है। जीरो ऑफिस डे अभियान के तहत पहले से ही क्षेत्रीय अधिकारी योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। नई व्यवस्था से जल आपूर्ति योजनाओं की निगरानी को और भी बल मिलेगा।